वर्ष : 17 अंक : 261 लखनऊ मंगलवार, 30 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

नगर संस्करण **

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 5:46
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4



'या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।'

माता सिद्धिदात्री

महाराष्ट्र में रिस्ट्रक्चरिंग के विरोध में बिजली... 2 | गृहमंत्री अमित शाह का जम्मू कश्मीर... 6 | पीएम के पंच प्रण ही विकसित... 12



## ट्रंप का नया धमाका : अब फिल्मों पर लगा दिया 100 % टैरिफ

### भारत फिल्म उद्योग पर भी पड़ेगा असर

**एजेंसी**

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को पूरी दुनिया को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने अमेरिका के बाहर निर्मित फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। माना जा रहा है कि डोनाल्ट ट्रंप के इस फैसले से भारत में बनी फिल्मों पर भी असर पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट साझा करते हुए घोषणा की कि विदेशों में निर्मित सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि हमारा फिल्म उद्योग अन्य देशों द्वारा अमेरिका से ठग लिया गया है, ठीक उसी तरह जैसे किसी बच्चे से उसकी कैंडी छीन ली जाती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कैलिफोर्निया अपने कमजोर और अक्षम गवर्नर के कारण इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। इसलिए लंबे समय से चली आ रही अनसुलझी समस्या का समाधान करने के उद्देश्य से मैं विदेशों में बनी सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लागू करूंगा।

इसके ठीक बाद एक अन्य पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि उत्तरी कैरोलिना, जिसने अपना फर्नीचर उद्योग को चीन और अन्य देशों के हवाले कर पूरी तरह गंवा दिया है, उसे फिर से महान बनाने के उद्देश्य से मैं उन सभी देशों पर टैरिफ लगाऊंगा जो अमेरिका में अपना फर्नीचर उत्पादन नहीं करते। उन्होंने आगे कहा कि इसके बारे अधिक जानकारी बाद में दिया जाएगा।

यह घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति की 26 सितंबर की उस पूर्व घोषणा के बाद जारी की गई है, जिसमें उन्होंने ऐलान किया था कि उनका प्रशासन 1 अक्टूबर 2025 से ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएगा, जब तक कि दवा कंपनियां अमेरिका में अपना उत्पादन संयंत्र न स्थापित कर लें।

बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में भारतीय फिल्मों का कारोबार लगभग 20 मिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। अगर भारतीय फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया जाता है, तो इसका असर भारतीय फिल्म उद्योग पर पड़ेगा। गौरतलब है कि कोरोना महामारी से पहले अमेरिका में भारतीय फिल्म बाजार मात्र 8 मिलियन डॉलर का था, लेकिन महामारी के समाप्त होने के बाद यह तेजी से बढ़कर करीब 20 मिलियन डॉलर हो गया।

ट्रम्प ने इससे पहले मई में विदेशी फिल्मों पर टैरिफ लगाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री तेजी से मर रही है क्योंकि दूसरे देश लुभावने ऑफर देकर अमेरिकी फिल्म निर्माताओं को अपने देशों में खींच रहे हैं। अमेरिका में फिल्मों के प्रोडक्शन में लगातार गिरावट आ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में 2021 के मुकाबले 2023 तक फिल्म प्रोडक्शन में 26% की गिरावट आई हैं। इसकी वजह से लॉस एंजिलिस शहर के हालात और भी खराब हैं।

फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े संगठन मोशन पिक्चर एसोसिएशन के मुताबिक 2023 में अमेरिकी फिल्मों ने दुनिया भर में सिर्फ 22.6 अरब डॉलर की कमाई की है।

# नवाचार, आय सृजन से ही निकाय होंगे आत्मनिर्भर

## शहरी विकास पर मुख्यमंत्री योगी का जोर, सीएम ने प्रतिनिधियों से ली प्रयासों की जानकारी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विकसित यूपी@2047 संवाद कार्यक्रम का माहौल उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहा। नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने-अपने नगर में हुए बदलाव और विकास की कहानियाँ साझा कीं। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से न केवल उनके प्रयासों को सुना बल्कि उनसे यह भी पूछा कि उन्होंने अपने नगरों में कौन से नवाचार अपनाए हैं और आय सृजन के लिए क्या नए माध्यम खोजे हैं। उन्होंने कहा कि यही प्रयास भविष्य के आत्मनिर्भर और आधुनिक उत्तर प्रदेश की नींव बनेंगे।

अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कर-करेत्तर आय में अभूतपूर्व वृद्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु और पर्यटक नगर में आते हैं और निगम उन्हें स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना की चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि अयोध्या नगर निगम महापौरों का सम्मेलन आयोजित करे, ताकि यहाँ



सोमवार को को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश के समस्त महापौर, नगर निगम के सभासद, नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत सदस्यों के साथ विकसित उत्तर प्रदेश-2047 पर वर्चुअल संवाद करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

का विकास मॉडल अन्य निकायों को भी मार्गदर्शन दे।

इसी क्रम में फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर ने बताया कि नगर निगम की आय 18 करोड़ से बढ़कर 40 करोड़ वार्षिक हो गई है और निगम द्वारा बनाया जा रहा मॉल स्थायी आय बढ़ाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने इसे सराहनीय प्रयास बताते हुए पूरी कार्यकारिणी को बधाई दी।

झांसी के महापौर बिहारी लाल आर्य ने कहा कि बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, डिफेंस कॉरिडोर नोड और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे जैसे प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री के विशेष स्नेह का परिणाम हैं। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में झांसी की राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान की उपलब्धि, ठोस व तरल अपशिष्ट निस्तारण के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि निगम की आय तीन वर्षों में 25 करोड़ से बढ़कर 80 करोड़ हो गई है और इसे 100 करोड़ तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

गाजियाबाद के मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने स्थानीय आय वृद्धि और खाली भूमि के सदुपयोग पर सुझाव रखते हुए मार्गदर्शन माँगा। वहीं, मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि नगर पालिका की आय 5.89 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ हो गई है और यहाँ डिजिटल सेवाओं के साथ नागरिकों को मुफ्त वाई-फाई भी उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने यहाँ माँ विंध्यवासिनी धाम के पास मल्टीलेवल पार्किंग और यात्री विश्राम स्थल के निर्माण का सुझाव दिया।

देवरिया की अध्यक्ष अलका सिंह ने स्थानीय विकास कार्यों का ब्यौरा दिया, जिस पर मुख्यमंत्री ने खाली भूमि पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसी तरह सुल्तानपुर के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जिला मुख्यालय वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने जा रही है।

मेरठ की फलौदा नगर पंचायत के अध्यक्ष अशोक सैनी ने बताया कि नगर पंचायत की आय 20 लाख से बढ़कर 44 लाख हो गई है। मुख्यमंत्री ने तकनीक और नवाचार आधारित योजनाएँ अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार नगर पालिका और नगर पंचायतों को भवन मानचित्र पास करने का अधिकार देने पर विचार कर रही है।

इस दौरान मथुरा की महावन नगर पंचायत की अध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि 10 हजार की आबादी वाली उनकी नगर पंचायत भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित यूपी अभियान का हिस्सा बन गर्व महसूस कर रही है।

प्रयागराज के महापौर उमेश गणेश केसरवानी ने बताया कि स्थानीय स्तर पर आईटी सिटी के विकास का संकल्प पारित किया गया है। उन्होंने 2.19 लाख पौधे लगाकर नया वन क्षेत्र सृजित करने और 'नए प्रयागराज' के निर्माण के प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में शिवालिक पार्क जैसे और हरित प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। संभल की बबराला नगर पंचायत के अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय और सहारनपुर की रामपुर मनिहारन नगर पंचायत की अध्यक्ष रेनू ने भी अपने क्षेत्रों के बदलाव साझा किए।

# राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी

## कांग्रेस ने शाह को लेटर लिखा, भाजपा प्रवक्ता ने टीवी पर कहा था- सीने में गोली मारी जायेगी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 28 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी, जिसमें पूर्व एबीवीपी नेता की टीवी पर बहस के दौरान राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने का जिक्र है। लेटर में कहा गया कि भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा।

वेणुगोपाल ने अमित शाह को लिखा- यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है। यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है। जो विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है। अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं। दरअसल, केरल में एक न्यूज चैनल पर लद्दाख हिंसा पर लाइव बहस चल रही थी। इस दौरान भाजपा की तरफ से बोलने आए पूर्व एबीवीपी नेता प्रिंटू महादेव ने कहा था कि राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी। इसी बयान पर केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि वे राहुल गांधी को खत्म करना चाहते हैं। भारत की लोकतांत्रिक जनता ऐसा नहीं होने देगी। वे किसी के सामने झुकते नहीं, क्योंकि वह सांप्रदायिकता और



फासीवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। वेणुगोपाल की चिट्ठी में पूछा गया है कि क्या आप खुलेआम आपराधिक धमकी, जान से मारने की धमकियों और हिंसा की राजनीति का समर्थन करते हैं जो भारत के सार्वजनिक जीवन में जहर घोल रही है? एक नेता, जिसने अपने परिवार के दो सदस्यों को हत्याओं में खो दिया, उसकी सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण करके यह सरकार आग से खेल रही है। अगर कोई एक्शन नहीं हुआ, तो विपक्ष के नेता के खिलाफ हिंसा को वैध और सामान्य बनाने का लाइसेंस देना, केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में आपकी शपथ का गंभीर उल्लंघन होगा।

राहुल गांधी इन दिनों में भारत में नहीं हैं। वे 4 दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा पर हैं। इस दौरान वे राजनीतिक नेताओं, छात्रों और व्यापारियों से बातचीत कर सकते हैं। कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने रविवार को यह जानकारी दी, लेकिन यह नहीं बताया कि गांधी किन देशों में रहेंगे। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि वे कितने दिनों के लिए देश से बाहर रहेंगे। हालांकि रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि वे ब्राजील-कोलंबिया जा सकते हैं। जहां वे कई देशों के राष्ट्रपतियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-अदालतें पीड़ितों की तकलीफ पर गौर करें

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हत्या आरोपियों को अग्रिम जमानत देने के फैसले पर पटना हाईकोर्ट को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करना जरूरी है, लेकिन अदालतें पीड़ितों की तकलीफ को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं।

सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी पटना हाईकोर्ट के मार्च 2024 के उस आदेश को रद्द करते हुए की, जिसमें एक महिला की हत्या के दो आरोपियों को अग्रिम जमानत दी गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट ने यह फैसला बहुत जल्दबाजी में किया और शिकायत करने वाले व्यक्ति को सुने बिना ही जमानत दे दी। कोर्ट ने इसे सही नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि आरोपी चार



» पटना हाई कोर्ट को सर्वोच्च न्यायलय ने लगायी फटकार

हफ्ते के भीतर सरेंडर करें और उसके बाद चाहें तो नियमित जमानत के लिए अर्जी लगा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि इस मामले में हाईकोर्ट ने मर्डर जैसे गंभीर अपराध को हल्के में लिया और बिना ठीक से वजह बताए जमानत दे दी। यह जमानत बिल्कुल भी सही नहीं थी, क्योंकि पीड़ित की पत्नी की हत्या दिनदहाड़े हुई थी।

# पिकअप डाला की टक्कर से पांच की मौत

## मरने वाले एक ही परिवार के, हादसे के चालक वाहन छोड़कर फरार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई।** हरदोई में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार की दर्दनाक मौत हो गई। मोटर साइकिल पर सवार एक ही परिवार के पांच लोगों को तेज गति में आ रहे पिकअप डाला ने कुचल दिया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर वहां से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार थाना टड़ियावां के ग्राम जिगनिया निवासी संतराम पुत्र सुंदरलाल अपनी पत्नी संगीता तथा मोनी,गौरी पुत्री संदीप तथा आशू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रिश्तेदारी में गांव भीठा जा रहे थे। तभी सुरसा तिराहे पर तेज गति में आ रहा है डाले ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी सदर सुशील मिश्रा तथा



क्षेत्राधिकारी अंकित मिश्रा मौके पर पहुंच गए। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक हरदोई बाबा मंदिर से मुंडन कराकर अपने रिश्तेदारी वापस जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया। फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक ही घर के पांच लोगों के मरने से मुंडन की खुशियां माता में बदल गई गांव में कोहराम मचा हुआ है।

## मैंने आज तक किसी ठेकेदार से एक पैसा नहीं लिया : गडकरी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण को लेकर अपने ऊपर लगे आरोपों पर सोमवार को कहा कि यह उनके फैसलों से नाखुश एक शक्तिशाली आयात 'लॉबी' का काम है। गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम में अपनी तुलना एक 'फलदार पेड़' से करते हुए कहा, 'मैं ऐसी आलोचनाओं का जवाब नहीं देता, क्योंकि ऐसा करने से यह खबर बन जाती है। जो पेड़ फल देता है, लोग उसी पर पत्थर फेंकते हैं। बेहतर है कि हम इस पर ध्यान न दें।'

गडकरी ने कहा कि उनकी नीति एथनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने, किसानों को ऊर्जा उत्पादक बनाने और प्रदूषण कम करने पर केंद्रित है। उन्होंने दावा किया कि पेट्रोल में एथेनॉल के मिश्रण की नीति से ईंधन आयात में निहित स्वार्थ रखने वालों



» पेट्रोल में एथनॉल मिलाने को लेकर बरसे परिवहन मंत्री

को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचा है। गडकरी ने कहा, 'कच्चे तेल के आयात से करीब 22 लाख करोड़ रुपये देश से बाहर जा रहे थे। कुछ लोगों के कारोबार इस फैसले से प्रभावित हुए और वे नाराज होकर मेरे खिलाफ पैसे देकर खबर चलवाने लगे।' उन्होंने कहा, 'मैंने आज तक किसी भी ठेकेदार से एक पैसा नहीं लिया है जिससे ठेकेदार मुझसे डरते हैं।'

## बड़े लोग आयेंगे तो मेरी इज्जत अफजाई होगी

### मैं तो छोटी सी गली में रहता हूं, अखिलेश पर आजम खां ने कसा तंज

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां के जेल से बाहर आने से पहले से ही तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से दूरी और बसपा से नजदीकियों को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। उन्होंने कई अटकलों और चर्चाओं को खारिज भी किया। लेकिन सोमवार को ऐसी बातें बोल दीं जिसने एक बार फिर नई अटकलों को जन्म दे दिया है। अखिलेश यादव आठ अक्तूबर को आजम खां से मिलने रामपुर आने का ऐलान कर चुके हैं। इसी सवाल पर आजम खां ने कहा कि इसकी जानकारी अखबारों से मिली है। हम तो एक छोटी सी गली में रहते हैं, जहां कई फीट पानी भर जाता है। बड़े लोग आएंगे तो अच्छा लगेगा, हर बड़े आदमी का स्वागत है। उन्होंने कहा कि बड़े आदमी मेरे घर



तशरीफ लाएंगे तो मेरी इज्जत अफजाई होगी।

इसके साथ ही जेल में धीमा जहर देने के सपा नेता शाहिद सिद्दीकी के दावों को भी आजम खां ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि शाहिद सिद्दीकी एक अच्छे नेता हैं। मुलाकात के दौरान हुई बातों को समझने में उन्हें गलतफहमी हुई है। आजम खां ने कहा कि जेल में जब टीवी और अखबारों से मुख्तार अंसारी के इंतकाल की खबर पता चली और जेल में उन्हें धीमा जहर देने की खबरें भी सुनीं तो मैं बहुत मुख्ताद (सतर्क) हो गया था। उसके बाद खाने-पीने में बेहद एहतियात बरतने लगा था।

सिद्दीकी ने दावा किया था कि आजम खां उसके बाद खुद खाना बनाने लगे थे। इस पर आजम खां ने कहा कि वह खुद खाना बनी ही नहीं सकते थे। उन्होंने कहा कि दोपहर में एक पतली रोटी और शाम को उसी रोटी का आधा हिस्सा खाकर गुजारा करते थे। पेट भरने के लिए नींबू से आचार बना लेते थे।

उन्होंने कहा कि पांच साल एक छोटी कोठरी में रहने का सीधा असर उनकी सेहत पर पड़ा है, इसलिए फिलहाल उनकी प्राथमिकता स्वास्थ्य को बेहतर करना है। जेल से छूटने के बाद दो दिन ही रामपुर में रहे आजम खां इलाज के लिए दिल्ली चले गए थे। रविवार को वह दिल्ली से रामपुर पहुंचे। सोमवार को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर यूनिवर्सिटी का भी दौरा किया।

## लॉरेंस गैंग को कनाडा ने घोषित किया आतंकी

**नयी दिल्ली।** भारत की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग को कनाडा ने आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। कनाडा सरकार का कहना है कि गैंग के चलते भय का माहौल तैयार हो रहा है। कहा जा रहा है कि कनाडाई कानून के अनुसार, इस फैसले के बाद गैंग से जुड़ी सभी संपत्तियां जब्त की जा सकती हैं।

कनाडा सरकार में मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने कहा, 'बिश्नोई गैंग की तरफ से कुछ समुदायों को आतंक, हिंसा और धमकी के लिए निशाना बनाया जा रहा है। आपराधिक आतंकवादियों के इस समूह को सूची में डालने से हमें उनका मुकाबला करने और अपराधों पर लगाम लगाने के लिए और भी ज्यादा ताकत और उपाय मिलेंगे।' कनाडा में किसी संगठन को आतंकवादियों की सूची में डाले जाने से संघीय सरकार को उसकी संपत्ति, वाहन और धन को ज़ब्त करने का अधिकार मिल जाता है।

# भविष्य की चुनौतियों से निपटने को रोडमैप तैयार करे तटरक्षक

## तैयारी, अनुकूलनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया बल के दृष्टिकोण की आधारशिला होनी चाहिए : राजनाथ

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युद्धों के बदलते स्वरूप और इनमें नयी-नयी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उल्लेख करते हुए भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) से ऐसा भविष्योन्मुखी रोडमैप विकसित करने को कहा है जो नई चुनौतियों का पूर्वानुमान लगा सके, अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत कर सके और रणनीतियों के अनुकूल हो।

श्री सिंह ने सोमवार को यहां भारतीय तटरक्षक के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अब युद्ध महीनों में नहीं, बल्कि घंटों और सेकंडों में मापा जाता है, क्योंकि उपग्रह, ड्रोन और सेंसर संघर्ष की प्रकृति को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तैयारी, अनुकूलनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया बल के दृष्टिकोण की आधारशिला होनी चाहिए।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत का मार्ग समृद्धि और सुरक्षा के दो स्तंभों पर टिका है। उन्होंने आईसीजी के आदर्श वाक्य, 'वयं रक्षामः' यानी हम रक्षा करते हैं का उल्लेख करते हुए इसे केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक प्रतिज्ञा बताया। उन्होंने कहा, ₹यह प्रतिज्ञा, जो प्रत्येक आईसीजी कर्मी में निहित है, यह सुनिश्चित करेगी कि हम आने वाली पीढ़ियों को एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत सौंपें।₹

श्री सिंह ने ज़ोर देकर कहा कि समुद्री खतरे तेज़ी से तकनीक-संचालित और बहुआयामी होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹तस्करी या समुद्री डकैती के जो तरीके



पहले आसानी से समझ में आते थे, वे अब जीपीएस स्पूफिंग, रिमोट-नियंत्रित नावों, एन्क्रिप्टेड संचार, ड्रोन, सैटेलाइट फ़ोन और यहाँ तक कि डार्क वेब पर चलने वाले नेटवर्क का इस्तेमाल करके परिष्कृत गतिविधियों में बदल गए हैं।₹ उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि आतंकवादी संगठन अपनी गतिविधियों की योजना बनाने के लिए डिजिटल मैपिंग और रीयल-टाइम इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं।

उन्होंने कहा, ₹पारंपरिक तरीके अब पर्याप्त नहीं हैं, हमें अपने समुद्री सुरक्षा ढाँचे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग-आधारित निगरानी, ड्रोन, साइबर रक्षा प्रणाली और स्वचालित प्रतिक्रिया तंत्र को एकीकृत करके अपराधियों और विरोधियों से आगे रहना होगा।'

रक्षा मंत्री ने आगाह किया कि साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अब काल्पनिक खतरे नहीं, बल्कि वर्तमान वास्तविकताएं हैं। उन्होंने कहा, 'कोई देश मिसाइलों से नहीं, बल्कि हैकिंग, साइबर हमलों और इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के ज़रिए हमारी प्रणालियों को पंगु बनाने की कोशिश कर सकता है। आईसीजी को ऐसे खतरों से बचाव के लिए अपने प्रशिक्षण और उपकरणों को निरंतर उन्नत करते हुए, अनुकूलन करना होगा। जवाबी कार्रवाई के समय को सेकंडों में कम करने और हर समय तत्परता सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित निगरानी नेटवर्क और एआई-सक्षम प्रणालियां आवश्यक हैं।₹

राजनाथ सिंह ने कहा कि बंदरगाह, शिपिंग लेन और ऊर्जा अवसंरचना भारत की अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा हैं। समुद्री व्यापार में, भौतिक हो या साइबर, किसी भी तरह की बाधा का सीधा असर राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था दोनों पर पड़ता है। इसलिए आर्थिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को एक ही नजरिए से देखने की आवश्यकता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय तटरक्षक आज राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम स्तंभ है। यह बल अपनी स्थापना के समय सीमित संसाधनों से शुरू होकर आज 152 जहाजों और 78 विमानों के साथ एक मजबूत संगठन बन चुका है।

## मां को संघ कार्यक्रम के न्योते पर सीजेआई के भाई की सफाई

**नयी दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई की मां कमलताई गवई को मिले आरएसएस के कार्यक्रम के न्योते पर चर्चाएं जारी हैं। उन्होंने न्योता स्वीकार भी कर लिया। अब उनके इस कदम का सीजेआई के भाई डॉक्टर राजेंद्र गवई ने बचाव किया है। उन्होंने साफ किया है कि राजनीतिक और व्यक्तिगत संबंध अलग होते हैं। संघ ने कमलताई को 5 अक्तूबर को होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि की सूची में शामिल किया है।

कमलताई के बेटे डॉक्टर राजेंद्र गवाई ने कहा, 'मेरी मां को अमरावती में 5 अक्टूबर को होने वाले आरएसएस के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है और मेरी मां ने उसे स्वीकार भी कर लिया है। 5 अक्टूबर को होने वाला कार्यक्रम मुख्य कार्यक्रम नहीं है। विजयदशमी का मुख्य कार्यक्रम नागपुर में 2 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।'

# महाराष्ट्र में रिस्ट्रक्चरिंग के विरोध में बिजली कर्मी पर सड़कों पर उतरे

- ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के सुझाव पर की जा रही वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के पीछे निजीकरण की योजना
- उत्तर प्रदेश में कई शहरों की वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के पीछे अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी की योजना



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के पीछे अधिक राजस्व वाले कई शहरों को अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी में निजी घरानों को देने की योजना है। वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग का सुझाव ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन का है और यह केवल निजीकरण के लिए है।महाराष्ट्र में रिस्ट्रक्चरिंग के विरोध में बिजली कर्मी सड़कों पर उतर आए हैं और उन्होंने हड़ताल की नोटिस दे दी है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज यहां कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में विगत 10 महीने से अधिक समय से चल रहे आंदोलन से खीझा हुआ पावर कार्पोरेशन प्रबंधन अब कई शहरों की बिजली व्यवस्था रिस्ट्रक्चरिंग कर अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी को देने जा रहा है। इसी दृष्टि से अब तक केस्को, अलीगढ़ ,मेरठ, बरेली, लेसा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, नोएडा और सहारनपुर की बिजली वितरण व्यवस्था के वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के प्रस्ताव को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर से मंजूरी मिल चुकी है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग का प्रस्ताव ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की ओर से दिया गया है, जिस पर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन अमल कर रहा है। ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन,टाटा पावर और निजी कंपनियों की मदद से चार-पांच नवंबर को मुंबई में डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट का आयोजन कर रही है । महाराष्ट्र में भी इस आयोजन के पहले रिस्ट्रक्चरिंग का प्रस्ताव सामने आया है जिसका बिजली कर्मचारियों ने पुरजोर विरोध करना शुरू कर दिया है। संघर्ष समिति ने कहा कि वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर बड़े पैमाने पर स्वीकृत पदों की संख्या घटाई जा रही है जिससे अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी के बाद बिजली कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता सरप्लस हो जाएंगे। हजारों की संख्या में संविदा कर्मियों की नौकरी जाएगी क्योंकि निजी फ्रेंचाइजी संविदा कर्मियों को और नियमित कर्मचारियों को अपने यहां नहीं रखती। संघर्ष समिति ने कहा कि वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के बाद केस्को में 325 पद मेरठ में 487 पद बरेली में 372 पद और लेसा में 2055 पद काम हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त संविदा कर्मियों के हजारों पर समाप्त हो जाएंगे और उनकी नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 306 दिन आज पूरे हो गए हैं। आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद में बिजली कर्मियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

## औद्योगिक क्षेत्र को सुविधाओं से भरपूर होना होगा : कमिश्नर

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र अमौसी, सरोजनी नगर एवं बन्थरा स्थित औद्यागिक इकाईयों में जल भराव की समस्या के स्थायी निराकरण हेतु आयुक्त द्वारा अपर जिलाधिकारी के साथ समस्त सम्बन्धित विभागों को प्रश्नगत क्षेत्र का सर्वे करते हुए आगामी बैठक में आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अटल इण्डसट्रियल इन्फ्रास्ट्रचर मिशन योजनान्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र अमौसी एवं सरोजनीनगर में कराये जाने वाले सीवरेज एवं एसटीपी कार्य के सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित जल निगम के अधिशाषी अभियन्ता एसए कादरी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में कराये जाने वाले अपेक्षित कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु समिति की गत बैठक में दिये गये निर्देशानुसार माह जून, 2026 तक की संशोधित टाईम लाइन प्रस्तुत की तथा योजनान्तर्गत सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य के सम्बन्ध में विद्युत वितरण खण्ड, नादरगंज द्वारा सम्पादित किये जा रहे विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्य का अवशेष कार्य (01 विद्युत पोल का कार्य) एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में 5.7 किलोमीटर लम्बी सड़क (अमौसी औद्योगिक क्षेत्र से पुरी ग्रामीण सुनहरा रोड होते हुए रिंग रोड, अवध कासिंग दुबग्गा मुख्य सड़क) के चौड़ीकरण और सृदृढीकरण के सम्बन्ध में लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि शेष 925 मीटर रोड के निर्माण हेतु टेण्डर का कार्य प्रक्रियाधीन है।

# नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही प्रदेश सरकार : मुख्यमंत्री

### बूढ़ी मां के दर्द को सुन द्रवित हुए सीएम योगी, कैंसर पीड़ित बेटे को भिजवाया अस्पताल



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** शक्ति स्वरूपा मां जगतजननी की आराधना के पर्व शारदीय नवरात्रि में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रूप देख द्रवित मां के कलेजे ने उन्हें खूब आशीर्वाद दिया। मां की जुबां में दर्द था, लेकिन आंखों में उस समय सुकून आ गया, जब वह अपना दर्द यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ से बयां कर ली। नर सेवा को नारायण सेवा और 25 करोड़ प्रदेशवासियों को परिवार मानने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक बूढ़ी मां का दर्द सुन द्रवित हो गए। सीएम योगी ने तत्काल उनके कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियिलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाया और बेहतर इलाज का निर्देश दिया। कभी दर-दर भटक रही कानपुर की गरीब महिला के लिए शारदीय नवरात्रि उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह सोमवार को 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंचीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। इसी बीच कानपुर के रायपुरवा की 63-64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री जी से कहा कि महाराज, हमारे जवान बेटे को कैंसर हो गया है। हम गरीब हैं, इलाज नहीं करा पा रहे। हमारे पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। मेरे बेटे को जिंदगी दे दीजिए। इलाज के लिए कुछ आर्थिक सहायता मिल जाए। बुजुर्ग महिला की यह बात सुन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उस बच्चे को कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियिलिटी इंस्टीट्यूट भिजवाने और उपचार प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'जनता दर्शन' से सीधे उसे अस्पताल भेज दिया गया। वहां उसकी जांच प्रारंभ हो गई। मुख्यमंत्री ने हर पीड़ति से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सरकार हर सेवा, नारायण सेवा को अंगीकृत कर कार्य कर रही है। सभी प्रदेशवासियों के चेहरे पर खुशी लाना सरकार का उद्देश्य है। इसे लेकर ही सरकार नियमित रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज के लिए किसी भी पीड़ित ने स्वयं, जनप्रतिनिधि या किसी भी माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाई है, उसे सहायता उपलब्ध कराई गई है। हमारी सरकार हर पीड़ित के साथ है। इलाज के लिए सरकार आगे भी आर्थिक सहायता निरंतर रूप से उपलब्ध कराती रहेगी। 'जनता दर्शन' में कई फरियादियों के साथ बच्चे भी आए, जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुलार भी किया।

## एक नजर

### पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन और संस्कृति विभाग से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि फील्ड स्तर पर जाकर निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जो कार्यदायी संस्थायें स्वीकृत के बावजूद भी जमीनी स्तर पर कार्य शुरू नहीं कर पा रही हैं, उनको चिन्हित करके कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अब तक के स्वीकृत परियोजनाओं के आगणन एवं प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति की स्थिति तथा अनारम्भ परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता हर स्तर पर सुनिश्चित की जाए ।पर्यटन मंत्री आज गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने तीर्थ विकास परिषदों के कार्यों की समीक्षा की और उन्हें आवंटित परियोजनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही दीपोत्सव एवं देव दीपावली की तैयारियों के संबंध में पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष भी गत वर्ष की भांति लगभग 26 लाख से अधिक दीप जलाने एवं लेजर शो आदि का प्रदर्शन किये जाने की योजना अंतिम चरण में है। इस वर्ष भी रिकार्ड बनाया जायेगा।



### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नायल की हुई 24वीं बोर्ड बैठक



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की 24वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय स्वीकृत एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नायल के चेयरमैन हेतु एसपी गोयल मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को निदेशक बोर्ड में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे मंजूर किया गया। बैठक में सीईओ ग्रेटर नोएडा एनजी रवि कुमार, सीईओ नोएडा लोकेश एम ने आनलाईन प्रतिभाग किया। सीईओ राकेश कुमार सिंह और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल ऑफ़िसर शैलेंद्र कुमार भाटिया ने लोकभवन में भौतिक रूप से बैठक में प्रतिभाग किया और परियोजना की प्रगति से अवगत कराया।

### भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में महिलाओं और बेटियों के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। बेटियां सुरक्षित नहीं है। महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे है। प्रदेश भर में हर दिन कई-कई बेटियों के साथ जघन्य अपराध हो रहे है। अपराधी तत्वों में कानून का कोई डर नहीं है। महिलाओं के साथ अपराध में उत्तर प्रदेश देश में सबसे ज्यादा हो रहे है। मैनपुरी में शनिवार के दिन 11वीं की छात्रा की गला घोट कर हत्या हो गयी। शनिवार को ही अम्बेडकरनगर के मालीपुर थाना क्षेत्र में दलित छात्रा का शव खेत में मिला। स्कूल गई छात्रा की हत्या हो गयी। संतकबीर नगर में कम्प्यूटर सेंटर पर काम करने वाली महिला की हत्या कर लाश नहर में फेंक दी गयी। लखनऊ के चिनहट में महिला से दुष्कर्म। ये घटनाएं उदाहरण मात्र है। प्रदेश में हर दिन इसी तरह की घटनाएं हो रही है। भाजपा सरकार के पास झूठे वादे और झूठे दावों के अलावा कुछ नहीं है। इनका एन्टी रोमियो स्क्वाड सिर्फ कागजों पर है। भाजपा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। सरकार अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण करने के बजाय अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ बदले की भावना से काम करती है। इस सरकार ने सत्ता में आने के बाद महिला सुरक्षा को लेकर समाजवादी सरकार में बनाई गई 1090 वूमेन पावर लाइन सेवा को बर्बाद कर दिया।

# जनता दर्शन बना जन संवाद का सशक्त माध्यम



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। श्री मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

# सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी आज ऐसे रनवे पर है जो अनस्टॉपेबल है : पीयूष गोयल



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (UPITS 2025) का तीसरा संस्करण सोमवार को भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आयोजन की सफलता पर उत्तर प्रदेश सरकार को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश की आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक क्षमता का आईना है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब मिलकर स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें, उद्यमिता को बढ़ावा दें और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामूहिक संकल्प लें। केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश में बीते आठ वर्षों में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्णायक एवं संवेदनशील नेतृत्व ने प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। आज यूपी ऐसे रनवे पर है, जो अनस्टॉपेबल है। उद्योग और निवेश के लिए सुरक्षित वातावरण और मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेशकों की पहली पसंद बना दिया है। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने आयोजन को सफल बनाने के लिए टीम यूपीईपीसी, टीम ओडीओपी, टीम सीएम युवा मिशन, टीम आईईएमएल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पीयूष गोयल ने कहा कि यूपीआईटीएस 2025 इस मायने में अनोखा है क्योंकि, इसमें सभी स्टेकहोल्डर्स एक साथ जुड़े हैं। मंच पर उद्योग, सरकार और उसके दोनों अंग मंत्री और अधिकारी मौजूद हैं तो मंच के नीचे उद्यमी, निर्यातक, एमएसएमई, महिला उद्यमी और स्टार्टअप प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। जब सब मिलते हैं तो यह परफेक्ट मिक्स बनता है और यही उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का असली राज है। अपने संबोधन में गोयल ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हाल ही में घोषित "जीएसटी बचत उत्सव" का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं पर टैक्स में कमी उपभोक्ताओं के लिए नवरात्रि का बड़ा तोहफा है। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर का दिन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा, क्योंकि यह स्वतंत्रता के बाद का सबसे बड़ा सुधार है, जिसका असर आने वाले दशकों तक महसूस किया जाएगा।

# मंत्रों के बीच कन्याओं का किया पूजन



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** हिन्दू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। नवरात्रि मनुष्य के जीवन में साधना, उपवास, ध्यान और आत्मशुद्धि का भी पर्व होता है। ऐसी मान्यता है कि नवरात्रि के दिनों में तपस्या करने से मनुष्य के मन, शरीर और आत्मा की शुद्धि होती है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपनी परंपराओं का निर्वहन करते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा आदिशक्ति मां दुर्गा की उपासना के पावन पर्व शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच कन्या पूजन किया गया। सर्वप्रभम बटुकों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय जी नौ दुर्गा का स्वरूप कुमारी कन्याओं के पाँव पखारे। महिलाओं द्वारा कन्याओं का श्रृंगार किया गया तथा भोज कराया गया। इसके उपरांत उपहार स्वरूप कन्याओं को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी ने वस्त्र, दक्षिणा आदि भेंट कर उनकी आरती उतारी। कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ0 प्रमोद कुमार पाण्डेय जी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब का नजारा भी देखने को मिला हिन्दू धर्म के साथ-साथ अन्य धर्मों विशेषकर मुस्लिम धर्म को मानने वाले कार्यकर्ताओं ने भी नौ दुर्गा स्वरूप कन्याओं को उपहार स्वरूप अपनी श्रद्धा अनुसार दान दक्षिणा भेंट कर देवी शक्ति के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, कांग्रेस सेवादल के जोनल अध्यक्ष सुशील तिवारी, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, सतीश बिंद, संजीव सिंह, सरिता यादव, निहारिक सिंह, कनिष्का राफेल, शिफा अहमद, शिरी खान, अमन वर्मा, सबीना खातून, पंकज तिवारी, संजय सिंह, आशुतोष मिश्रा, चर्चिल भाई सहित भारी संख्या में कांगेसजन मौजूद रहे।



आईपीएस अपर्णा कुमार 2002 पुलिस महानिरीक्षक मानव अधिकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात किया।

### राज्य स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2025 कल

**लखनऊ।** राज्य स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2025 मंगलवार पूर्वाहन 10 बजे से जुपीटर ऑडीटोरियम, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में किया जाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विशिष्ट अतिथि कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार द्वारा की जाएगी।

# यूपीनेडा और अमृत 2.0 स्टॉल को मिला सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का सम्मान



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऊर्जा विभाग के अंतर्गत आने वाले यूपीनेडा के स्टॉल तथा नगर विकास विभाग के अमृत 2.0 स्टॉल को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का खिताब प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की विकासशील नीतियों, नवाचारों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश को नई दिशा देने वाले प्रयासों का परिणाम है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज यूपी पूरे देश में सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर है। अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है। किसानों के बिजली चालित नलकूपों को सोलर नलकूपों में बदलने की दिशा में उत्तर प्रदेश नंबर एक पर है।पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर इंस्टॉलेशन में भी प्रदेश ने पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस प्रदर्शनी में विभागीय उपलब्धियां योजनाओं व उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाए जाने के प्रयासों को प्रस्तुत किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि इस उत्कृष्ट कार्य के कारण यूपीनेडा को पूरे देश में पहचान मिली है और यह सफलता प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष परिणाम है।





आज दिनांक 29.9.2025 दिन सोमवार को सुल्तानगंज ब्लॉक के विद्यालय PS धारापुर पर मिशन शक्ति के अंतर्गत मां दुर्गा के स्वरूप में विद्यालय की बालिकाओं ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सशक्तिकरण योजनाओं को प्रदर्शित किया। विद्यालय के सहायक अध्यापक अमित दुबे ने हेतु विशेष भूमिका निभाते हुए विद्यालय की बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित 102, 108 एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 अपराध रोकथाम, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 1091 वीमेन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर सहित कई योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में अच्छाई पर बुराई के प्रतीक स्वरूप रावण की स्वरूप का अग्नि दहन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार, शिक्षामित्र गीता मैडम सहित गांव के कई अभिभावक उपस्थित रहे।

**फैशन शो** ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं ने कारीगरों व बुनकरों को दिया बड़ा संबल

# यूपीआईटीएस 2025 में दिखी खादी की दमक

- फैशन शो में खादी की बुनावट और आधुनिक डिज़ाइन का शानदार मेल देखने को मिला
- खादी सिर्फ कपड़ा नहीं, आत्मनिर्भरता और सतत जीवनशैली का प्रतीक बनकर उभरा
- सस्टेनेबल फैशन के प्रति जागरूकता से खादी 'फैब्रिक ऑफ फ्यूचर' बनकर उभरी
- यूपीआईटीएस 2025 ने दिखाया उत्तर प्रदेश खादी को ग्लोबल ब्रांड बनाने की राह पर अग्रसर



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में खादी का जादू छाया रहा। खादी न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर सामने आई, बल्कि फैशन की दुनिया में अपनी आधुनिक पहचान भी दर्ज कराई।

शानदार फैशन शो में मॉडल्स ने खादी के परिधानों की ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें परंपरागत शिल्प कौशल और आधुनिक डिज़ाइन का अनोखा संगम देखने को मिला। इसने यह संदेश दिया कि खादी 'ट्रेडिशन टू ट्रेंड' की यात्रा तय कर चुकी है और अब वैश्विक फैशन का हिस्सा बन रही है।

**योगी सरकार का विशेष फोकस**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील कर रहे हैं। खादी भी स्वदेशी परिधानों का महत्वपूर्ण अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश ने खादी और हैंडलूम को नई पहचान दी है। योगी सरकार खादी को सिर्फ परिधान तक सीमित नहीं मानती, बल्कि इसे आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली का मजबूत आधार मानती है। योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने हजारों बुनकरों और कारीगरों को सीधा लाभ पहुंचाया है। सरकार का लक्ष्य है कि खादी को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ब्रांड बनाकर उत्तर प्रदेश को 'हैंडलूम हब' के रूप में स्थापित किया जाए।

**उत्तर प्रदेश में खादी का बढ़ता चलन**

राज्य में खादी उत्पादों की खपत लगातार बढ़ रही है। युवाओं में टिकाऊ फैशन को लेकर बढ़ती जागरूकता ने खादी को आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बना दिया है। यही वजह है कि आज खादी को 'फैब्रिक ऑफ फ्यूचर' कहा जाने लगा है।

**वैश्विक मंच पर खादी की गूंज**

यूपीआईटीएस 2025 में खादी की प्रस्तुति ने यह स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश न केवल परंपरा को संजो रहा है, बल्कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप उसे वैश्विक मंच पर भी स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सरकार का प्रयास है कि खादी को सिर्फ एक कपड़े के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, कारीगरी और सतत विकास के प्रतीक के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाए।

सरकार का प्रयास इसी दिशा में है। उत्तर प्रदेश ने खादी को वैश्विक फैशन जगत में उतारकर दुनिया को यह दिखाया है कि स्थानीय शिल्प और आत्मनिर्भरता से भी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है।

## एक नजर

### एसजीपीजीआईएमएस में राष्ट्रीय पोषण माह पर जागरूकता कार्यक्रम



**लखनऊ।** एसजीपीजीआईएमएस के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एल. के. भारती (नोडल ऑफिसर), डॉ. पुलक (प्रमुख, आर्थोपेडिक्स विभाग), डॉ. सुरुचि (एनेस्थीसिया विभाग) और डॉ. रोमिल (मनोचिकित्सा विभाग) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डायटिशियन मोनिका दीक्षित एवं उनकी टीम ने किया। वरिष्ठ डायटिशियन अर्चना सिन्हा ने संतुलित आहार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। डॉ. निरुपमा सिंह ने हर आयु वर्ग के लिए सभी पोषक तत्वों को आहार में शामिल करने का संदेश दिया। डायटिशियन प्रीति यादव ने लोगों से आग्रह किया कि वे धरती माँ के नाम से एक फलदार या फूलदार पौधा लगाएं। कार्यक्रम में पोषण क्विज़ और खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। वरिष्ठ डायटिशियन शिल्पी पांडे ने बताया कि "पोषण केवल भोजन तक सीमित नहीं, बल्कि जीवनशैली और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।" रीता आनंद और दीपा मिश्रा ने "पोषक थाली – संतुलित आहार" के महत्व को रोचक तरीके से प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह छोटे प्रयासों से बड़े स्तर पर स्वास्थ्य सुधार की प्रेरणा देता है।

### बीबीए छात्र की संदिग्ध मौत, कमरा सील

**लखनऊ।** चिनहट कोतवाली क्षेत्र में स्थित मान्यवर कांसीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान गोमतीनगर के छात्र की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। छात्र कमरे में बेहोशी हालत में मिला जिसे कुछ छात्र और टीचर लोहिया अस्पताल के गए जहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि सोमवार को रात करीब आठ बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान गोमती नगर का बीबीए छात्र एकश सिंह अपने कमरे में अचेत अवस्था में मिला था जिसे साथ में पढ़ने वाले बच्चे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में गार्ड द्वारा बताया गया कि छात्र एकश सिंह 19 वर्ष पुत्र सोनू सिंह निवासी गुरुद्वारे वाली गली बनारस अपने रुम में अचेत अवस्था में पड़ा मिला था। छात्र को उसके दोस्त व अध्यापक अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों द्वारा छात्र को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त विभूति मौके पर पहुंचे और कमरे का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर बुलाई गई। सीसीटीवी चेक किए गए। पुलिस के अनुसार कमरे को सील कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### गोसाईंगज में सात अवैध प्लाटिंग की गई ध्वस्त



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान गोसाईंगंज क्षेत्र में 07 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गयीं। इसके अलावा सआदतगंज, दुबग्गा, साउथ सिटी, नगराम रोड व सुलतानपुर रोड पर अवैध तरीके से किये जा रहे 06 व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि गोसाईंगंज के ग्राम-दुलारमऊ में मेसर्स साहू डेवलपर्स के निदेशक नीरज साहू द्वारा लगभग 20 बीघा और महेन्द्र शुक्ला व अन्य द्वारा लगभग 12 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग को अभियान चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया ने बताया कि गोसाईंगंज में न्यू जेल रोड पर राजेन्द्र सिंह, बबलू, प्रेम चन्द्र, मोनू गुप्ता, सोनू मिश्रा व अन्य द्वारा पांच अलग-अलग स्थानों पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध तरीके से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। उक्त पांचों अवैध प्लाटिंग को अभियान चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा साउथ सिटी, सुलतानपुर रोड-खुर्दही बाजार व नगराम रोड पर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे 03 व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि अविनाश पाण्डेय व अन्य द्वारा सआदतगंज में कैम्पवेल रोड पर लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मो0 सुहेल द्वारा दुबग्गा में कानपुर रिंग रोड, बेगरिया ढ़ाल के पास लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था। इसके अलावा प्रमोद कुमार व अन्य द्वारा दुबग्गा में जेहटा रोड पर लगभग 200 वर्गमीटर के भूखण्ड पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन तीनों अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों व वरिष्ठजनों का सम्मान



**लखनऊ।** सेवा पखवाड़ा के तहत विशिष्ट व्यक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम का हजरतगंज स्थित आयोजन सहकारिता भवन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री सेवा पखवाड़ा अभियान संयोजक एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, कांता कर्दम, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, अमित वाल्मीकि ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ व्यक्तियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में लखनऊ नगर निगम को तीसरा स्थान प्राप्त होने के उपलक्ष्य पर लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया वहीं अर्जुन अवॉर्डी अर्चना गोयल, माधुरी सक्सेना, विजय सिंह चौहान, जसविंदर सिंह भाटिया, जीतू राय, रनवीर सिंह, गौरव खन्ना, राष्ट्रीय एवं राज्य के पदक पुरस्कार में सुभाष बाबू माहेश्वरी, सपना सिंह, राम नारायण, सरदार परमिंदर सिंह, धर्मवीर सिंह बग्गा, अवधेश कुमार साहू, डॉ निहित, डॉ अरुण कुमार डॉ सोमप्रकाश कुशवाहा, डॉ श्वेता मिश्रा, डॉ रीना गुप्ता, शशि मिश्रा, रविंद्र कुमार, विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार में पंकज वर्मा, गरिमा शुक्ला, पुष्पा देवी, विजय कुमार, तृप्ति गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, कृषि क्षेत्र में राष्ट्र स्तर पर पुरस्कृत कृषक देवनारायण पटेल, शिव कुमार, रमेश कुमार वर्मा को अंग वस्त्र एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी ने सेवा पखवाड़ा 15 दिन का अभियान निर्धारित किया है इस अभियान में हमारी पार्टी ने सेवा के रचनात्मक कार्य और संगठनों से जुड़े हुए विषयों उसमें स्वच्छता, वृक्षारोपण, स्थानीय उत्पादन को प्रमोट करने का हिस्सा है इसी के तहत आज विशिष्ट व्यक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। भारतीय जनता पार्टी का जो स्वरूप है वह केवल राजनीति नहीं है अभियानों के माध्यम से निरंतर सेवा कार्य किया जाते है। सामान्य अवधारणा है कि राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वाले लोग चुनाव के समय दिखते हैं और चुनाव जीतने के बाद जो दायित्व दिया जाता है जनता के बीच उसकी भूमिका निभाने का कार्य करते हैं। हमारी पार्टी इन सब के अलावा समाज के अलग-अलग वर्ग के बीच सामाजिक कार्यों के आधार पर सेवा के समाज में उपस्थिति के साथ संवाद सक्रियता के स्थापित करके समाज के बीच में बना रहता है।

# स्वस्थ जीवनशैली, अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला

## डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में विश्व हृदय दिवस समारोह मनाया गया

» हृदय रोग की रोकथाम में जागरूकता और शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,लखनऊ के हृदय रोग विभाग द्वारा विश्व हृदय दिवस 2025 का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस वर्ष का विषय था "डोन्ट मिस अ बीट"। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों,कर्मचारियों,विद्यार्थियों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर हृदय स्वास्थ्य और निवारक हृदयरोग विज्ञान के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "मूव आरएएलआईएमएस का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) सी. एम.सिंह द्वारा किया गया। अपने संबोधन में निदेशक प्रो. (डॉ.) सीएम.सिंह ने कहा कि "स्वस्थ जीवनशैली ही अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है और हृदय रोगों की रोकथाम का सबसे सशक्त साधन है।" उन्होंने डॉ. आरएएलआईएमएस परिवार से आह्वान किया कि वे स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करें और समाज को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करें। प्रो.भुवन चंद्र तिवारी, विभागाध्यक्ष, हृदय रोग विभाग ने हृदय रोग के समय पर निदान और उपचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी को प्रतिदिन 10,000 कदम चलने की आदत डालने की प्रेरणा दी ताकि हृदय मजबूत और स्वस्थ रह सके। प्रो.सुब्रत चंद्र, कार्यकारी कुलसचिव,ने हृदय रोग की रोकथाम में जागरूकता और शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने जीवनशैली में बदलाव के सरल संदेशों को समुदाय तक पहुँचाने के सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। प्रो.प्रद्युम्न सिंह, डीन, डॉ. आरएएलआईएमएस, ने हृदय रोग विभाग की पहल की सराहना करते हुए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और तनाव में कमी को हृदय स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। प्रो.विक्रम सिंह,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,ने कहा कि संस्थान की जिम्मेदारी है कि वह निवारक स्वास्थ्य का आदर्श प्रस्तुत करे और "मूव आरएएलआईएमएस अभियान को सशक्त बनाने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

डॉ. सुमित दीक्षित, मानद सचिव,एसपीपीएएच,ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें चिकित्सा विज्ञान और जनजागरूकता के बीच की खाई को पाटती हैं और लोगों को छोटे-छोटे दैनिक कदम उठाकर आजीवन स्वास्थ्य की प्रेरणा देती हैं। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा प्रतिदिन चलने, जागरूकता फैलाने और अपने समुदाय में हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

### नीरज सिंह ने वितरित किए दिव्यांग उपकरण

**लखनऊ।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज, मोहन रोड, लखनऊ में दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 छात्र-छात्राओं एवं दिव्यांगजन लाभार्थियों को वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, राज्य सभा सांसद संजय सेठ और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अत्याधुनिक सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें स्मार्ट केन, ब्रेल किट, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल आदि सम्मिलित थे। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नीरज सिंह ने कहा कि "दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं। उनके सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। स्मार्ट केन, ब्रेल किट, श्रवण यंत्र जैसे उपकरण केवल सहारा नहीं हैं, राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने कहा कि "आज का यह आयोजन यह प्रमाण है कि समाज और सरकार मिलकर जब काम करते हैं।

# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए लखनऊ में बनेगी टेंट सिटी

## यूपी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, गुलाब देवी व संदीप सिंह ने किया भूमिपूजन

» पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन राष्ट्रपति मुर्मू के भी शामिल होने की संभावना



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रदेश युवाओं के लिए वैश्विक मंच बन रहा है। इसी क्रम में लखनऊ में पहली बार भारत स्काउट्स और गाइड्स की डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का भव्य आयोजन आगामी 23 से 29 नवम्बर तक होने जा रहा है।

वृंदावन योजना स्थित डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस विश्वस्तरीय शिविर का भूमि पूजन सोमवार को मंत्रोच्चार और विधिविधान के साथ हुआ। भूमिपूजन समारोह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को उत्तर प्रदेश के लिए "गौरव का अवसर" बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

**23 से 29 नवंबर तक आयोजित होगा जम्बूरी**

डॉ. महेंद्र सिंह ने जम्बूरी की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 23 से 29 नवंबर 2025 तक चलने वाला यह आयोजन भारत के 30,000 और विभिन्न देशों के 2,000 स्काउट्स-गाइड्स, साथ ही 3,000 अधिकारियों-स्टाफ को आकर्षित करेगा। यहां कुल 35,000 प्रतिभागी इकट्ठा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे, जबकि समापन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होने की संभावना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे युवाओं का वैश्विक उत्सव करार देते हुए कहा कि जम्बूरी केवल एक शिविर नहीं, बल्कि भाईचारे, संस्कृति और नेतृत्व का मंच है। यह आयोजन 1953 में हैदराबाद में पहली राष्ट्रीय जम्बूरी के बाद 18 सफल आयोजनों के बाद उत्तर प्रदेश को 61 वर्षों बाद मिला है, पिछली बार 1964 में प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) में हुआ था।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी जम्बूरी, होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

जम्बूरी के लिए डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में एक सप्ताह के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस 'टेंट सिटी' तैयार की जाएगी, जिसमें 3,500 टेंट, 1,600 शौचालय-स्नानागार, 25,000 क्षमता का एरिना, 64 रसोईघर, 100 बिस्तरों का अस्पताल, 15 डिस्पेंसरी, 100 प्रदर्शनी स्टॉल, जम्बूरी मार्केट, ग्लोबल विलेज, एडवेंचर जोन, वाई-फाई जोन और दो दिवसीय ड्रोन शो शामिल होंगे। एयर फोर्स के एयर अग्निवीर प्रदर्शनी, HAM रेडियो स्टेशन और आईटी हब भी आकर्षण का केंद्र होंगे। योगी सरकार ने सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, परिवहन और पर्यावरणीय संतुलन के लिए विश्वस्तरीय प्रबंध सुनिश्चित किए हैं। 'टेंट सिटी' ग्रीन और सर्कुलर इकोनॉमी सिद्धांतों पर आधारित होगी।

**पीएम मोदी की प्राथमिकताओं पर आधारित है थीम**

जम्बूरी की थीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं—आत्मनिर्भर स्वदेशी भारत, स्वच्छ एवं विकसित भारत, ग्रीन एवं सस्टेनेबल भारत, और विकसित युवा-विकसित भारत पर केंद्रित है। यह आयोजन युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का विकास करेगा, साथ ही राष्ट्रीय एकता, वैश्विक भाईचारा, संस्कृति का आदान-प्रदान और सेवाभावी नागरिकों को प्रोत्साहित करेगा।

### भगवान की तरह मरीजों की करें सेवा

**लखनऊ।** आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने पर केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई कन्वेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयुष्मान संपर्क, आयुष्मान सारथी तथा आयुषी एआई चौट बोट का शुभारंभ किया गया। साथ ही पीएमजे हैंडबुक, आशा ई-बुक तथा आयुषमैन कॉमिक बुक का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों के साथ-साथ निजी एवं सरकारी क्षेत्र की उन चिकित्सा इकाइयों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने इस योजना में उत्कृष्ट कार्य किया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जिसमें अब तक 9 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत लोगों को उनकी पसंद की निजी व सरकारी दोनों ही स्वास्थ्य इकाइयों में नि:शुल्क उपचार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है, ताकि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं तक सरल और त्वरित पहुँच मिल सके। जल्द ही आयुष्मान योजना का लाभ होगा।

# 11 से 31 अक्टूबर तक चलेगा दस्तक अभियान, डीएम ने बनाई रणनीति

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**लखनऊ।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान आगामी 5 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी चलेगा। इस संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री विशाख जी0 की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संचारी रोगों के हॉट स्पॉट क्षेत्रों की जानकारी ली।

जिला मलेरिया अधिकारी ने अवगत कराया कि स्मार्ट सिटी के सहयोग से जोनवार हॉट स्पॉट मैपिंग की गई है, जिनमें नगर निगम के जोन 4, 5 और 6 वर्तमान में संवेदनशील हैं। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जोनवार स्थित मेडिकल फैसिलिटी को चिन्हित कर वहां संचारी रोगों हेतु अलग से बेड आरक्षित किए जाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि नगर निगम के सभी जोनों की चिकित्सा इकाइयों में 10-10 बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी सीएचसी में पर्याप्त संख्या में टेस्टिंग किट उपलब्ध रहें और यह आकलन किया जाए कि शासकीय व निजी अस्पतालों को मिलाकर प्रतिदिन कितने टेस्ट किए जा सकते हैं। बैठक में फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा छिड़काव की समीक्षा भी की गई। नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 110 हैंड मशीनों व 60 बड़ी मशीनों से जोनवार छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने नगर निगम ZSO, ईओ नगर पंचायत एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र का रोस्टर बनाकर अभियान को प्रभावी बनाएं। विशेष अभियान के दौरान जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जबकि दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (ILI), क्षय रोग, कुष्ठ, फाइलेरिया, काला-आजार के लक्षणयुक्त व्यक्तियों तथा कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करेंगी। खोजे गए व्यक्तियों का डाटा ई-कवच पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और परिवारों को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) के बारे में जानकारी दी जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. गोपीलाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव, सभी शहरी एवं ग्रामीण सीएचसी प्रतिनिधि तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अभियान में सहभागी विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगर विकास, पंचायती राज, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, कृषि, शिक्षा, सिंचाई, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सूचना एवं जनसंपर्क, राज्य कर विभाग, नमामी गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा उद्यान विभाग इस अभियान में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहेंगे।



आज ईपीएफओ द्वारा निधि आपके निकट 2.0 प्रोग्राम का आयोजन मेसर्स एवरेडी ऐशबाग लखनऊ में किया गया। जहां निजी संगठित/असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों, पेंशनरों व नियोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया और विस्तृत रूप से जानकारी भी प्रदान की गई। साथी प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध में भी जागरूकता अभियान चलाया, जो एक ऐसी सरकारी योजना है जिसके अंतर्गत ईपीएफओ से आच्छादित प्रतिष्ठानों में अतिरिक्त रोजगार सृजन करने वाले नियोक्ताओं को प्रोत्साहन दिया जाता है। हर्षित पाठक (प्रवर्तन अधिकारी), अर्पण गुप्ता (सामाजिक सुरक्षा सहायक) संतोष,(डाटा एंट्री ऑपरेटर) एवं उनकी टीम उपस्थिति रही।

# बिजली कटौती व स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

## हालात से निपटने के लिए नगर पंचायत में अधिकारियों ने बैठक कर बनाई रणनीति

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**काकोरी (लखनऊ)।** काकोरी नगर पंचायत में बिजली कटौती व स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन व सभासदों के ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की ।बैठक में अधिकारियों ने बिजली समस्याओं को दूर करने व स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया।

अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से अपील की लोगो को स्मार्ट मीटर की खूबियां बताकर मीटर लगवाने के लिए प्रेरित करे। बीती 27 सितंबर को चेयरमैन रोहित साहू ने बिजली कटौती व स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर हो रहे विरोध को लेकर एक पत्र उपखंड अधिकारी पावर हाउस काकोरी समेत अन्य अधिकारियों को दिया था। जिस पर सोमवार को बिजली विभाग के अमौसी जोन के चीफ महफूज आलम के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता भविष्य कुमार सक्सेना ,अधिशासी अभियंता सुदेश कुमार,स्मार्ट मीटर के कर्मचारी नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। जहां चेयरमैन रोहित साहू व सभासदों के साथ बैठक की ।बैठक में चेयरमैन ने पत्र में दी गई समस्याओं शीतला मंदिर फीडर से गांव की जोड़ी गई लाइन को हटाना ,जर्जर पोल ,घरों के ऊपर से निकली हाइटेंशन लाइन हटाने समेत 5 समस्याओं को दूर कराने की मांग की। जिस पर अधिकारियों ने दूर करने का आश्वासन दिया। वही अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर की खूबियां गिनाई। चीफ महफूज आलम ने बताया कि स्मार्ट मीटर के तेज चलने की जो अफवाह वह गलत है। स्मार्ट मीटर में कोई दिक्कत नहीं है।

इसमें रीडिंग कराने से निजात ,गलत बिल से निजात ,घर बैठे मीटर रिचार्ज की सुविधा रहेगी। अधिकारियों ने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों से अपील की स्मार्ट मीटर को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर कराने का प्रयास करे। जिससे स्मार्ट मीटर बिना विरोध के लग सके ।चेयरमैन रोहित साहू ने बताया कि बिजली की समस्याओं को 5 अक्टूबर तक दूर करने का आश्वासन अधिकारियों से मिला है। बिजली विभाग स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर उनकी सहमति से मीटर लगाए।

**कामयाबी** पीजीआई हृदय व इमरजेंसी मेडिसिन के मरीज को मिली राहत, दिल, दिमाग और हड्डियों का इलाज भी आसान

# किडनी मरीजों के लिए सहारा बना आयुष्मान, हर्षवर्धन को उत्कृष्ट सम्मान

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» खासकर गरीब और बुजुर्ग मरीजों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं

**लखनऊ।** संजय गांधी पीजीआई में आयुष्मान भारत मरीजों के लिए जीवन का नया सहारा बनकर उभरा है। खासकर गरीब और बुजुर्ग मरीजों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं। वर्ष 2022-23 से 2024-25 (31 जुलाई तक) के बीच संस्थान में 31,000 से अधिक मरीजों ने इसका लाभ उठाया।

संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि नेफ्रोलॉजी विभाग सबसे आगे रहा, जहाँ किडनी रोग से जूझ रहे 4,287 गंभीर बीमारी में यह आर्थिक राहत मरीजों और उनके परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बन गई। न्यूरो और इमरजेंसी विभाग में भी बढ़ा न्यूरोसर्जरी विभाग में तीन वर्षों में 2,763 मरीज और इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में 2,129 मरीजों ने आयुष्मान भारत की मदद पाई। कैंसर और हार्मोनल जैसी बीमारियों में भी मदद मिल रही है। कैंसर रोगियों के लिए रेडियोथेरेपी विभाग में 2,604 मरीजों ने और एंडोक्राइन सर्जरी विभाग में 2,912 मरीजों ने योजना के तहत महंगे इलाज का लाभ लिया। इन विभागों में इलाज की उच्च लागत को देखते हुए आयुष्मान भारत गरीब मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हुई। इतना ही नहीं दिमाग और हड्डियों का इलाज भी आसान हो गया है। कार्डियोलॉजी विभागः 1,254 मरीज न्यूरोलॉजी विभागः 1,757 मरीज गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभागः 1,209 मरीज ऑर्थोपेडिक्स विभागः 906 मरीज यूरोलॉजीः 972, एन्डोक्रिनोलॉजीः 203 नवजात विज्ञानः 342, पल्मोनरी मेडिसिनः 345 रेडियो डायग्नोसिसः 240, नेत्र विज्ञानः 241, मेडिकल जेनेटिक्सः 95 व मातृ एवं प्रजनन स्वास्थ्य की संख्या 215 के आसपास है।

**वर्ष-दर-वर्ष बढ़ते आंकड़े**

संस्थान में आयुष्मान भारत योजना से लाभ पाने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2022-23 में 5,526 मरीज, 2023-24 में 9,706 और 2024-25 (31 जुलाई तक) में 16,179 मरीजों ने योजना का लाभ उठाया। उधर आयुष्मान भारत में सहयोग के लिए प्रोफेसर हर्षवर्धन को उत्कृष्ट सम्मान दिया गया है। संजय गांधी पीजीआई के प्रो. (डॉ.) आर. हर्षवर्धन, नोडल अधिकारी एबी-पीएमजेएवाई एवं प्रमुख, अस्पताल प्रशासन विभाग को आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सराहनीय योगदान के लिए उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान अटल बिहारी वाजपेयी वैज्ञानिक सम्मेलन केंद्र, में आयोजित आयुष्मान संवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदान किया।


कार्यक्रम का आयोजन साचीस (समग्र स्वास्थ्य एवं एकीकृत सेवा एजेंसी) द्वारा योजना के सात वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। आगे भी इस तरह के आयोजन होंगे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**लखनऊ।** रविवार रात लगभग 10 :30 बजे ग्राम उदयपुर के विश्वकर्मा मंदिर के पास रायबरेली से लखनऊ जाने वाले मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल UP 32 ML 5965 पर सवार होकर जा रहे दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से तत्काल सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अभिषेक कुमार पुत्र राम सजीवन और धीरेन्द्र पुत्र विजय बहादुर, निवासी ग्राम सलाहीखेड़ा थाना नगराम के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक अभिषेक कुमार के पिता से तहरीर प्राप्त कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिवारजनों में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### गोसाईगंज व अमेठी में रामलीला आज से



**लखनऊ।** विजय दशमी पर श्रीराम पताका फहराने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। श्रीराम लीला को दर्शाने वाले मंच सज चुके हैं। गोसाईगंज और अमेठी में मंगलवार से रामलीला का मंचन शुरू होगा। राजधानी के गोसाईगंज इलाके के रामबाग धाम में सिद्ध संत बाबा खुशहाल दास ने तपस्या की थी। बाबा की तपोस्थली पर हुए चमत्कार आज भी चर्चा में हैं। इस स्थान पर पिछले करीब सवा सौ साल से अधर्म और धर्म के बीच युद्ध होता आ रहा है। राम बाग धाम में लगने वाले दशहरा मेले में रावण वध देखने वालों के साथ बाबा खुशहाल दास के स्मृति स्थल पर माथा टेकने वालों की भी खासी तादाद होती है। राम दरबार के दर्शन से भी लोग धन्य हो जाते हैं। अमेठी के राम बाग धाम में आमने सामने स्थित प्रभु श्रीराम और लंकापति रावण की प्रतिमा का रंग रोगन हो चुका है। इस बार अमेठी में विजय दशमी के दिन दो अक्टूबर को रावण वध होगा जबकि गोसाईगंज में रावण सात अक्टूबर को मारा जाएगा। मंगलवार 30 सितंबर को कबड्डी प्रतियोगिता से शुरू हो रहे अमेठी रामबाग मेले के राम लीला मंच पर एक तरफ राक्षसों के उत्पात को मिटाने के लिए गुरु विश्वामित्र राजा दशरथ के पास राम और लक्ष्मण को लेने के लिए पहुंचेंगे तो दूसरी ओर रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होगा। एक अक्तूबर को यहां कबड्डी का फाइनल होगा और दो को रावण मारा जाएगा। रावण वध के बाद तीन अक्टूबर को अमेठी के ऐतिहासिक श्रीराम जानकी मंदिर पर भरत मिलाप के बाद शोभायात्रा रामबाग पहुंचेगी। रामबाग के मंच पर 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक शाम सात बजे से राम लीला और रासलीला का आयोजन होगा। चार अक्टूबर को वॉलीबॉल प्रतियोगिता और पांच को दंगल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेले का समापन हो जाएगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष राम लखन गुप्ता, कुलदीप पांडेय, गोकरन नाथ वर्मा, बजरंग वर्मा, जगदंबा ठेकेदार, उपेन्द्र यादव, अवनीश वर्मा, राज कुमार वर्मा, बेला यादव, विनोद मौर्य, राजेंद्र साहू, मनीष प्रधान, डॉ भूपेंद्र यादव और लल्लूराम कश्यप सहित अन्य लोग मेले की व्यवस्था में लगे हैं। करीब दो सौ साल पुरानी गोसाईगंज की रामलीला का मंचन भी 30 सितंबर को नारद मोह के साथ शुरु होगा। यहां एक अक्तूबर को राम जन्म, दो को ताड़का वध, तीन को धनुष यज्ञ, चार को वन गमन, पांच को सीता हरण, छह को मेघनाद और कुंभकरण वध तथा सात अक्टूबर को रावण वध होगा और मेला लगेगा। आठ अक्टूबर को रामराज्य का मंचन होगा। नव युवक रामलीला कमेटी के संरक्षक मान सिंह यादव, राममूर्ति गुप्ता, राजेश हिन्दू, विशाल सोनी, आयुष मिश्रा, कृष्णा सोनी, अभिषेक यादव, रमन वर्मा, वैभव गुप्ता, राहुल सोनी, सौरभ गुप्ता, धर्मचंद, कन्हैया गुप्ता, सेजल दीक्षित, प्रांशु प्रजापति, राजू पेंटर, अंश सोनी, तनिष्क धानुक और विराट कृष्ण वर्मा सहित अन्य लोग रामलीला की तैयारी में लगे हैं।

### राह चलती मा-बेटी से अभद्र टिप्पणी

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग चौकी के अंतर्गत खरिका स्थित डूडा कॉलोनी में रविवार रात महिला और उसकी बेटी से अभद्र टिप्पणी करने और विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता सीमा शुक्ला ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि रात करीब 10 :30 बजे वह अपने परिवार के साथ नीचे टहल रही थी। तभी मोहल्ले में अंकित उर्फ केंदू, पीयूष सिंह, संजीव मिश्रा और उनके अन्य साथी बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान आरोपितों ने उसकी बेटी स्नेहा शुक्ला पर अश्लील टिप्पणियां करनी शुरू कर दीं। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। पीड़ित ने अपनी जान बचाकर खुद को घर में बंद कर 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि घटना से परिवार भयभीत है।

### विधवा को दिया विवाह का झांसा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के ब्राह्मण टोला तेलीबाग में रहने वाले एक व्यक्ति ने,चारबाग के पान दरीबा में रहने वाली एक विधवा से नजदीकियां बढ़ाई,फिर विवाह कर अच्छी जिंदगी जीने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए,पीड़िता ने जब विवाह करने का दबाव बनाया तो उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी,पीड़िता ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है पुलिस मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। पान दरीवा चारबाग लखनऊ की रहने वाली पीड़िता ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति का देहान्त 6 वर्ष पूर्व हो गया था, गत दो वर्ष पहले 2023 मे छोटी बहन के घर आने जाने से उसके मोहल्ले में रहने वाले राजेश चन्द राठौर उर्फ खन्ना निवासी ब्राह्मण टोला खरिका तेलीबाग,से जान पहचान हुई थी। कुछ दिनो तक आते-जाते रहने के बाद बाद मुझसे नजदीकियां बढ़ाते हुए विवाह का झांसा देकर सम्बन्ध बना लिए और मेरा शारीरिक शोषण करते रहे, और शादी भी नही की, बीते 13 .7 .25 को राजेश चन्द्र राठौर ने आर्थिक मदद दिलाने के नाम पर साथ चलने को कहा व अपनी गाडी से (मारुती ब्रेजा) मुझे अपने साथ ले गए, रास्ते मै मुझे कोलड्रिंग भी पिलाई, जिसके पीते ही मैं अचैत हो गई, इसके बाद मुझे किसी अजात स्थान पर ले जाकर मेरे साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाए, और मेरी नग्नवस्था के कई वीडियो भी बनाए, होश मै आने पर मुझे धमका कर कुछ दस्तावेजो में हस्ताक्षर भी करवाए, धमकाया कि अगर कुछ बोला तो तुम्हारे ये वीडियो मै सोशल मिडिया पर डाल दूंगा, इसके बाद परिवार मे बताने पर इन्होने मेरे परिवारीजनों को भी फोन पर धमकाना शुरु कर दिया।महोदय से अनुरोध है, कि उक्त अपराधी ने मेरी इज्जत आवरु के साथ ही नहीं जमीन का भी फर्जीवाड़ा किया है। पीजीआई कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### धर्मांतरण का भंडाफोड़, पुलिस टीम सम्मानित

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र में ईसाई धर्म में जबरन व लालच देकर धर्मांतरण कराने के मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम का सोमवार शाम समाजसेवियों और संगठनों ने सम्मान किया। निगोहां थाने पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी व निगोहां व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष व मोहनलालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पांडे और निगोहां प्रेस क्लब के पदाधिकारी पहुंचे। यहां पर उन्होंने एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा, थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी सहित पुलिस टीम को स्मृति चिन्ह, माल्यार्पण और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा कि "निगोहां पुलिस ने जिस साहस और तत्परता से धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है, वह सराहनीय है। समाज को ऐसे लोगों से बचाने में पुलिस की यह कार्रवाई ऐतिहासिक मानी जाएगी।" चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पांडे ने कहा कि "धर्मांतरण कराने वालों पर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर समाज को एक बड़ा संदेश दिया है।" वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित ने कहा कि "धर्मांतरण जैसी गतिविधियां समाज के लिए जहर हैं। पुलिस की यह कार्यवाही मिशाल है, और हम सबको मिलकर समाज को जागरूक करना होगा।"निगोहां पुलिस ने चख्तीरी खेड़ा मजरा मेहंदौली निवासी मलखान को गिरफ्तार किया था, जो अपने खेत में हॉलनुमा मकान बनाकर उसे चर्च (प्रार्थना स्थल) के रूप में इस्तेमाल करता था। हर रविवार व गुरुवार वह चंगाई सभा लगाकर अनुसूचित जाति की महिलाओं और बच्चों को इकट्ठा करता था और बीमारी ठीक करने के नाम पर लालच देकर ईसाई धर्म में कन्वर्ट कराता था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह 2016 में हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना चुका है। उसने अपने तीन बच्चों और परिवार के अन्य लोगों के नाम भी बदल दिए थे। मलखान 'यीशु चंगाई सभा' नाम से वॉट्सऐप ग्रुप चलाता था, जिसमें खासकर अनुसूचित जाति के लोगों को जोड़ा गया था। अब तक 12 से अधिक लोगों का धर्मांतरण कर चुका था। पुलिस ने मौके से ईसाई धर्म से जुड़ा साहित्य और धार्मिक सामान भी बरामद किया था। मामले की आर्थिक जांच और धर्मांतरण से प्रभावित परिवारों से भी पुलिस संपर्क कर रही है। पुलिस की इस कार्यवाही को समाज के लिए मिसाल बताया गया और आगे भी इसी प्रकार कार्य करने को प्रोत्साहित किया।

# हिंदी पखवाड़ा समारोह में गूँजी हिंदी की महिमा

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास अवध प्रांत ने मनाया हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह, रखे अपने विचार

विश्ववार्ता संवाददाता



**लखनऊ।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास अवध प्रांत एवं अलग दुनिया के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी भाषा के प्रोत्साहन हेतु मनाए जा रहे हिंदी पखवाड़ा (14–28 सितंबर) के अंतर्गत समापन समारोह पर एक संगोष्ठी का आयोजन अलग दुनिया के कार्यालय, अयोध्या रोड, इंदिरा नगर, लखनऊ में किया गया।

समारोह की मुख्य अतिथि ख्याति प्राप्त हिंदी रंगकर्मी डॉ. मृदुला भारद्वाज रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यास के अवध प्रांत संयोजक प्रमिल द्विवेदी ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ पत्रकार के.के. वत्स ने किया। वक्ताओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर की हिंदी रंगकर्मी, अभिनेत्री डॉ. मृदुला भारद्वाज, डीएवी महाविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य डॉ. अजित प्रियदर्शी, भारतीय भाषा मंच अवध प्रांत की संयोजिका डॉ. संगीता, तथा बाराबंकी स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. निवेदिता चतुर्वेदी शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और प्रोत्साहन के विविध आयामों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर अवध प्रांत संयोजक प्रमिल द्विवेदी ने बताया कि 14 सितंबर से प्रारंभ हुए हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत प्रांत के अनेक जनपदों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें उदघाटन व समापन समारोहों के अलावा संगोष्ठियाँ, परिचर्चाएँ, परिसंवाद, कार्यशालाएँ, परिवार संपर्क अभियान, प्रतियोगिताएँ और विशेष व्याख्यान सम्मिलित रहे। इन गतिविधियों में हिंदी अनुवाद, टिप्पण/आलेखन, श्रुतलेखन, अंत्याक्षरी, कविता पाठ, कार्यशालाएँ, साहित्य सम्मेलन, सम्मान समारोह आदि प्रमुख रहे।

कार्यक्रमों में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास, एक राष्ट्र-एक नाम भारत, पर्यावरण, भारतीय ज्ञान परंपरा, हिंदी का वैश्विक परिदृश्य एवं चुनौतियाँ जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। समापन समारोह में अवध प्रांत के सम्माननीय कार्यकर्ता गण, हिंदी साहित्यकारों, रंगकर्मियों, पत्रकारों, उपन्यासकारों तथा मनीषा जगत की वरेण्य विभूतियों की विशेष उपस्थिति रही।

### नगर निगम टीम को दीं गालियां, भगाया

**लखनऊ।** नगर निगम टीम को मिठाई दुकानदार ने गालियां देकर भगा दिया। टीम ने दुकान मालिक पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने पर 10 हजार का जुर्माना लगाया था। घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दुकान मालिक नगर निगम टीम से बहस और गाली-गलौज करता नजर आ रहा है। कर्मचारियों ने शॉप मालिक पर डंडे लेकर खदेड़ने का आरोप लगाया है। इस दौरान ईटीएफ टीम भी मौजूद थी। इस पूरे मामले में सफाई निरीक्षकों ने शॉप मालिक के खिलाफ नामजद तहरीर गोमती नगर पुलिस को दी है। अब तक एफआईआर दर्ज न करने का आरोप है। सफाई निरीक्षक डॉ. राकेश वर्मा, बाला गोविंद और रश्मि शुक्ला ने संयुक्त रूप से गोमती नगर पुलिस को मिठाई शॉप मालिक के खिलाफ तहरीर दी है।

# अमौसी रेलवे स्टेशन रोड पर जाम से जनता बेहाल

## अवैध रूप से बने वेयरहाउस के मालिकों की सड़कों पर पार्किंग मुख्य वजह

» बॉटलिंग प्लांट के ट्रक-टैंकरों के अलावा तमाम गांवों के लोगों का आना-जाना लगा रहता है

विश्ववार्ता संवाददाता



**लखनऊ।** सरोजनी नगर में नादरगंज - अमौसी रेलवे स्टेशन रोड पर फैक्ट्री और अवैध रूप से बने वेयरहाउसों के सामने सड़क पर प्रायः खड़े रहने वाले बड़े वाहनों की वजह से आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। इस रोड पर गिंदन खेड़ा स्थित नहर से बेहटवा स्थित नहर के बीच कई जगह सड़क पर बड़े वाहनों के खड़े होने के कारण जाम के हालात पैदा हो जाते हैं। सुबह करीब साढ़े 8 बजे से यहां पूरी तरह ट्रैफिक रुक गया।

कान्हा उपवन के पास से दोनों ओर सड़क पर करीब 1 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। कई एंबुलेंस फंसी रही। राहगीर काफी कई घंटों तक जाम में फंसे रहे। बता दें कि बीते दिनों गिंदन खेड़ा नहर और कान्हा उपवन के बीच सड़क पर खड़े वाहनों की वजह से रास्ता संकरा होने के कारण एक स्कूटी सवार अस्पताल कर्मी की टैंकर के नीचे आकर मौत हो गई थी। उस दौरान स्थानीय लोगों ने जर्जर और जगह-जगह गड्ढे युक्त सड़क के साथ ही सड़क पर अक्सर खड़े रहने वाले इन बड़े वाहनों को लेकर प्रदर्शन किया था। तब एसीपी कृष्णा नगर ने आश्वासन दिया था कि ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को पत्र देकर यहां दो ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की गश्त में ड्यूटी लगाई जाएगी। जिससे कि वह सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने के साथ ही उनका चालान कर सकें। हालांकि उस दौरान पुलिस ने भी कुछ दिनों तक यहां सड़क पर खड़े बड़े वाहनों को हटवा दिया था, लेकिन कुछ दिनों के बाद ही यहां का माहौल फिर पुराने ढर्रे पर आ गया और अब फिर सड़क पर दोनों ओर बड़े-बड़े वाहन खड़े रहते हैं। जिसकी वजह से रास्ता संकरा होने के कारण आए दिन लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ रही है। सोमवार को यहां एक घंटे से अधिक समय तक पूरी तरह ट्रैफिक रुका रहा। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने किसी तरह यातायात सुचारु कराया। बताते चलें यह अति व्यस्ततम सड़क है। इस सड़क पर नादरगंज से आगरा एक्सप्रेस वे को आने जाने वाले वाहनों के अलावा टीएसएम हॉस्पिटल अमौसी पेट्रोलियम डिपो व गैस बॉटलिंग प्लांट के ट्रक और टैंकरों के अलावा तमाम गांवों के लोगों का आना-जाना रहता है। एक आंकड़े के मुताबिक दो साल में इसी सड़क पर पांच लोगों ने जान गंवाई है।

नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण परिवहन विभाग के लापरवाही के चलते हादसे हो रहे हैं।

### डाला चालक पर स्कूटी में टक्कर मारने की रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में युवक ने पिकअप डाला चालक पर स्कूटी में शराब के नशे में धुत होकर टक्कर मारकर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। हरिहरपुर नीलमथा लखनऊ निवासी नीरज सिंह का कहना है कि वह किराये पर रहता है। पीड़ित का कहना है कि 22 जुलाई को शाम करीब तीन से चार बजे के बीच वह अपनी स्कूटी एक्टिवा UP 32 NM 7237 से एयरपोर्ट लखनऊ से कानपुर रोड होते हुए शहीद पथ मोड पर सिग्नल के इंतजार में खड़ा हुआ था। पीड़ित का कहना है कि पीछे से पिकअप डाला UP43 BT 8442 ने आकर जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह अपनी स्कूटी सहित काफी दूर जाकर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का कहना है कि टक्कर इतनी जोरदार थी की स्कूटी भी पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गयी। पीड़ित का कहना है कि वहां पर मौजूद ट्रैफिक कर्मचारी और पब्लिक द्वारा उसे उठाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया और डाला चालक को पकड़ लिया गया जो की पूरी तरह से नशे में था। पीड़ित का कहना है कि डाला चालक वहां से किसी तरीके छुड़ाकर भाग गया।

# लाठी-डंडों से पीटकर घायल किया छह हजार रुपए छीने, रिपोर्ट दर्ज

» सरोजनीनगर पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर युवकों का पता लगा रही

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में आटा चक्की की दुकान पर काम कर रहे युवक को चार मनबढ़ लड़कों ने पुरानी रंजिस को लेकर लाठी डंडों से पिटाई कर दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के अवध विहार कॉलोनी निवासी अनीता ने 28 सितंबर की रात 9:30 बजे पुरानी रंजिस को लेकर चार युवकों पर लाठी डंडों से पीट कर के लड़के सीमांत को गंभीर रूप से चोटिल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता का कहना है कि उसका बेटा सीमांत आटा चक्की की दुकान पर काम कर रहा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर अभय रावत, राहुल पांडे ,दीपक रावत और आदिल खान ने दुकान पर आकर गाली गलौज करने लगे। जब उन्हें मना किया गया तो वह लोग लाठी डंडे और चाकू से लड़के पर हमला कर दिये। आरोप है कि इसी दौरान चक्की में रखे छह हजार रुपये लेकर चले गए। पीड़िता का कहना है कि लाठी डंडों से मारने पर बेटे सीमांत के सिर में गंभीर चोटे आ गई। आसपास के लोगों के मौके पर आने पर सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गये। पीड़ित का कहना है कि इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी गई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवकों का पता लगा रही है।

### साँप निकलने से कालोनीवासियों और बच्चों मे मचा हड़कंप

**लखनऊ।** सरोजनी नगर स्थित न्यू गुड़ौरा मानसरोवर योजना एलडीए कॉलोनी में अमरेन्द्र बहादुर सिंह के घर के सामने अचानक साँप निकलने से कॉलोनीवासियों और बच्चों में हड़कंप मच गया। दहशत का माहौल इतना बढ़ गया कि लोग घरों से बाहर निकलने से भी कतराने लगे। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद साँप रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया। रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित तरीके से साँप को पकड़ा। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की साँस ली। कॉलोनीवासियों का कहना है कि बरसात के मौसम में अक्सर ऐसे हालात बनते हैं, लेकिन समय पर रेस्क्यू टीम न पहुँचने से खतरे की स्थिति बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से कॉलोनी में नियमित निगरानी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

# श्रीकृष्ण दत्त एकेडमी वृंदावन में आर्ट एंड क्राफ्ट विभाग में रंग-ए-आजादी प्रदर्शनी

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजिनी नगर के वृंदावन योजना में स्थित श्री कृष्णा दत्त एकेडमी में रंग-ए -आजादी आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर सर्वजन हिताय संरक्षण समिति महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी, एसकेडी अकादमी की डायरेक्टर निशा सिंह, सह डायरेक्टर कुसुम बत्रा, प्रशासनिक अधिकारी सुभाष तिवारी और फाइन आर्ट विभाग से लोकेश वर्मा ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

काकोरी क्रांति के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में, स्वतंत्रता दिवस तथा जन्माष्टमी के विभिन्न रंगों को प्रदर्शनी के माध्यम से देश के विविधता ,प्रकृति के विभिन्न आयामो को रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। स्केचिंग, ऑयल पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग ,फोटोग्राफी तथा कला की अन्य विधाओं के माध्यम से बच्चों ने प्रदर्शनी को प्रकृति से जोड़ा। प्रदर्शनी में सुसज्जित की गई सभी कलाकृतियां बच्चों के द्वारा बनाई गई थी।जिसमें फाइन आर्ट की बारीकियो का बखूबी प्रयोग किया गया। समाजसेविका व संस्था की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने कहा कि श्री कृष्ण दत्त अकादमी का फाइन आर्ट विभाग वाकई काबिले तारीफ है। यहां के प्रशिक्षक व बच्चे बहुत ही बारीकियो से जीवन की विविध विधाओं को प्रदर्शित करते हैं। जो शिक्षा और प्रशिक्षण की उत्कृष्टता को दिखाता है। अन्य संस्थाओं को इस प्रकार की प्रदर्शनी से सीख लेते हुए अपने यहां भी ऐसी प्रदर्शनियां आयोजित करनी चाहिए। संस्था की डायरेक्टर निशा सिंह ने कहा कि इस तरह की आयोजित प्रदर्शनियों के माध्यम से बच्चे एक तरफ जहां प्रकृति से जुड़ते हैं। वहीं दूसरी तरफ उनके अंदर आत्मविश्वास उत्पन्न होता है।

वह अपनी बातों को कलाकृतियों में रंगों के इन विभिन्न माध्यमों से आसानी से कह सकते हैं। सह डायरेक्टर कुसुम बत्रा ने प्रत्येक कलाकृति को देखा और बच्चों से उसकी खूबियों के बारे में पूछा। बच्चों ने बनाने की विधि तथा कलाकृतियों की बारीकियो के बारे में समझाया। प्रदर्शनी जहां एक ओर कृष्ण दत्त अकादमी को अन्य कॉलेजों से अलग करती है।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प में भागीदार बनें

## भारत उपभोक्ता नहीं बल्कि विश्व का निर्माता व मार्ग दर्शक बनाने का संकल्प निहित

विश्ववार्ता संवाददाता



**लखनऊ।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस दूरदृष्टी का प्रतीक है जिसमें भारत को केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि विश्व का निर्माता और मार्ग दर्शक बनाने का संकल्प निहित है। उन्होंने सभी से आत्म निर्भर भारत बनाने के संकल्प में भागीदार बनने की अपील की।

यह बात भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं पूर्व राज्य मंत्री वीरेन्द्र तिवारी ने सोमवार को अर्जुनगंज बाजार में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। सुल्तानपुर रोड पर स्थित अर्जुनगंज में हुई आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की 'मंगल कार्यशाला' के मुख्य अतिथि पहुंचे वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश की आत्मा को जागृत करने का महाभियान है जिसमे हम सबको स्थानीय उद्यमों, कुटीर उद्योगों, किसानों, नवाचार एवं युवाओं की ऊर्जा को एकजुट कर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि गांव-गांव और नगर-नगर तक आत्मनिर्भरता की अलख जगे, वोकल फार लोकल से लेकर स्टार्टअप एवं मेक इन इंडिया तक यह संकल्प प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही संभव होगा।

उन्होंने व्यापारियों और उपभोक्ताओं को स्टीकर लगा कर संपर्क करते हुए कहा कि हम सभी को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की अपील करके आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लेना है। वीरेन्द्र तिवारी ने अर्जुनगंज बाजार में जीएसटी बचत उत्सव मनाते हुए दुकानों पर स्टीकर लगाया। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी ने की। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र तिवारी के साथ ही पूर्व जिला मंत्री शंभूनाथ पाण्डे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार रोहित, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह चौहान, मंडल महामंत्री तुषार सिंह, मंडल उपाध्यक्ष रामदेव रावत, गुड्डू तिवारी, देवेन्द्र सिंह नेगी, सुरेन्द्र राजपूत, मंडल मंत्री रोहित शर्मा, अमित रावत, संदीप सैनी, अमर सिंह, दिवाकर सिंह, आर पी शुक्ला, अनिल रावत, दिलीप तिवारी, अवधपाल रावत और दिनेश कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक तथा बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### किसान पंचायत का किया गया आयोजन

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा न्याय पंचायत पिपरसंड में सन्तोष सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष प्रचार प्रकोष्ठ के आवास पर किसान पंचायत का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सूर्यभान शांडिल्य सहित कई गांव से किसान अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे और संगठन के प्रदेश संरक्षक कृष्ण कुमार, बाबू मिश्रा , प्रदेश अध्यक्ष आपदा प्रबंधन एवं भूमि संरक्षण दिनेश सिंह सोनू , प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ कृष्ण पाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश भदौरिया , प्रदेश उपाध्यक्ष प्रचार प्रकोष्ठ दीपक सिंह , जिलाध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ शिवानन्द धीमान ,बृजेश सिंह ,आशीष कुमार , आशुतोष , ईश्वरदीन शर्मा ,दिनेश , नन्हके लोहारे , भगौती रावत ,मुन्ना प्रधान ,ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश मौर्य रहे।

**नसीहत** | सातवीं की छात्रा ने मिशन शक्ति के तहत वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की दी नसीहत, फैसले को सभी ने सराहा

# इंस्पेक्टर बनी छात्रा ने विवाद को सुलझा कर पति-पत्नी को भेजा घर

» एकल अभियान तक पहुंचा मिशन शक्ति अभियान, सभी का मिला भरपूर सहयोग

विश्ववार्ता संवाददाता

**काकोरी।** थाना काकोरी में मिशन शक्ति के तहत एक दिन के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनाई गई सातवीं की छात्रा दीपाली यादव को बनाया गया जैसे ही प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी पर बैठी दीपाली यादव ने कस्बा निवासी पति पत्नी का विवाद मामला सामने आया उसको सुनते ही दोनों की गलतियों पर फटकार लगाते हुए पत्नी को पति के साथ रहने की बात कहते हुए दोनों ने समझौता करके घर चले गए।

वहीं नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक ने कोतवाली के बाहर निकल कर रोड पर वाहन चालकों को बिना हेलमेट गाड़ी न चलाने का संदेश दिया वहीं आगे से हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने के लिए गुलाब फूल देकर जाने को कहा। एक दिन की कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनी दीपाली यादव ने हमराही बनी सहपाठियों के साथ थाना परिसर में साफ सफाई व अपराध डायरी को चेक किया जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक के साथ अन्य पुलिसकर्मियों ने काम काज चेकअप कराने की भूमिका में नजर आए। वही एक दिन की कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनी दीपाली यादव से जब पत्रकार ने प्रभारी निरीक्षक बनने पर कैसा लग रहा सवाल किया तो दीपाली यादव ने कड़क अंदाज में कहा कि प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी मिलने पर गर्व महसूस हो रहा है हम पढ़कर पुलिस विभाग में जाना चाहेंगे वही थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने एक दिन की प्रभारी निरीक्षक बनी दीपाली यादव के हमराह की भूमिका निभाते आये।

मिशन शक्ति प्रभारी दिनेश कुमारी ने भी एक दिन की बनी प्रभारी निरीक्षक दीपाली के साथ थाना परिसर का भर्मण करते हुए व्यवस्था को परखा वही महिलाओं पर हो रही आपराधिक घटनाओं के बारे में बताया और बेहिचक महिलाओं को अपनी शिकायत पुलिस से करना चाहिए। पुलिस विभाग की ओर से इस तरह का अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। ताकि लोगों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। इससे खासकर छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने में खास कामयाबी मिलेगी।

### आचार्य बहनों को दी गई सुरक्षा और सावधानी की जानकारी



**लखनऊ।** सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चल रहा मिशन सशक्त अभियान सोमवार को रामबाग धाम में एकल अभियान के बीच जा पहुंचा। एकल अभियान से जुड़ी आचार्य बहनों को जागरूक करते हुए सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। रामबाग अमेठी में एकल अभियान के गंगागंज और खुजौली संच के कार्यक्रम में गोसाईगंज कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी और भाजपा नेता राज कुमार वर्मा ने मां सरस्वती वंदना के साथ चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एकल अभियान के बजरंग वर्मा, लल्लू राम कश्यप, अवध किशोर वर्मा, संच प्रमुख जगदीश प्रसाद, नीतू कुमारी पाल, अमेठी पुलिस चौकी प्रभारी राज कुमार द्विवेदी, और महिला उप निरीक्षक सोनम राय सहित आचार्य बहने मौजूद रही। पुलिस द्वारा आचार्य बहनों को बताया गया कि नारी सशक्त होंगी तभी प्रदेश समृद्ध होगा। यहां बताया गया कि साइबर ठगी से बचने के लिए फोन का उपयोग सावधानी से करें। अनजान व्यक्ति से बात करना, किसी के द्वारा भेजी गई ओटीपी बताना, बिना जानकारी के लिंक को क्लिक करना और सोशल मीडिया या प्रत्यक्ष रूप से किसी अनजान पर भरोसा करना परेशानी को आमंत्रण देना है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसी परेशानी में आपको कोई नंबर याद न आए तो तुरंत 112 नंबर डायल कर दीजिए। इस नंबर से आपको एंबुलेंस और फायर सहित पुलिस विभाग की हर मदद मिल जाएगी। आचार्य बहनों को बताया गया कि अब थानों में महिला हेल्प डेस्क बनी हुई है जहां कोई भी महिला पहुंच कर महिला कर्मचारी से अपनी बात खुल कर बता सकती है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी पुलिस या अधिकारी बन कर धमकाएं तो उनसे डरे बिना पुलिस को सूचना दें, उनके कहने पर पैसे न दें। गोसाईगंज पिंक बूथ की उप निरीक्षक सोनम राय ने कहा कि पुलिस हमेशा महिलाओं की सुरक्षा में लगी रहती है। महिलाओं को अपने प्रति न्याय के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि डायल 112 से मात्र पुलिस अथवा सुरक्षा सम्बन्धी ही नहीं बल्कि अग्निशमन, एम्बुलेंस और कुछ अन्य समस्याएं भी हल हो रही है। उन्होंने भी कहा कि मोबाइल पर अज्ञात नम्बर पर बात न करें, अपना फोटो अपलोड न करें, मोबाइल का उपयोग कम से कम करें और यदि ऐसी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तुरन्त अपने नजदीकी पुलिस थाना या चौकी पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित महिला हेल्प लाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930, गर्भवती महिलाओं को ऐम्बुलेंस के लिए 102, अग्निशमन 101, सामान्य ऐम्बुलेंस 108, चाइल्ड लाइन सेवा 1098 और 181 नंबर का उल्लेख किया।

# हाइवे पर लगी स्ट्रीट लाइटें बनी शोपीस अंधेरे की वजह से कभी हो सकता है हादसा

विश्ववार्ता संवाददाता

**मैगलगंज-खीरी।** अगर आप लखनऊ वाया सीतापुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सफर कर रहे हैं, तो जरा संभल कर चलें। वरना तनिक सी लापरवाही से आपका सफर जान लेवा हो सकता है। क्योंकि मैगलगंज कस्बे में बने ओवरब्रिज अंधेरे में डूबे हैं। हालांकि इस हाईवे के ओवरब्रिजों को रोशनी से जगमगाने के लिए, लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर हाईमास्टर लाइटें व स्ट्रीट लाइटें लगायी गयी हैं। बावजूद इसके वह जलती नहीं, शोपीस बनी हुई हैं।

रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं इस हाइवे से। ऐसे में सफर के दौरान इन ओवरब्रिजों पर किसी भी समय अनहोनी का अंदेशा बना रहता है। बावजूद इसके जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों की माने तो महंगा टोल शुल्क देने के बावजूद सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं। लोगों द्वारा दी जानकारी अनुसार शाम 7:00 बजे मैगलगंज ओवर ब्रिज पर अंधेरा छाया था। इस ओवर ब्रिज पर दर्जनों की संख्या में स्ट्रीट लाइट लगी है। यह जल नहीं रही हैं।



"इस बाबत जब एनएचएआई के परियोजना निदेशक सौरभ चौरसिया से जानकारी करनी चाही तो कई बार काल करने के बावजूद उनका फोन नहीं उठा।"

## बेटे की मौत पर परिजनों ने वीज़ा एजेंट पर लगाए गंभीर आरोप

**निंदूरा (बाराबंकी)।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी सलीम ने आरोप लगाया है कि वीज़ा एजेंट सरवर (कैथा गांव, मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र) ने उनके पुत्र सूफियाना को नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये लेकर ओमान भेजा, लेकिन वहां नौकरी न मिलने पर उसे भूखा-प्यासा और लैट्रीन धुलवाने जैसी बेरहमी सहन करनी पड़ी। सलीम ने बताया कि बीती 26 सितंबर को पुत्र के फोन से उसकी मौत की सूचना घर आई। पिता का आरोप है कि एजेंट ने शव घर मंगवाने के लिए 75 हजार रुपये मांगे। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।

## विश्व हृदय दिवस पर रैली, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

**बाराबंकी।** विश्व हृदय दिवस पर हिन्द हॉस्पिटल हार्ट इंस्टिट्यूट, रोटरी क्लब व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई। जीआईसी मैदान से निकली यह रैली पटेल चौराहे होते हुए जीआईसी मैदान तक वापस आई। हिन्द हॉस्पिटल के पैरामेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, मेडिकल छात्र, स्काउट के बच्चे व सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने तख्तियां व बैनर लेकर लोगों से संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और नशा त्यागने की अपील की। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि हृदय रोग अब युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहा है।

इसको लेकर जागरूक होने की जरूरत है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. केके. मिश्रा ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने ऐसी रैलियों को जनजागरूकता का सशक्त माध्यम बताया।

# 10वीं की छात्रा बनी एक दिवसीय थाना प्रभारी, संभाली फूलबेहड़ थाने की कमान

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** महिला सशक्तिकरण और जागरूकता की दिशा में एक अनूठी पहल के तहत सोमवार को कक्षा 10वीं की छात्रा मोहिनी पुत्री मनोज निषाद ने थाना फूलबेहड़ का कार्यभार एक दिवसीय थाना प्रभारी के रूप में संभाला। वहीं मिशन शक्ति केन्द्र की जिम्मेदारी अंजली पुत्री शैलेष कुमार को सौंपी गई। दोनों छात्राएं राजकीय बालिका हाईस्कूल, गुम जनपद खीरी की छात्राएं हैं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस पहल ने लोगों को एक अलग ही अनुभव दिया।

अपने कार्यकाल में मोहिनी ने थाना परिसर में फरियादियों की जनसुनवाई की और आम नागरिकों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों को समझने का प्रयास किया और समाधान हेतु थाना कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुरक्षा संबंधी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और उसकी कार्यप्रणाली की सराहना की। मोहिनी ने थाना परिसर, कार्यालय, रिकॉर्ड रूम और सीसीटीएनएस कार्यशैली का भी अवलोकन किया।




## एक दिन की थानाध्यक्ष बनी प्रिया मिश्रा थाने ईसानगर की संभाली कमान



**धौरहरा खीरी।** लखीमपुर खीरी मिशन शक्ति फेज-5 के तहत सोमवार को ईसानगर थाने में अनोखा नजारा देखने को मिला। उच्च प्राथमिक विद्यालय मूड़ी की छात्रा प्रिया मिश्रा को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। प्रिया ने थाने की कुर्सी संभालते ही पीड़ितों की बात सुनी और उनके निराकरण के आदेश दिए इस अवसर पर थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने छात्राओं को महिला जागरूकता मिशन के तहत महत्वपूर्ण टिप्स दिए। वहीं महिला आरक्षी सोनिया सागर ने छात्राओं से संवाद करते हुए गुड टच-बैड टच सहित तमाम सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी थाने का दौरा कर छात्राओं ने पुलिस की कार्यशैली को नज़दीक से जाना। एक दिन की थानाध्यक्ष बनी प्रिया मिश्रा और अन्य छात्राएं इस अनुभव से बेहद खुश नजर आईं उच्च प्राथमिक विद्यालय मूड़ी की छात्रा प्रिया मिश्रा बनीं एक दिन की थानाध्यक्ष पीड़ितों की समस्याएं सुनकर दिए निराकरण के आदेश मिशन शक्ति फेज-5 के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी और महिला आरक्षी सोनिया सागर ने दीं सुरक्षा संबंधी टिप्स।

## एक नजर

### जिला कारागार का औचक निरीक्षण



**बाराबंकी।** सोमवार को जिला न्यायधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल के बैरक, मेस, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम आदि का सघन निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त कैदियों की समस्याओं, सुविधाओं और साफ–सफाई के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई। जेल कर्मियों को निर्देश दिए गए कि साफ–सफाई, सुरक्षा और बंदियों से मिलने वाले व्यक्तियों के संबंध में नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए।

### भटकी किशोरी सकुशल बरामद

**बड्डूपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम सरसेढू में भटकी हुई एक किशोरी को पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत सक्रियता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार, 28 सितंबर को ग्राम सरसेढू से सूचना मिली थी कि एक किशोरी घर से भटककर कहीं चली गई है। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति केंद्र की पुलिस टीम ने तत्काल तलाश शुरू की और कम समय में किशोरी को सुरक्षित ढूंढ निकाला।किशोरी को परिजनों को सौंपते समय परिजनों ने पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की और इसके लिए धन्यवाद व्यक्त किया। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई जारी रहेगी।

### मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण,

**रामनगर, बाराबंकी।** आगामी मूर्ति विसर्जन की तैयारियों को लेकर तहसीलदार रामनगर विपुल सिंह ने सोमवार को पुरैना घाट और सरसंवा घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके साथ थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे भी मौजूद रहे। तहसीलदार ने घाटों की साफ–सफाई, मार्ग व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेते हुए ग्राम प्रधानों व ब्लॉक कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विसर्जन पूरी तरह सुव्यवस्थित हो और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। थाना प्रभारी ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रशासन तैयार है और कार्यक्रम शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जाएगा।

### मसौली में जादूगरों का जबरदस्त मुकाबला



**मसौली (बाराबंकी)।** कस्बा मसौली स्थित भवानी नीम चबूतरा कटरा में लखनऊ के प्रसिद्ध जादूगर गोगा और बाराबंकी के प्रख्यात जादूगर राम जी विश्वकर्मा के बीच भव्य जवाबी जादूगरी मुकाबला आयोजित किया गया। दोनों जादूगरों ने अपनी कला का लोहा मनवाते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जवाबी जादूगरी के दौरान बाराबंकी के राम जी विश्वकर्मा ने टॉस जीतकर गोगा को पहला जादू दिखाने का मौका दिया। गोगा ने रस्सी को तलवार में बदलकर अपनी जादूगरी दिखाई, जबकि राम जी ने एक छड़ी से कई छड़ियाँ बना दी। इसके बाद राम जी ने खाली फ्रेम में माँ दुर्गा की तस्वीर को जादुई कला से मुकुट, चुनरी, पटिका और गेंदे के फूलों की माला से सजाया। दोनों जादूगरों के करतब बराबरी पर रहे और दर्शकों ने जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रत्न प्रकाश वर्मा, समिति के संचालक कल्लुराम जायसवाल, कोषाध्यक्ष विंदेश्वरी वर्मा, विद्याप्रसाद यादव, अमित पटेल, महेंद्र प्रताप सिंह, अंकित वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### मां भगवती के भजनों से गूंजा बहरौली

**निंदूरा (बाराबंकी)।** ग्राम बहरौली में रविवार रात मां भगवती का 12वां विशाल जागरण बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत के लोग ही नहीं, बल्कि दूर–दराज़ से आए श्रद्धालुओं ने भी मां भगवती की पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण छाया रहा। भजन गायक अविनाश मधुर और गायिका अनुष्का यदुवंशी ने अपने मधुर स्वर से ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रोता देर रात तक मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे। तेरी महिमा अपार मां, चरणों में सारा संसार मां, चलो बुलावा आया है और अंखियां हरि दर्शन की प्यासी जैसे भजनों ने वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया। जागरण में शामिल भक्त "जय माता दी" के जयकारों से गगनभेदी घोष करते रहे। देर रात तक मां भगवती के भजनों और स्तुति से बहरौली गांव का माहौल दिव्यता और आस्था से सराबोर रहा। इस मौके पर दीपक यादव, श्री रावत, नीरज कुमार, यश कुमार, हर्ष कुमार समेत सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय खूंटी खुर्द में आयोजित हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम

विश्ववार्ता संवाददाता

**मैगलगंज खीरी।** मिशन शक्ति फेज 5 के नारी सुरक्षा नारी सम्मान की कड़ी में आज औरंगाबाद चौकी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय खूंटी खुर्द में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर थाना प्रभारी मैगलगंज रविंद्र पांडे व मिशन शक्ति प्रभारी टीम के साथ उपस्थित रहकर बच्चियों को जागरूक किया बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानूनी अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। और विभिन्न टोल फ्री नंबरों से संबंधित पंपलेट वितरित किए।



उन्होंने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, और साइबर अपराध 1930 के बारे में बताया। जानकारी देते हुए महिला आरक्षण नहीं बताया कि उपरोक्त टोल फ्री नंबरों पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जाता है और महिला हेल्पलाइन ऊपर कॉल करने पर महिला ही कॉल रिसीव करती हैं। इसके अतिरिक्त, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया। मिशन शक्ति के इस कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडे, उप निरीक्षक संदीप यादव, उप निरीक्षक राजपाल, हेड कांस्टेबल असलम तथा महिला कांस्टेबल हीना, सोनी और आकांक्षा मौजूद रही।

## दशहरा मेले में तैयारियों को चाक चौबंद करने में जुटा बिजली विभाग

**बाराबंकी।** दशहरा मेले को सुरक्षित और निर्विघ्न बनाने के लिए विद्युत विभाग ने युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। अधिशासी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी ने बताया कि प्रमुख स्थानों पर चिन्हित विद्युत पोलों पर प्लास्टिक रैपिंग की गई है, जबकि लीला मैदान स्थित लोहे के खंभों को पीवीसी पाइप से ढका गया है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। सुरक्षा के मद्देनज़र बिजली तारों की बंचिंग कराई जा रही है और जहां भी तार जर्जर मिले, उन्हें बदला जा रहा है। मेला मार्ग पर उन पेड़ों की टहनियों की छंटाई भी की गई है, जो तारों से टकरा रही थीं। रामलीला दशहरा मैदान से लेकर सतरिख नाके तक सभी विद्युत पोलों को रैप किया जा चुका है। घनश्याम त्रिपाठी ने बताया कि डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों का पूरी तरह पालन कराया जा रहा है। नवमी और दशमी की शोभायात्राओं के मार्ग पर आने वाले विद्युत तारों की ऊँचाई बढ़ाई जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को न किसी असुविधा का सामना करना पड़े, न किसी खतरे की आशंका रहे।

## मिशन शक्ति फेज–05 का भव्य शुभारंभ

# महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

» बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जागरूक किया आमजनमानस

विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में सोमवार को मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिले की उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलम्बन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय रहे।



उन्होंने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर बाल वैज्ञानिक पूजा पाल, महिला पुलिसकर्मी, महिला कृषक, सामाजिक कार्यकर्ता, अध्यापिकाएं, मेडिकल ऑफिसर, आशा बहू, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और वार्डेन आदि को सम्मानित किया गया। इसके अलावा छात्राओं और बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर नारी सुरक्षा और महिलाओं के अधिकारों के प्रति आमजनमानस को जागरूक किया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं को आत्मविश्वास देते हैं और उन्हें समाज में सम्मानजनक और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं।

# 'आई लव मोहम्मद' विवाद पर वसीम राईन की शांति अपील

» हिंदू त्योहारों में किसी भी तरह की परेशानी न होने दें: वसीम राईन

विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर और बैनर को लेकर प्रदेशभर में तनावपूर्ण स्थिति के बीच, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने सभी मुस्लिम भाइयों से अमन, भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की है।

राईन ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश के हिंदू भाइयों का बड़ा त्योहार चल रहा है और यह हमारा कर्तव्य है कि उनकी खुशियों में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने पैगंबर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) की शिक्षाओं का हवाला देते हुए कहा कि पड़ोसी को हमारी वजह से कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि हाल ही में 12 रबी-उल-अव्वल के मौके पर पूरे प्रदेश में पैगंबर मोहम्मद की याद में जुलूस निकाला गया, जिसमें हिंदू भाइयों का भी सहयोग मिला और कोई विवाद नहीं हुआ। राईन ने स्पष्ट किया कि इस्लाम का मूल उद्देश्य भी अमन और शांति बनाए रखना है। 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर और संबंधित ट्रेंड पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पैगंबर मोहम्मद से सच्चा प्रेम दिखाना है, तो अपने बच्चों और समाज को सही मार्ग पर चलना सिखाएं। इस तरह के ट्रेंड से केवल माहौल बिगड़ता है और इससे बचना चाहिए। वसीम राईन ने कहा कि हिंदुस्तान एक धर्मनिरपेक्ष और शांतिप्रिय देश है, जहां मुसलमान सुरक्षित और स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं।

# बाराबंकी की बेटियों ने संभाली कमान, छात्राओं ने बढ़ाया आत्मविश्वास

» एक दिन की एसडीएम, प्रधानाचार्या और थानाध्यक्ष बनीं बेटियां



विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान ने सोमवार को जनपद में बेटियों को सशक्त बनाने का नया इतिहास रच दिया। एक ही दिन में जिले की चार होनहार छात्राओं ने पुलिस, प्रशासन और शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेकर सबको चकित कर दिया। सबसे पहले पायनियर इंटर कॉलेज, छाया चौराहा की कक्षा 10 की छात्रा आद्रिका सिंह को महिला थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। आद्रिका ने पूरे आत्मविश्वास के साथ थाने की कार्यप्रणाली संभाली।

उन्होंने रिकॉर्ड रजिस्टरों और केस फाइलों का गहन निरीक्षण किया, महिला हेल्प डेस्क का जायजा लिया, एंटी-रोमियो टीम से बातचीत की और पुलिस कार्यप्रणाली की बारीकियों को नजदीक से समझा। छात्राओं के दल ने भी थाने का भ्रमण कर महिला पुलिसकर्मियों से उनके दायित्व और चुनौतियों पर चर्चा की। वहीं, राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में कक्षा 11 की विज्ञान वर्ग की छात्रा निहारिका ने एक दिन के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या का दायित्व संभाला। निहारिका ने स्टाफ मीटिंग की अध्यक्षता कर विद्यालय संचालन का नेतृत्व किया। उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए अनुशासन और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया और छात्राओं को नेतृत्व व आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। सहपाठियों और शिक्षकों ने उनकी पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इसी क्रम में डॉ. रामकुमार निर्मला गिरि पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा अर्चना वर्मा ने बड्डूपुर थाने की कमान अपने हाथों में ली। अर्चना ने थाने पहुंचते ही फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए। इसके बाद वह पुलिस बल के साथ कस्बे में गश्त पर निकलीं, मुख्य चौराहों पर वाहनों की जांच की और यातायात नियम तोड़ने वालों के ऑनलाइन चालान करवाए। स्कूली ड्रेस में पुलिसकर्मियों से घिरी अर्चना को देखकर राहगीर हैरत में रह गए। राजकीय इंटर कॉलेज फतेहपुर की इंटरमीडिएट छात्रा राधा यादव को एक दिन के लिए एसडीएम बनाया गया। राधा ने आत्मविश्वास के साथ जनसुनवाई की, आमजन की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार वैशाली अहलावत ने छात्राओं को तहसील भ्रमण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया। राधा ने कहा कि वह भविष्य में जिलाधिकारी बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं।

## पुलिस की समय रहते सक्रियता से टला बड़ा विवाद

**सूरतगंज (बाराबंकी)।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव में सोमवार को खाली पड़ी जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जमीन पर पूजा-अर्चना को लेकर शुरू हुआ विवाद दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण गंभीर रूप ले सकता था, लेकिन पुलिस की समय पर सक्रियता से मामला शांति से निपट गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी राकेश लोध ने खाली जमीन पर झंडा लगा दिया और पूजा-अर्चना शुरू कर दी।

इस पर पास के रहने वाले फारुख ने विरोध जताया और स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा, कस्बा इंचार्ज उमेश वर्मा और पुलिस फोर्स तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों के साथ बातचीत की और आपसी समझौते के बाद हिंदू पक्ष ने झंडा हटा दिया और पूजा-अर्चना रोक दी। गांववासियों ने पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई की जमकर सराहना की।

## नाली विवाद पर दो पक्षों में भयंकर मारपीट

**मसौली (बाराबंकी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम चुरेलिया में सोमवार को नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में जोरदार लाठी–डंडों से मारपीट हुई। इस हिंसक झड़प में महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम चुरेलिया निवासी राम सूचित और देशराज के बीच नाली का पुराना विवाद चल रहा था। सोमवार को देशराज अपने घर की बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहे थे, जिसका विरोध रामसूचित और उनके पुत्र रामराज ने किया। विवाद बढ़ता गया और दोनों पक्षों में भयंकर झड़प हुई। इस घटना में 30 वर्षीय रामराज, 70 वर्षीय सूचित, अरविन्द पुत्र सूचित और कंचाना घायल हुए। वहीं दूसरे पक्ष से देशराज, गीता देवी और सतेंद्र जितेंद्र भी चोटिल हुए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव ले जाया गया।

## एक नजर

### बुढ़वल, बिंदोरा रेलखंड पर मिला अज्ञात शव

**रामनगर (बाराबंकी)।** बुढ़वल, बिंदोरा रेलखंड पर सोमवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। अप लाइन के किनारे किलोमीटर संख्या 725/02–04 के बीच शव बरामद हुआ। तलाशी के दौरान मृतक के पास न कोई पहचान पत्र मिला और न रेल टिकट। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रेन संचालन में किसी तरह की बाधा नहीं आई। पुलिस मृतक की शिनाख्त और घटना के कारणों की पड़ताल कर रही है।

### किशोर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मसौली बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के तत्वाधान में सोमवार को रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। काउंसलर डॉ. रीना श्रीवास्तव ने छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अविनाश पटेल, डॉ. प्रियंका यादव, स्टाफ नर्स अंजली, अर्जुन वर्मा, खुशनुमा और प्रतिभा ने मौजूद विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि की जांच की और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए स्वस्थ पोषण आहार पर पोस्टर, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## ब्रेनोब्रेन गणित प्रतियोगिता में शिक्षक ने प्राप्त की 975 रैंक



**बाराबंकी।** जयपुरिया स्कूल, गोमतीनगर में कार्यरत पी यम श्री कम्पोजिट स्कूल भठिया के सहायक अध्यापक गिरीश चंद्र जायसवाल ने ब्रेनोब्रेन नेशनल गणित प्रतियोगिता में 975वां रैंक हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में पूरे भारत के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गिरीश चंद्र की इस उपलब्धि से सिद्धौर के शिक्षक समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय प्रशासन और सहकर्मी अध्यापकों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## नवरात्र का रंग, नारी शक्ति का संग

## डीएम, विधायक ने किया 201 नन्हीं कन्याओं का पूजन; नारी शक्ति को दिया आशीष व सम्मान

# मिशन शक्ति 5.0 : कन्या पूजन कार्यक्रम में अभिनंदन देख मुग्ध हुईं छात्राएं

### डीएम व विधायक ने संयुक्त रूप से दिया बेटियों को उपहारो का बैग, लिया आशीर्वाद

विश्ववार्ता ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा

**लखीमपुर खीरी।** नवरात्र की पावन बेला पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोमवार की सुबह धौरहरा तहसील के परिषदीय विद्यालय महादेव का आंगन किसी भव्य मंदिर सा जगमगा उठा। इसी अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए बनाए गए मिड डे मील शेड अन्नपूर्णा कुंज का शिलापट का अनावरण और फीता काटकर भव्य लोकार्पण किया। इस मिड डे मील शेड को "अन्नपूर्णा कुंज" का नाम स्वयं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दिया है, जो विद्यालयीन पोषण और मातृ-शक्ति के आशीर्वाद का प्रतीक है।



कार्यक्रम का सफल संयोजन बीडीओ संदीप कुमार ने किया।वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच 201 नन्हीं कन्याओं को मां दुर्गा का रूप मानते हुए पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन हुआ। जब परिषदीय विद्यालय की बालिकाएं लाल चुनरी ओढ़े पंक्तिबद्ध पहुंचीं तो माहौल में ऐसी आभा बिखरी मानो नौ रूपों की देवी स्वयं अवतरित हों। डीएम और विधायक ने कन्याओं के माथे पर तिलक कर पुष्प अर्पित किए। पूजन के बाद उपहार स्वरूप हर कन्या को एक थाली, गिलास, चम्मच, पानी की बोतल, स्कूली बैग, ज्योमेट्री बॉक्स, पेंसिल, रबर और कटर से सजी स्नेह-पोटली प्रदान की गई।इसके उपरांत आस्था और परंपरा का संगम और गाढ़ा हुआ। अन्नपूर्णा कुंज में विधिवत कन्या भोज का भव्य आयोजन हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने स्वयं कन्याओं को दक्षिणा अर्पित की और सम्मानपूर्वक भोजन परोसा। स्वादिष्ट व्यंजनों की सुगंध और कन्याओं की खिलखिलाहट से पूरा परिसर अलौकिक लगने लगा।

**कन्याओं को मदद की नहीं बल्कि मौके की जरूरत : डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल** – डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आदिशक्ति के आराधना करते हुए जनपद खीरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु जिले में आज कन्या पूजन आयोजित किया जा रहा है। कन्या-पूजन मातृ-शक्ति की आराधना का प्रतीक है। आज कन्याओं को पूजन के साथ उपहारो की बैग में प्रदान किया जा रहा है, इसमे शामिल उपयोग की वस्तुओं का सदुपयोग करें। कन्याओं को मदद की नहीं बल्कि मौके की जरूरत है। मौका बेटियों को महान बनाएगा। एक पढ़ी-लिखी बेटी, सुरक्षित भी होती है, सम्मानित भी होती है और स्वावलंबी भी होती है।

### महिला समूह को मिला 1.35 लाख का चेक

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने एसडीएम शशिकांत मणि, बीडीओ संदीप कुमार की मौजूदगी में सोमवार को कार्तिक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नमकीन पैकेजिंग मशीन के लिए 1.35 लाख रुपये का CCL चेक प्रदान किया। साथ ही कार्यक्रम में छह गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और तीन छह माह के शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। डीएम और विधायक ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समूह गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद डीएम, विधायक ने विद्यालय परिसर में हरिशंकरी का पौध रोपित किया।

## संपादकीय

### युवा वोटर

बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा पांच अक्टूबर के बाद किसी भी समय संभव है। वर्तमान में पूरे राज्य में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। राजनीतिक दलों के बीच बैठकों, रैलियों और रणनीति को लेकर हलचल जमी हुई है। गांव-शहर से लेकर चौपाल, बाजार और चौक-चौराहे तक सिर्फ चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में बिहार की राजनीतिक परिस्थितियां कई बड़े बदलावों से गुजरी हैं, जिससे इस बार का चुनाव और भी दिलचस्प हो गया है। खासतौर पर सामाजिक समीकरण, गठबंधन की राजनीति, नेतृत्व का चेहरा और राज्य की मूलभूत समस्याओं के आधार पर माहौल काफी संवेदनशील और गतिशील है। इस बार चुनाव में जनता के रुझान में स्पष्ट रूप से विभाजन दिख रहा है। एक तरफ जहां सत्ता पक्ष चुनाव को विकास, बिरादरी संतुलन और सामाजिक न्याय के नाम पर दांव पर लगा रहा है, वहीं विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसान और शिक्षा व्यवस्था को चुनावी मुद्दा बना रहा है। राज्य के युवा वर्ग में रोजगार के सीमित अवसरों को लेकर व्यापक असंतोष है। सरकारी भर्तियों में देरी, संविदा व अस्थायी नियुक्तियों और प्रवासी मज़दूरों की समस्याएं चुनाव का स्वरूप बड़ी हद तक तय करेंगी। राजनीतिक दलों की अगर बात करें, तो वर्तमान सरकार गठबंधन के नेतृत्व में है, जिसमें कुछ पुराने और कुछ नए साथी एक साथ आए हैं। विपक्ष में भी महागठबंधन की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत लग रही है, जिसमें जातीय समीकरण और नेतृत्व क्षमता दोनों को संतुलित रखने का प्रयास किया जा रहा है। सत्ता समर्थक अपने शासनकाल की उपलब्धियां, सड़क-बिजली-पानी के सुधार और कानून-व्यवस्था के मामलों को प्रमुखता से जनता के सामने गिनवा रहे हैं। वहीं विपक्ष राज्य में बढ़ती महंगाई, किसान ऋण और सरकारी नौकरियों की कमी को अपना अभियान बना रहा है। इस बार चुनाव की सबसे बड़ी चुनौती युवाओं की भूमिका को लेकर है। बड़ी संख्या में नौजवान वोटर राज्य की सामाजिक-आर्थिक सच्चाइयों को लेकर जागरूक हैं। शिक्षा, रोजगार, पलायन, तकनीकी विकास और सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता के मुद्दे उनके एजेंडे में सबसे ऊपर हैं। शहरी व ग्रामीण इलाकों में आर्थिक असमानता और महिलाओं की सुरक्षा के प्रश्न फिर से चर्चा में लौट आए हैं। किसान भी चुनावी समीकरण के महत्वपूर्ण घटक होंगे। वर्षा और बाढ़, फसल बीमा, समर्थन मूल्य और कृषि विपणन की स्वायत्तता जैसे मुद्दे राज्य के गांवों तक गूंजते हुए नजर आ रहे हैं। महिला मतदाता इस बार भी अपने बजाय अधिक मुखर और जागरूक बनी हुई हैं। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण, आरक्षण और कल्याण योजनाओं का कितना असर पड़ेगा, यह मतदान की दिशा तय करने में अहम होगा। राज्य के कुछ इलाकों में जातीय तनाव या सामाजिक असंतोष भी देखने को मिला है, जिसको लेकर कई दल क्षेत्रीय और जातीय संगठनों से गठजोड़ कर रहे हैं। अपराध दर, न्यायिक प्रक्रिया में देरी और जनता के बीच शासन-प्रशासन के चेहरे को लेकर भी संशय बना हुआ है। बिहार के गांवों में आज भी साख नेता की ही निर्णायक हो जाती है। मज़दूर हो, किसान हो, या छोटे व्यापारी, उनका समर्थन जीतना हर दल के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इस बीच नए युवा चेहरे, सिनेमा, सोशल मीडिया और जमीनी रिपोर्टिंग ने भी मतदाता के सोच को प्रभावित किया है। जनता का मिजाज देखें तो इस बार वह किसी भी तरह के बहकावे या भावनात्मक शिगूफे से दूर, ठोस सवालों के जवाब तलाश रही है। राजनीतिक वादों की विश्वसनीयता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता बदलाव चाहती है या चल रहे योजनाओं को ही आगे बढ़ाना चाहती है, इसका जवाब परिणाम में ही दिखेगा। अब रही बात निर्वाचन आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर, पंजाब, झारखंड सहित सात राज्यों की खाली आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की, तो आयोग के पास संवैधानिक अधिकार है कि वह लंबित या रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा कर सकता है। हालांकि इसका निर्णय अक्सर राज्यों की स्थिति, राजनीतिक परिस्थिति, सुरक्षा हालात और न्यायिक प्रक्रियाओं के हिसाब से लिया जाता है। सूत्रों के अनुसार, आयोग लगातार इन राज्यों से रिपोर्ट ले रहा है और जल्द ही उपचुनाव की तिथि तय कर सकता है।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# गृहमंत्री अमित शाह का जम्मू कश्मीर पर फोकस



प्रेम शर्मा

**गृहमंत्री ने बीते कुछ दिनों में जम्मू-कश्मीर से जुड़े 18 बड़े निर्णायक लिए जिसका सीधा सरोकार वहा के अमनचैन और विकास से जुड़ा है। पाँच लाख हिंदू और सिख परिवारों को कश्मीर की नागरिकता, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की सभी विशेष शक्तियाँ वापस और दोनों नेताओं का जम्मू-कश्मीर नेशनल यूनिवर्सिटी पर रहा नियंत्रण समाप्त कर दिया गया। हिंदू मंदिरों पर से सरकारी नियंत्रण खत्म, 1990 के अवैध कब्जों के खिलाफ अब कोई भी स्थानीय प्राधिकरण शिकायत दर्ज कर सकेगा। उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को पहले जो कानूनी सुरक्षा मिली हुई थी, उसे खत्म कर दिया गया है; अब उन्हें पब्लिक सेफ्टी एक्ट में ट्रायल किया जा सकेगा और किसी भी जेल में, यहाँ तक कि राज्य के बाहर भी, रखा जा सकता है।**

कश्मीर में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समाज सुधार के नाम पर आतंक फैलाने में लगी है। आईएसआई ने कार्यकर्ताओं का नेटवर्क बनाया है जो महिला सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर राष्ट्रविरोधी एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं। ये कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर अलगाववादी सोच का समर्थन करते हैं और भारत की नकारात्मक छवि पेश करते हैं। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और उसके पाले हुए आतंकी संगठन अब समाज सुधार के नाम पर कश्मीर में आतंक और अलगाववाद के विचारों के पोषण में जुटे हैं।पाकिस्तानी हैंडलरों ने ऐसे तथाकथित कार्यकर्ताओं का नेटवर्क तैयार कर लिया है, जो कभी महिला सशक्तीकरण और कभी पर्यावरण संरक्षण की आड़ लेकर राष्ट्रविरोधी एजेंडे को हवा देते हैं। यह कार्यकर्ता इंटरनेट मीडिया से लेकर अन्य मंचों का धड़ल्ले से प्रयोग करते हैं और राष्ट्रविरोधी गतिविधियां चलाते हैं। वे भारत की नकारात्मक छवि देश-दुनिया में गढ़ने में जुटे रहते हैं। इनका नेटवर्क कश्मीर से लेकर कुवैत व तुर्किये में फैला है। आरोपितों में व्यापारी, सरकारी कर्मी से लेकर युवा शामिल हैं। खूफिया तंत्रों से मिल रहे इन्पुट के आधार पर भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले कुछ दिनों में कई ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिये जो इस नेटवर्क की रीढ़ तोड़ने के लिए काफी होगे। अभी ऐसे कई और फैसले भारत सरकार का गृह मंत्रालय ले सकता है जो इस नेटवर्क की नींद हराम कर देगा। अभी हाल में श्रीनगर, अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां, हंदवाड़ा, कुपवाड़ा और बारामुला में की गई छापेमारी में कुछ आपत्तिजनक डिजिटल सुबूत बरामद हुए हैं और मोबाइल फोन, सिमकार्ड और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं। इसके बाद से गृहमंत्री प्रतिदिन जम्मूकश्मीर को लेकर वृहद रणनीति पर कार्य कर रहे है। गृहमंत्री ने बीते कुछ दिनों में जम्मू-कश्मीर से जुड़े 18 बड़े निर्णायक लिए जिसका सीधा सरोकार वहा के अमनचैन और विकास से जुड़ा है। पाँच लाख हिंदू और सिख परिवारों को कश्मीर की नागरिकता, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की सभी विशेष शक्तियाँ वापस और दोनों नेताओं का जम्मू-कश्मीर नेशनल यूनिवर्सिटी पर रहा नियंत्रण समाप्त कर दिया गया। हिंदू मंदिरों पर से सरकारी नियंत्रण खत्म, 1990 के अवैध कब्जों के खिलाफ अब कोई भी स्थानीय प्राधिकरण शिकायत दर्ज कर सकेगा। उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को पहले जो कानूनी सुरक्षा मिली हुई थी, उसे खत्म कर दिया गया है; अब उन्हें पब्लिक सेफ्टी एक्ट में ट्रायल किया जा सकेगा और किसी भी जेल में, यहाँ तक कि राज्य के बाहर भी, रखा जा सकता है। सचिवालय का वार्षिक स्थानांतरण अब समाप्त कर दिया गया है, और यह स्थायी रूप से जम्मू में ही रहेगा। जम्मू-कश्मीर की सभी सुविधाएँ अब सीधे केंद्र सरकार से जनता तक पहुँचेंगी, राज्य सरकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। वहाँ की जनता के पुराने रिकॉर्ड और दस्तावेजों की गहन जाँच की जा रही है।उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती से सरकारी आवास और गाड़ियों की सुविधा भी हटा दी गई है। दिल्ली जिन विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम नियंत्रित करती है, अब उनमें बदलाव किया जा रहा है। हिंदू मंदिरों के ट्रस्ट अब सीधे गृह मंत्रालय को रिपोर्ट करेंगे। कश्मीर वक्फ बोर्ड अब दिल्ली वक्फ बोर्ड के अधीन कर दिया गया है। 1990 में कश्मीरी पंडितों को भगाने के बाद जो ज़मीनें जबरन खरीदी या कब्जाई गई थीं, उनके फर्जी रजिस्ट्रेशन अब रद्द होंगे। यह बेहद अहम कदम है क्योंकि इतने वर्षों में किसी सरकार ने इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई नहीं की थी। पर्यटन विभाग और वन विभाग अब सीधे दिल्ली के नियंत्रण में होंगे ताकि बाहरी घुसपैठियों को स्थानीय स्तर पर मिलने वाली मदद पर रोक लग सके। कश्मीर के मुख्यमंत्री की प्रोटोकॉल रैंक घटाकर राष्ट्रपति की सूची में 7वें से 15वें स्थान पर कर दी गई है। इससे उनके विश्वविद्यालय बोर्ड और वक्फ बोर्ड पर रहे अधिकार भी समाप्त हो गए हैं। कई कश्मीरी आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। बैंकों को राज्य सरकार के नियंत्रण से मुक्त कर दिया गया है, जिससे कश्मीरी पंडितों और बाहरी निवेशकों के लिए निवेश का रास्ता आसान होगा। ये ऐसे फैसले किए गए जो यहॉ के आमअवाम के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जा रहै। वैसे भी 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया। जिससे जम्मू और कश्मीर को पहले मिली स्वायत्तता समाप्त हो गई। अब जम्मू और कश्मीर पर भारत के संविधान के सभी प्रावधान और केंद्रीय कानून लागू होते हैं। इसको लेकर अलगाववादियों की बौखलाहट का आभास सरकार को पहले ही था। वैसे तो कश्मीर में आतंकी और अलगाववादी एजेंडे को जिंदा रखने के लिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई पहले भी तथाकथित पत्रकारों और बुद्धिजीवियों का इस्तेमाल करती रही है। वह इनका इस्तेमाल दुनियाभर में कश्मीर के मुद्दे पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार में करती आई है। कई हवाला व आतंकियों की मदद करने के आरोप में पकड़े जा चुके है। खुर्रम परवेज नामक एक कथित मानवाधिकारवादी कुछ वर्ष से जेल में है। मोहम्मद अहसान उंतु हवाला मामले में पकड़ा जा चुका है। कथित पत्रकार इरफान मेहराज भी अलगाववादी एजेंडे को आगे चलाता था। आसिफ सुल्तान भी अलगाववादी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जेल जा चुका है। पिछले दिनों सोशल एक्टिविस्टों के नाम पर तैयार की जा रही जिहादी तत्वों की एक नई फौज खड़ी करने के आईएसआई के षड्यंत्र को नाकाम कर, जब्त किए गए डिजिटल सुबूतों से साजिश के साक्ष्य मिलेगें और गिरफ्तारियां भी होगी। कुल मिलाकर कश्मीर को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल लगातार मानीटरिग और निर्णय ले रहे है। जो इस बॉत का संकेत है कि कश्मीर को लेकर सरकार की सीधी नजरे बनी हुई है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com


# अजीब दीवानगी के चलते भगदड़ में गंवा रहे हैं जान ?



मनोज कुमार अग्रवाल

अजीब दीवानगी है एक चहेते हीरो की रैली में शामिल होने के लिए चालीस जान चली गई अपने देश में भगदड़ से आम लोगों की मौत होना एक नियति बनती जा रही है, क्योंकि देश के किसी न किसी हिस्से में कुछ समय के अंतराल पर ऐसी खबरें आती ही रहती है। दुःखद पहलू यह है कि जब भी ऐसी कोई खबर आती है, तो दुःख जताने के साथ जांच कमेटी बैठा दी जाती है। साथ ही मुआवजा देकर मरहम लगाकर लीपापोती कर दी जाती है, लेकिन इससे सबक लेते हुए इसको रोकने के लिए कदम कम ही उठाये जाते हैं। इसी कड़ी में तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। कभी कोई धार्मिक आयोजन मंदिर दर्शन कुंभ स्नान खेल मैदान या धर्मगुरु बाबा की रैली निर्दोषों की जान लेती है तो इस बार राजनीति में पैर जमा रहे हीरो के चक्कर में बेगुनाहों की मौत हो गई। मिल रही जानकारी के अनुसार वह इस भगदड़ को लेकर कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है. उनकी पार्टी कोर्ट में सामने इस हादसे को लेकर संदेह जता रही है. कोर्ट से इस मामले की जांच कराने की मांग भी कर सकते हैं. कहा जा रहा है उनकी पार्टी ने कोर्ट को बताया कि इस पूरे हादसे के पीछे एक सोची समझी साजिश है, ये साजिश किसने रची इसकी जांच कराना जरूरी है. इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई हो सकती है. आपको बता दें कि अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके ने कल करूर में हुई रैली में हुई भगदड़ के पीछे डीएमके की साज़िश का आरोप लगाया है. इस भगदड़ में 39 लोग मारे गए और लगभग 100 घायल हुए. टीवीके के वकील अरिवझगन ने एनडीटीवी को बताया कि पार्टी ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है जिसमें अदालत से एक विशेष जांच दल गठित करने या मामले को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया गया है. मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं. मृतकों का आकंड़ा बढ़ने की आशंका है. इस साल 2025 में मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान गई है. देश में पिछले दो दशक में दो दर्जन बार भगदड़ में करीब 1500 लोगों की जानें गई हैं, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं। 2025 को भगदड़ दुर्घटनाओं का साल कहा जाए तो गलत नहीं होगा साल की शुरुआत 8 जनवरी, 2025तिरुमाला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्का-मुक्की में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई. दर्जनों लोग घायल हो गए. महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को संगम क्षेत्र में भगदड़ मच गई. मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों तीर्थयात्री स्नान के लिए जगह पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे. भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई, 60 लोग घायल हो गए.आइपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हादसा हो गया। विक्ट्री परेड शुरू होने से पहले अचानक भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे भगदड़ मची। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हुए। 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भगदड़ मच गई. भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई, 15 घायल हो गए. तीन मई को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हो गए. आपको बता दें इस से पहले 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई. तीन जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि द्वारा आयोजित 'सत्संग' (प्रार्थना सभा) में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई. मध्य प्रदेश के इंदौर में एक मंदिर में 31 मार्च 2023 रामनवमी के अवसर पर आयोजित 'हवन' समारोह के दौरान 'बावड़ी' या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की जान चली गई. 2022 के पहले दिन जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई. 29 सितंबर 2017 को मुंबई में पश्चिमी रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले पुल पर मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत हो गई.गोदावरी नदी के तट पर 14 जुलाई 2015 को हुई भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, 20 घायल हो गए. दशहरा समारोह 3 अक्टूबर 2014 को मेला समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में मची भगदड़ में 32 लोगों की मौत हो गई. 13 अक्तटूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की जान चली गई और 100 से अधिक घायल हो गए. 19 नवंबर, 2012पटना में गंगा नदी के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में 20 लोग मारे गए. 8 नवंबर, 2011हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे घाट पर भगदड़ मचने से 20 लोग मारे गए. 14 जनवरी, 2011केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए, 40 से अधिक घायल हो गए.4 मार्च, 2010उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में लगभग 63 लोग मारे गए. 30 सितंबर, 2008 राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाहों के कारण मची भगदड़ में 250 श्रद्धालु मारे गए, 60 से अधिक घायल हो गए.3 अगस्त, 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह उड़ी, जिसमें 162 लोग मारे गए. 25 जनवरी, 2005 महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर मेंथा मे थे वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान 340 से अधिक श्रद्धालु कुचलकर मारे गए. 27 अगस्त, 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ में 39 लोग मारे गए.वास्तविकता यही है कि अपने देश में भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं बनती है और यही कारण है कि ऐसे हादसे होते ही रहते हैं। जरूरत है कि भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

## कविता



गीता खत्री

### रावण दहन

कुछ भी नहीं जलेगा, ना झूठ ,ना
व्यभिचार, और ना ही भृष्टाचार ..
धरती पर इस बार भी केवल तुम
जलोगे.. रावण! सीता हरण के
अपराधी हो तुम.. इस अपहरण की
आग में सदियों जलोगे.. वो नहीं जलते
हैं, जो अब के हैं दानव.. अब हरण
मात्र से क्षुधा ना शांत होती. . अस्मिता
से खेलतें हैं वहशी मानव.. अब ना रूप
धारण करे कोई भिक्षुक बन कर.. अब
तो हर एक भेष में दिखते हैं रावण .कब
तलक इस कथा से जग को छलोगे..
धरती पर इस बार भी केवल तुम
जलोगे.. छल कपट पांखण्ड में संसार
लिप्त है.. शून्य है अब सत्यता, ये राह
रिक्त है.. आचरण अधर्म का है उत्थान
पर अब.. भाई भक्ति भाव भरत का है
पतन में.. अब विभीषण छल कपट का
सूत्र सिक्त है.. कितना नाभि में ही तुम
अमृत भरोगे.. धरती पर इस बार भी
केवल तुम जलोगे.. दहन अब पुतलों
का ही ये जग करेगा.. भूत रावण के
कर्मों का जीवित रहेगा.. अब तेरे
दशशीश से कुछ ना बिगड़ता .सैकडो.हैं
तेरे जैसे रूप में अब.. अब कहाँ ये जग
भला तुझसे डरेगा.. इस नयी लंका को
देख तुम खुद डरोगे.. धरती पर इस
बार भी केवल तुम जलोगे..

# पारिवारिक दलों में विरासत की तकरार, कब लगेगी इस पर लगाम



क्रांति कुमार पाठक

देश के राजनीतिक परिवारों में होने वाले कलह कोई नई बात नहीं है। इनमें कभी सास-बहू, कहीं भाई-भाई, कहीं भाई-बहन, तो कहीं चाचा-भतीजे की वजह से परिवार में तकरार हुई है। भारत राष्ट्र समिति में के. कविता और भाइयों के बीच कलह चरम पर है। दरअसल, राजनीतिक परिवार में कलह का यह कोई पहला मामला नहीं हैं। देश की सियासत में कम से कम ग्यारह ऐसी पार्टियां हैं, जिन्हें पारिवारिक फूट के बाद टूट का सामना करना पड़ा है। केसीआर के नाम से चर्चित के. चंद्रशेखर राव की पार्टी में कलह खुलकर सामने आ चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी के. कविता को भाइयों के खिलाफ आवाज उठाने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। पार्टी से निष्कासित किए जाने के दूसरे दिन बाद केसीआर की बेटी के.कविता ने पार्टी और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। उन्होंने चचेरे भाई व पूर्व मंत्री टी. हरीश राव पर केसीआर परिवार के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। कविता इससे पहले सगे भाई के.टी. रामाराव और चचेरे भाई संतोष राव पर भी आरोप लगा चुकी हैं। इस तरह भारत राष्ट्र समिति में इन दिनों सत्ता को लेकर आंतरिक कलह चरम पर है। वैसे भारत राष्ट्र समिति अकेला ऐसा दल नहीं है। कलह में ये पार्टियां हुईं दोफाड़ कांग्रेस पार्टीः गांधी परिवार में कलह की शुरुआत संजय गांधी के असमय निधन के बाद हुई, जब इंदिरा गांधी ने राजनीति में रुचि न रखने वाले राजीव गांधी को आगे बढ़ाना शुरू किया। यह फैसला संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी को स्वीकार नहीं था। इससे दोनों के बीच मतभेद गहराने लगे। इंदिरा गांधी ने 28 मार्च 1982 की रात को मेनका को घर छोड़ने का आदेश दे दिया। मेनका दो साल के बेटे वरुण को गोद में लेकर प्रधानमंत्री आवास से निकल गईं। बाद में मेनका ने राष्ट्रीय संजय मंच की स्थापना की और 1984 में राजीव गांधी के खिलाफ अमेठी से चुनाव लड़ा, लेकिन चुनाव हार गईं। बाद में मेनका जनता दल में शामिल हो गईं। मेनका की विरासत वरुण ने संभाली, वहीं कांग्रेस की कमान राहुल के हाथ में आई। हालांकि कुछ समय बाद राहुल ने अध्यक्ष पद छोड़ दिया। राष्ट्रीय जनता दलः आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव ने अपने बेटे तेजप्रताप यादव को निजी जीवन से जुड़े विवादों और सार्वजनिक आचरण को लेकर पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। इसके बाद तेजप्रताप ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी जनशक्ति जनता दल बना ली। उनकी बहन रोहिणी आचार्य कभी तेजप्रताप का साथ देती नजर आ रही हैं तो कभी परोक्ष रूप से तेजस्वी पर हमला करती दिख रही हैं। वहीं लालू की बड़ी बेटी मीसा भारती बेशक इन दिनों चुप हैं, लेकिन उनकी नाराजगी भी सतह पर आती रही है। इससे पहले, 2021 में तेजप्रताप और तेजस्वी के बीच जगदानंद को बिहार को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर घमासान हुआ था। समाजवादी पार्टीः सपा के संस्थापक मुलायम सिंह के निधन के बाद उनकी सियासी विरासत को लेकर अखिलेश यादव और शिवपाल यादव के बीच सत्ता संघर्ष हुआ। इसी वजह से पार्टी में बड़ी टूट हुई। शिवपाल यादव ने बाद में अपनी खुद की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) बना ली। 2016 में मुलायम ने बेटे अखिलेश और चचेरे भाई रामगोपाल यादव को पार्टी से निकाल दिया था। बाद में अखिलेश पार्टी का अधिवेशन बुलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। शिवपाल को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। शिवसेनाः राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे दोनों ही बाल ठाकरे के करीबी रहे, लेकिन शिवसेना की विरासत को लेकर मतभेद ने उन्हें अलग रास्तों पर ला खड़ा किया। शिवसेना हिंदुत्व और मराठी मानुष की राजनीति करने वाली पार्टी रही। राज ठाकरे की उग्र राजनीति में इसकी झलक थी, लेकिन 2006 में उद्धव को कमान सौंपने से खफा होकर राज ठाकरे ने शिवसेना छोड़कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली। हालांकि पिछले कुछ दिनों से दोनों की जुगलबंदी दिख रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टीः शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच सत्ता संघर्ष के कारण पार्टी दोफाड़ हो गई। अजित पवार ने पार्टी के अधिकांश विधायकों को साथ मिलाकर अलग गुट बना लिया और महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए। अजित ने इसस पहले 2019 में भी बगावत की थी और भाजपा से हाथ मिला लिया था। लेकिन तब शरद पवार ने डैमेज कंट्रोल कर लिया था। लोक जनशक्ति पार्टीः रामविलास पासवान की मृत्यु के बाद उनके बेटे चिराग पासवान और भाई पशुपति कुमार पारस के बीच पार्टी के नेतृत्व को लेकर संघर्ष हुआ, जिसके कारण पार्टी दो गुटों में विभाजित हो गई। केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के निधन के एक साल के अंदर ही पार्टी पर कब्जे के लिए परिवार अखाड़ा बन गया था। एआईएडीएमकेः एम.जी. रामचंद्रन के निधन के बाद 1987 में उनकी पत्नी जानकी रामचंद्रन और जयललिता के बीच अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के नेतृत्व को लेकर तीखा विवाद हुआ। इसकी वजह से पार्टी दो गुटों में बंट गई। हालांकि बाद में जानकी ने राजनीति से संन्यास ले लिया। बाद में जयललिता की मौत के बाद 2016 में ओ. पनीर सेल्वम और के. पलानीसामी के बीच नेतृत्व को लेकर विवाद हुआ। जनता दल (सेक्युलर): एच.डी. देवेगौड़ा के परिवार के भीतर सत्ता और टिकट वितरण को लेकर समय-समय पर मतभेद सामने आते रहे हैं। खासकर उनके बेटे एच.डी. कुमारस्वामी और एच.डी. रेवन्ना के बीच कई बार सार्वजनिक मंचों पर भी असहमति देखी गई है। 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले हासन सीट को लेकर भी पार्टी में विवाद हुआ, जब रेवन्ना की पत्नी भवानी रेवन्ना ने अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की, लेकिन कुमारस्वामी ने साफ कह दिया कि उन्हें टिकट नहीं दिया जाएगा।

# मेंढकों के टर्राने से वनराज कभी राह नहीं बदला करते



सुशील कुमार 'नवीन'

आज लिखने का मन बना तो एक पुराना किस्सा याद हो आया। एक अकडू और अड़ियल परिवार रेलयात्रा कर रहा था। पति-पत्नी,बेटा-बेटी कुल चार सदस्य। टिकट चार थी। कब्जा छह सीट पर किए बैठे थे। कोई सरकने की कहता तो उलझ पड़ते। एक स्टेशन पर एक पहलवान रेल में सवार हुआ। उसने बैठने के लिए सीट मांगी तो परिवार के मुखिया ने आदतन पहलवान को झिड़क दिया। पहलवान को गुस्सा आया और उसने एक जोरदार मुक्का हेड ऑफ द फैमिली के मुंह पर जड़ दिया। मुक्का लगते ही हेड का सिर चकरा गया। शेष मेंबर देखते रह गए पर किसी की हिम्मत नहीं पड़ी कि पहलवान को कुछ कह दे। पिटाई के शिकार बने हेड ने सोचा कि पहलवान से मुकाबला तो हो ही नहीं सकता। चुप रहा तो घर जाकर पत्नी मजाक उड़ाएगी कि बड़े हीरो बने फिरते हो। एक मुक्के ने सारी हीरोगिरी निकाल दी। हिम्मत जुटाई और पहलवान को ललकारा। ओ पहलवान! तुमने मेरे मारा, मैने सहन कर लिया। हिम्मत है तो मेरी पत्नी को मारकर दिखा। फिर बताता हूं। पत्नी कुछ कह पाती, इतनी देर में पहलवान ने उसके मुंह पर एक धर दिया। पत्नी के मुक्का लगते ही हेड चुप बैठ गया। अब पत्नी ने सोचा कि पति तो चाल चल गया। बेटा तेरा जरूर मजाक उड़ाएगा कि पापा पर तो अकड़ दिखाती रहती हो। आज एक पहलवान ने तुम्हारी सारी अकड़ ढीली कर दी। दर्द को सहन करती हुई गुस्से में उसने पहलवान को ऐसे ललकारा मानो अब खैर नहीं। बोली- सुन ले पहलवान! तुमने मेरे पति को मारा, मैं चुप रही। मुझे मारा, चलो यहां तक भी चुप हूं। तुम इतने ही बड़े पहलवान हो तो मेरे बेटे को मारकर दिखाओ वो तेरा एक बार में हो कल्याण कर देगा। अब बेटे का चेहरा देखने लायक था। समझ आ गया कि मम्मी ने उसे फंसा दिया। कुछ बोलता, इससे पहले पहलवान ने उसके भी मुक्का जड़ दिया। अब बिना मार खाए सिर्फ बहन बची थी। घर पर तो वह शेरनी बनी रहती है, पापा मम्मी से कई बार पिटवाया हुआ था। आज मौका मिल गया। पहलवान को ललकारा। पहलवान! ये मत समझना कि मेरे मम्मी-पापा को मारकर तुमने कोई बड़ी जंग जीत ली है। वे तो शरीफ हैं , पर मैं ऐसा नहीं हूं। तेरा इलाज पक्का होगा। इससे पहले तू मेरी शेरनी बहन को मारकर दिखा। एक झटके में तेरा काम न कर दें, तो फिर कहना। बहन कुछ समझ पाती इससे पहले एक मुक्का उसे भी जा लगा। अब चारों पिटाई के मामले में बराबर हो चुके थे। अब डिब्बे में सन्नाटा था। पहलवान को सीट मिल गई। तीन-चार स्टेशन के बाद वह उतर गया। साइड की सीट पर बैठे बुजुर्ग ने हेड को कहा- भले मानस, तुम तो पिट लिए थे, ये सारे घर वाले क्यों पिटवाए। सीट पहले ही उसे दे देते। कम से कम इन्हें तो मार नहीं पड़ती। जवाब मिला कि बाबा! अगर मैं अकेला पिट जाता तो घर जाकर ये सब मेरा मजाक उड़ाते। अब अब पिट गए हैं तो कोई किसी का मजाक नहीं बनाएगा। कुछ ऐसा ही इस बार एशिया कप में पाकिस्तान के साथ हुआ है। टीम की तो जलालत तीनों मैचों में हुई ही है,जाते जाते उनके बोर्ड मुखिया भी करवा गए। अब अब बराबर हो गए हैं कोई किसी को कुछ नहीं कहेगा। महाभारत में महात्मा विदुर ने कहा है-

**कृते प्रतिकृतिं कुर्याद्विंसिते प्रतिहिंसितम्।**
**तत्र दोषं न पश्यामि शठे शाठ्यं समाचरेत्॥**

भाव है कि जो जैसा करता है, उसके साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए। हिंसा करता है, तो हिंसा करनी चाहिए। यदि दुष्ट(शठ) के साथ दुष्टता(शठता) की जाए, तो इसमें कोई दोष नहीं माना जाता। एशिया कप की शुरुआत से ही भारत इस बार पाकिस्तान के खिलाफ मुखर रहा है। टूर्नामेंट में खेलने या न खेलने पर भी अंतिम समय तक संशय था। न खेलते तो सीधा फायदा पाकिस्तान को होना था। जो भारत के हर क्रिकेट प्रेमी को नागवार गुजरता। इसलिए इस बार कुछ अलग ही खेल खेलना तय हुआ। उधर, एशिया कप की शुरुआत से पहले दूसरी तरफ से बयानबाजी जोरों पर थी, हम ये कर देंगे, वो कर देंगे। बुमराह की छह की छह गेंदों पर छक्के मारेंगे। हमारे आफरीदी के आगे बुमराह कुछ नहीं है। कप पर हमारा हक है। इसे हम हर हाल में जीतकर लौटेंगे। पर दावा भारत के साथ पहले ही मैच में फुस्स हो गया। जलालत में कोई कमी नहीं छोड़ी गई। न टॉस पर, न मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ मिलाया गया। हाथ मिलाना तो दूर उनकी तरफ देखा तक भी नहीं गया। मिर्ची लगी तो शिकायत भी की गई, एशिया कप के बायकॉट करने के ड्रामे का भी भारतीय टीम पर कोई असर नहीं पड़ा। मैच में भी छेड़खानी का प्रयास किया तो बल्ले के साथ जुबान से जोरदार जवाब मिला। साथ ही पहले ही ये कह दिया गया था कि भारत एशिया कप जीतता है तो एसीसी और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी स्वीकार नहीं करेगा। फाइनल मैच जीतकर भारतीय टीम ने इस कथन को मात्र कथन न रखकर चरितार्थ भी करके दिखा दिया। पोडियम पर अन्य अतिथियों के हाथों मिलने वाले प्रत्येक सम्मान को इज्जत के साथ ग्रहण किया गया। नकवी इंतजार करते रहे। बार बार बुलाया जाता रहा पर भारतीय टीम अपने फैसले पर अड़ी रही। अंत में ट्रॉफी नकवी अपने साथ वापस ले गए। टीम ने बिना ट्रॉफी विक्ट्री सेलिब्रेशन किया। अब सीधे मुद्दे पर आते हैं। भारतीय टीम कोई खैरात, मान मनौव्वल, सेटिंग या किसी छल प्रपंच से नहीं जीती है। हर एक मैच को केवल जीता नहीं है, उसे पूर्ण रूप से अपने अंदर आत्मसात किया है। भारत ने लगातार दस मैच जीते हैं और पाकिस्तान ने केवल चार। अंतराष्ट्रीय स्तर तक सबको पता था कि भारतीय टीम अंत तक अपने फैसले पर अड़ी रहने वाली है तो फिर धक्काशाही क्यों। बार-बार जलील होने की क्या जरूरत थी। टॉस पर हाथ नहीं मिलाया तो शिकायत, मैच जीतने के बाद हाथ नहीं मिलाया तो शिकायत। सीधी सी बात है मेंढकों के टर्राने से शेर कभी राह नहीं बदलते। अब चीखते रहो, चिल्लाते रहो।

## एक नजर

### कन्या पूजन, भोजन कराया फिर दिए उपहार



**सीतापुर।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत नवरात्रि के अष्टमी पर जिले की सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालय में वृहद स्तर पर कन्या पूजन कराया गया। उसके तहत सभी 20 कस्तूरबा बालिका विद्यालय में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। जिसका उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा कस्तूरबा गांधी विद्यालय खैराबाद से किया गया। पूजन में सर्वप्रथम देवी माँ की आरती व उसके बाद हवन तत्पश्चात बालिकाओं को खाना खिलाया गया व उपहार स्वरूप उनको गिफ्ट्स दिए गए। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में खैराबाद में मुख्य विकास अधिकारी के साथ में जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी खैराबाद एवं खंड शिक्षा अधिकारी खैराबाद भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को नारी शक्ति के बारे में अवगत कराना था। कन्या पूजन में लगभग 2200 बालिकाओं का कन्या पूजन करवाया गया तथा बालिकाओं को पढ़ाई में प्रोत्साहन पेटू, पेन एवं कॉपी इत्यादि दी गई। इस दौरान उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबर से की भी जानकारी दी गई।

### नौ वस्तुओ से उतारी गयी माँ की आरती



**सीतापुर।** आँख अस्पताल परिसर में आयोजित श्री श्री सार्वजनिन दुर्गोत्सव में महासप्तमी पूजन पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से पधारे पुरोहित दुर्गा पदो चक्रवर्ती द्वारा मंत्रोच्चारण शंख एवं घंटा व ढाक की ध्वनि के साथ विधि विधान के साथ संपन्न कराया। वहां पर उपस्थित श्रद्धालु महिलाओं ने केले के वृक्ष को स्थापित कर वस्त्र पहनाया गया। श्रद्धालुओं द्वारा माँ को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। दोपहर को भण्डारे का आयोजन हुआ। सायंकाल की बेला में पुरोहित दुर्गा पदो चक्रवर्ती ने पंचमुखी दीपक, कपूर से भरा दीपक, धूपधी, जल से भरा हुआ शंख, तौलिया, हाथ वाला पंखा, रेशे वाला पंखा, पान व सुपाड़ी से आरती की, तत्पश्चात माँ को हलुवा, नारियल व विभिन्न प्रकार के लड्डुओं का भोग लगाया गया। 30 सितंबर की सायं 8 बजे राष्ट्रीय सेवा परिषद व एस.जे.डी. इंडिया फाउंडेशन के द्वारा समाज को सन्देश देने वाली नाट्य 'सच का आयना' की प्रस्तुति की जाएगी। एन. एन. चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, श्यामल दत्त, पंकज मुखर्जी, दीपक विश्वास, शांतनु दत्ता, निमिष दास, प्रदीप राय, नीता मुखर्जी, नीता दास, श्यामली पोले, अपर्णा दास, गीतिका दत्ता, देवी श्री दास, वंदना राय, इला दत्ता रहे।

### अनूप व विजय शंकर बने तकनीकी निर्णायक

**सीतापुर।** कसमंडा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय चौड़िया प्राचीन के प्रधानाध्यापक अनूप शुक्ला और खैराबाद ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बरसोहिया के इंचार्ज प्रधानाध्यक विजय शंकर सिंह को गलगोटिया विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में 7 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित हो रही नॉर्थ जोन पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप एवं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता के संचालन हेतु तकनीकी निर्णायक के तौर पर चुना गया है। इन दोनों शिक्षकों की इस उपलब्धि पर जिले के अने शिक्षक व शिक्षिकाओं ने उनको शुभकामनाएं दी हैं।

### अटरिया मार्ग पर सड़क किनारे मिला शव

**सिधौली/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के लालपुर अटरिया मार्ग पर सड़क किनारे एक शव पाया गयाशव के पास ही एक स्प्लेंडर बाइक भी पुलिस को बरामद हुई बाइक नम्बर से मृतक की पहचान संजय यादव पुत्र श्रीप्रकाश निवासी ग्राम चंद कोडार विजयपुर थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ के रूप में हुई शव देखकर ऐसा प्रतीत होता रहा था कि बाहर से लाकर यहां पर डाला गया था शव पर नीला निशान था और मुंह और नाक से झाग आ रहा था।कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि मृतक के ऊपर विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत हैं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### बीएलओ के खिलाफ डीएम को दिया शिकायती पत्र

**मिश्रिख (सीतापुर)।** विकासखंड की ग्राम पंचायत नरायनपुर के मजरा गौरीहार निवासी ललितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। कि ग्राम पंचायत नरायनपुर में तैनात बीएलओ शिवरननलाल गौरीहार के जुनियर हाईस्कूल में हेड मास्टर के पद पर तैनात हैं। वह ग्राम पंचायत में घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य नहीं कर रहे है। विद्यालय में ही बैठकर कार्य कर रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है। कि वह युवा मतदाताओं का नाम सूची में न भरकर फर्जी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में सम्मिलित कर रहे हैं। उनके द्वारा विवाहितलड़कियों के नाम विलोपित न करके सम्मिलित किए जा रहे हैं। जिससे स्वतंत्र निर्वाचन हो पाना संभव नहीं होगा। उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बीएलओ की कार्य शैली की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

### श्रीराम के बताए हुए मार्ग पर चलना होगा




**बिसवां (सीतापुर)।** नगर पालिका द्वारा आयोजित किए जाने वाले दशहरा मेला का आज उद्घाटन विधायक निर्मल वर्मा ने करते हुए कहा हमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के बताए हुए मार्ग पर चलना होगा तभी हम देश समाज और अपना विकास कर सकेंगे श्री राम ने जात पति से हटकर लोगों को जोड़ने का काम किया है उन्होंने कहा भगवान श्री राम ने इन्ही लोगों के साथ अहंकारी रावण का वध कर लंका के लोगों को रावण के आतंक से मुक्ति दिलाई बिसवां की ऐतिहासिक रामलीला नगर पालिका द्वारा कराई जाती है रामलीला में विभिन्न प्रकार के साहित्यिक कार्यक्रम कवि सम्मेलन आतिशबाजी के अलावा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं लंका दहन के बाद भरत मिलाप के बाद रामलीला का समापन होता है मेला उद्घाटन के दौरान पालिका अध्यक्ष पुष्पा जायसवाल अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी के अलावा नगर पालिका का समस्त स्टाफ भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए लोग व गण मान्य लोग मौजूद थे।

### घरेलू महिलाओं को भी किया जा रहा जागरूक



**तंबौर (सीतापुर)।** मिशन शक्ति 5 के तहत चलने वाला महिला सुरक्षा अभियान लगातार जारी है। तंबौर थाना पुलिस द्वारा गांव गांव चौपाल लगाकर घरेलू महिलाओं को भी इसकी जानकारी दी जा रही है। सोमवार को थाने की महिला आरक्षी द्वारा कस्बे केग्राम गोधिया में मिशन शक्ति चलाया गया जहाँ मौजूद कामकाजी और घरेलू महिलाओं को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया।सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण योजनाओं के पम्पलेट भी वितरित किये गए थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय ने बताया कि महिला सुरक्षा की जानकारी देने व उन्हें जागरूक करने का मिशन शक्ति अभियान गाँव गाँव तक पहुंचाया जाएगा जिससे वह निडरता व आत्मसम्मान के साथ समाज में अपनी पहचान बना सकें।

### बालिकाओं के पैर पूजे, कराया भोजन

**तंबौर (सीतापुर)।** पावन नवरात्रि के मौके पर कस्बे के कस्तूरबागांधी आवासीय विद्यालय में रहकर शिक्षा ले रही बालिकाओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया गया।सोमवार को खण्ड विकास अधिकारी बेहटा अरुण कुमार वर्मा ने नवरात्रि के अवसर पर कस्तूरबागांधी विद्यालय की कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया माँ देवी भगवती की विधिविधान से पूजा करने के बाद उन्होंने उनके पैर धोकर आशीर्वाद लिया। प्रेमपूर्वक पूड़ी खीर फल खिलाकर दक्षिणा भी दी।

# बीएसए पर दर्ज हो केस, कराई जाए न्यायायिक जांच : वर्मा

## बीएसए-प्रधानाध्यापक मारपीट प्रकरण : ओबीसी महासभा ने प्रदर्शन कर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

» आफिस में लगे हुए सीसीटीवी में कैद प्रकरण सार्वजनिक किये जाने की रखी मांग



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** बीएसए-प्रधानाध्यापक में सोमवार को नंदवा प्राथमिक विद्यालय में पिछड़ी जाति से जुड़े प्रधानाध्यापक के ऊपर कार्रवाई को लेकर ओबीसी महासभा ने मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। महासभा के राष्ट्रीय माहसचिव रामनिवास वर्मा ने कहा कि संज्ञान में आया है कि विद्यालय की शिक्षिका अनियमित रूप से विद्यालय आती है। विद्यालय समय से उपस्थिति नहीं होती थी जिससे विद्यालय में पढ़ाई एवं बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित रहता है।

प्रधानाध्यापक द्वारा कई बार शिक्षिका को समय से विद्यालय आने एवं शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए कहा किंतु शिक्षिका द्वारा इसकी अनदेखी की गई, जिससे बच्चो का पठन-पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि बीएसए को अवन्तिका गुप्ता से पता नहीं किस प्रकार का लगाव था जो बृजेन्द्र वर्मा पर वेतन निकालने के लिए बार-बार दबाव डालते थे। बृजेन्द्र वर्मा ने बात मानने से इन्कार किया तो उन्हें सस्पैण्ड करने व गालियों देते हुए ऑफिस से भाग जाने की बात कही। जिसके बाद बृजेन्द्र वर्मा व बीएसए के बीच हाथापाई व मारपीट हुयी जिस कारण बृजेन्द्र वर्मा को बीएसए द्वारा संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराकर जेल भिजवा दिया गया। महासभा ने बीएसए आफिस में लगे हुए सीसीटीवी में कैद उपरोक्त प्रकरण सार्वजनिक किये जाने, बीएसए कार्यालय में बृजेन्द्र वर्मा के साथ जिन-जिन कर्मचारियों द्वारा मारपीट की गयी है उन पर मुकदमा पंजीकृत कराने की मांग करते हुए कहा कि बृजेंद्र वर्मा का मेडिकल परीक्षण जेल जाने से पूर्व क्यों नहीं कराया गया। बीएसए, बृजेन्द्र वर्मा व अवन्तिका गुप्ता का मोबाइल सीडीआर सार्वजनिक करने, बृजेन्द्र वर्मा को जेल से रिहा कराकर उनका सस्पेन्सन रद्द करके उनको पुनः उक्त विद्यालय में नियुक्त करने की मांग की है। इस प्रकरण की जांच विभागीय कर्मचारियों से न कराकर किसी रिटायर्ड जज से करायी जाये तभी बृजेन्द्र वर्मा को न्याय मिल सकेगा। इस दौरान अमरेंद्र पटेल, सरवन, चंद्र प्रकाश, अमित वर्मा, आशीष वर्मा, सचिन पटेल, कैलाश सिंह, संजय वर्मा, ओमेंद्र वर्मा, नितिन वर्मा व अभिनय पटेल रहे।

**चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार**

**सीतापुर।** लहरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त राजू कश्यप पुत्र रामकिशोर निवासी मोहल्लस ठठेरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर हाल पता आसरा कालोनी थाना तम्बौर को लालपुर बाजार से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से चोरी की मोटर साईकिल बरामद हुई है। पुलिस ने चोरी व बरामदगी की धाराओं के केस दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय में किया है।

### जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की मौत से हड़कंप

यौन शोषण के मामले में 27 सितम्बर को भेजा गया था जेलसीतापुर। जिला जेल में निरुद्ध एक बंदी की सोमवार रात संदिग्ध हालत में मौत हो गई। यौन शोषण के आरोप में युवक को एक दिन पहले ही तालगांव पुलिस ने जेल भेजा था। युवक की मौत के पीछे पुलिस की पिटाई का आरोप परिजन लगा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तालगांव थाना क्षेत्र के भेलावां निवासी उमेश पुत्र विजय को 27 सितम्बर को गांव की ही एक सजातीय युवती के साथ यौन शोषण के आरोप में जेल भेजा था। बताते हैं कि युवती का उमेश से पिछले दो वर्षों से प्रेम सम्बंध चल रहा था। कुछ दिन पूर्व इसका खुलासा होने पर युवती के परिजनों ने शादी के लिए दबाव डाला था जिस पर युवक के परिजन राजी नहीं हुए थे। स्थानीय स्तर पर जब समझौते का प्रयास सफल नहीं हुआ तो युवक पर यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया था। जेल अधीक्षक सुरेश सिंह के मुताबिक जेल में दाखिल होने के कुछ घंटे बाद ही उसे सांस लेने में परेशानी हुई तो जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भर्ती करा दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उमेश की मौत के पीछे पुलिस की पिटाई को बताया है। पुलिस को युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है जिसके बाद ही असल सच्चाई सामने आ सकेगी।

## शार्ट सर्किट से आग लगी आग फायर ब्रिगेड टीम ने पाया काबू

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सिधौली (सीतापुर)।** कस्बे में तहसील मार्ग पर स्थित डाकघर में सोमवार शाम शार्ट सर्किट से आग लग गयी। डाकघर से धुआं निकलता देख पास ही स्थित कोतवाली के पुलिस कर्मियों ने आग की सूचना फायर ब्रिगेड व डाककर्मियों को दी। मौके पर कोतवाली से पहुंचे अपराध निरीक्षक राममणि यादव ने स्वयं फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाई व पुलिस कर्मियों ने बहादुरी से जलते तारों को अलग किया। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंची आग पर काबू पा लिया गया।आग से केवल तारों के सुलगने से कोई अन्य बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

# रघुबरदयालपुर में फिर मिले बाघ के ताजा पगमार्क

## सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने की काम्बिंग, तलाश जारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**महोली (सीतापुर)।** बाघ व उसके कुनबे से महोली इलाके के दर्जनों गांवों के लोगों को फिलहाल राहत नहीं मिल पा रही है। सोमवार सुबह रघुबरदयालपुर गांव के उत्तर शील्हापुर निवासी अनिल के सबमर्सिबल पम्प के पास बाघ के पगचिह्न खेतों में मिले।

बाघ की क्षेत्र में मौजूदगी से लोग दहशतजदा हो गए और उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर मौके पर वन विभाग की टीम ने खेतों से फुटमार्क के निशान कैमरे में कैद किए और खेतों में काम्बिंग की। गांव के हरद्वारी, रामकिशोर, अंशुल व टेलर ने बताया कि वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सजग रहने की हिदायत दी। टीम ने ग्रामीणों से कहा कि वह खेतों में जाएं तो कई लोगों के समूह में जाएं। बाघ अथवा किसी जंगली जानवर देखे जाने पर इसकी तत्काल सूचना वन विभाग को दें। टीम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बच्चों को खेतों की तरफ ने भेजें और खुद भी सतर्क रहें। फिलहाल बाघ के ताजा पगचिह्न मिलने से इतना साफ हो गया है कि इलाके में बाघ व उसके शावक अभी मौजूद हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व पसिगवां गांव के पश्चिम शावक के पगचिह्न ग्रामीणों ने देखे थे जिसका वीडियो बना लिया था लेकिन तब वन विभाग की टीम ने मौके पर जाना भी उचित नहीं समझा था।

# नि :क्षय मित्र टीबी मरीजों को लें गोद : सीएमओ

## क्षय रोग पीड़ित को प्रत्येक माह पोषण को मिलेंगे एक हजार, मरीजों का दी पोषण पोटली

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**सीतापुर।** जिले में चल रहे 'स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार' अभियान में जनभागीदारी तथा निःक्षय मित्र पहल के तहत गणमान्य व्यक्तियों को निःक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत कराकर टीबी मरीजों को पोषण, वोकेशनल, भावनात्मक सहयोग, टीबी के लक्षण व उपचार के संबंध में जानकारी तथा सरकार द्वारा उपचार अवधि में प्रतिमाह पोषण भत्ते के रूप में दिये जा रहे एक हजार रुपये प्राप्ति तथा अन्य प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी मरीजों को देकर उनके उपचार में सहयोग देकर टीबी मुक्त भारत को सफल बनाने का लक्ष्य है।

इसके तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निःक्षय मित्रों का पंजीकरण कर उन्हें टीबी मरीजों को गोद दिलाने का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसाइटी द्वारा 30, हाजी फिरदौस अख्तर फाउन्डेशन द्वारा 10 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गयी।इस अवसर पर सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार द्वारा उपस्थित क्षय रोगियों व उनके सहयोगियों को टीबी का पूरा कोर्स करने की सलाह दी गई। इस रोग से लड़ने में पोषण की उपयोगिता के विषय में उन्हें बताया गया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम ने जनपद की स्वयंसेवी संस्थाओं, औद्योगिक घरानों एवं आईएमए को इस जनहित के कार्य में सहयोग करने का आहवान करने तथा निक्षय मित्र बन कर मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ मनोज कुमार देशमणि जिला क्षय रोग अधिकारी ने सरकार की निःक्षय पोषण योजना की जानकारी देते हुए सभी को बताया कि प्रत्येक मरीज चाहें वह सरकारी अथवा प्राइवेट में इलाज करा रहा हो उसको इलाज अवधि में पोषण के लिए एक हजार रुपये प्रति माह डीबीटी के माध्यम से उसके खाते मे दिये जाते हैं। जिसके लिए उन्हें अपना बैंक खाता व आधार कार्ड की छायाप्रति नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध कराने की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त समस्त मरीजों को मुफ्त जांच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में रेडक्रास सोसाइटी से संजीव मेहरोत्रा चेयरमैन, ललित श्रीवास्तव सचिव, सनी बेग, डॉ इमरान खान, पूनम मिश्रा, राजीव आनन्द, साजिद, हसनैन व शादाब उपस्थित रहे। हाजी फिरदौस अख्तर फाउन्डेशन से अब्दुल्ला अंसारी, फिरोज अख्तर व जावेद अंसारी उपस्थित रहे। जिला क्षय रोग केन्द्र से आशीष टण्डन, राहुल टण्डन एवं अभिषेक कुमार दीक्षित उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक गम्भीर रूप से घायल, भर्ती

**तंबौर सीतापुर।** रविवार देर शाम अपनी सिलाई की दूकान बंद कर वापस घर जाते समय तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ला शिर्ष उत्तरी निवासी अतीक अहमद पुरानी बाजार में अपनी सिलाई की दूकान चलाते है। रविवार देर शाम अतीक दूकान बंद करके वापस अपने घर जा रहा था।

इसी बीच बस स्टॉप के पास गांजर तिराहे की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर गम्भीर रुप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत घायलावस्था में सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूत्रों ने बताया बाइक सवार का दुर्घटना में गिरा मोबाइल परिजनों को मिल गया था जो उन्ही लोगों के पास है। जिससे बाइक सवार की पहचान हो सकती है। फिलहाल थाने में अभी तक तहरीर नही दी गई है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में समझौता का प्रयास चल रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की तहरीर मिलने के बाद ही कोई आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की तहरीर का इंतजार कर रही है।

## पुरस्कारों की चमक से मुस्कानों की रोशनी में नहाया कैमा विद्यालय

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**मछरेहटा (सीतापुर)।** सीतापुर जनपद के ग्राम कैमा स्थित प्राथमिक विद्यालय में आज का नजारा कुछ निराला था। अवसर था विओम फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह का, जहाँ नन्हे-मुन्नों की मासूम मुस्कानें वातावरण को प्रकाशवान कर रही थीं।विद्या की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती की वंदना के साथ प्रारम्भ हुए इस ग्रांड सेलिब्रेशन की नींव गत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं से पड़ी थी। आज उन्हीं विजयी प्रतिभाओं को पुरस्कारों से अलंकृत किया गया।

शीर्ष तीन छात्रों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया, वहीं अन्य 14 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उत्साह और विश्वास से भर दिया गया। इस पावन अवसर पर सेवा और समर्पण का नया अध्याय भी जुड़ा। समाजसेवा की भावना को निरंतर आगे बढ़ाते हुए ग्राम कैमा निवासी कुलदीप यादव को विओम फाउंडेशन का नगर संयोजक नियुक्त किया गया। यह जिम्मेदारी मुख्य संयोजक डॉ. ओ. पी. श्रीवास्तव की अनुशंसा पर प्रदान की गई, जिसने ग्रामीण अंचल में सामाजिक जागरण और संगठनात्मक सशक्तिकरण की नई आशा जगाई है।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा दिल्ली /एनसीआर में सेवाकार्यों में सक्रिय योगदान देने वाले विवेक श्रीवास्तव 'विक्कू' का जन्मदिवस समारोह। बच्चों के बीच केक काटा गया, जलपान हुआ और खुशियों की मिठास हर ओर बिखर गई। नन्हे सपनों को सम्मान और मुस्कान देकर विओम फाउंडेशन ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा और संस्कार की रोशनी जब समाजसेवा के दीप से मिलती है, तो नवांकुरों के जीवन में आशा और सफलता की किरणें स्वतः जगमगा उठती हैं।

**समारोह** खैराबाद क्षेत्रांतर्गत एमजे गोल्डन पैलेस खैराबाद में मिशन शक्ति 5 .0 के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया

# आर्थिक एवं शैक्षणिक उन्नयन को संचालित हो रही हैं योजनाएंः अभिषेक

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सीतापुर।** थाना खैराबाद क्षेत्रांतर्गत एमजे गोल्डन पैलेस खैराबाद में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित उपस्थित अधिकारियों एवं विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका इण्टर कालेज खैराबाद, राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय रहीमाबाद, एम.एस. पब्लिक स्कूल, जी.डी. गोयनका, पं. सूर्यदत्त आनंदी सहगल बालिका विद्यालय, स्टडी प्वाइंट, जीवन ज्योति इण्टर कालेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं, आशा बहनों, समूह की महिलाओं एवं पुलिसकर्मियों आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद बेबी अभिषेक गुप्ता एवं थाना प्रभारी खैराबाद अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों हेतु शिकायत पेटिकाएं वितरित की गयी। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए, जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत पूरे जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शासन की मंशा के अनुसार बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक एवं सशक्त किए जाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे प्राप्त किए जाने हेतु पूर्ण मनोयोग से प्रयास करें एवं स्वावलंबी बने। इसी से समाज एवं देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने आश्वस्त किया की प्रशासन, पुलिस एवं सरकार सदैव आपके साथ हैं एवं हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु नियम बनाए गए हैं। आर्थिक एवं शैक्षणिक उन्नयन हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महिला संबंधित अपराध करने वालों के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में शिकायत पेटिकाओं की व्यवस्था की गयी है, यदि कोई परेशान करता है तो छात्राएं शिकायत पेटिका में गोपनीय रूप से अपनी शिकायत डाल सकती हैं। सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बालिकाओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। यूपीएससी की परीक्षा में भी छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है। राजनैतिक क्षेत्र में भी बालिकाएं आगे बढ़कर प्रतिभाग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज संसाधनों एवं अवसरों की पर्याप्त उपलब्धता है परन्तु इनके संतुलित प्रयोग की आवश्यकता भी है। उन्होंने सोशल मीडिया के भी संयमित एवं संतुलित प्रयोग हेतु भी प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास, पुलिस क्षेत्राधिकारी विनायक गोपाल भोसले सहित उपस्थित विशिष्टजनों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खैराबाद बेबी अभिषेक गुप्ता, थाना प्रभारी खैराबाद अनिल कुमार सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं, आशा बहने एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित रहीं। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मिशन शक्ति की यही पुकार, नारी को मिले हर अधिकार



**सीतापुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 .0 के तहत जनपदीय पुलिस को सक्रिय भागीदारी कर महिलाओं को जागरुक करने, उनके सशक्तिकरण एवम् सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।उक्त निर्देशों के अनुपालन के इस क्रम में एंटी रोमियो टीम ने सैक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज नैपालापुर में, थाना मछरेहटा टीम ने आरजेजे एजुकेशन प्वाइंट स्कूल आदिलपुर में, थाना रामपुर कलां टीम द्वारा सरयू प्रसाद इंटर कॉलेज सरैया राजा साहब, थाना इमलिया सुल्तानपुर टीम द्वारा संगीता देवी इंटर कॉलेज ग्राम सरायजीत व एलिया, थाना थानगांव टीम ने एल एम मेमोरियल पब्लिक गोलोक कोंडर व पंचायत भवन डेलिया थाना थानगांव, थाना रामपुर मथुरा टीम ने प्राथमिक विद्यालय मांझागव व कालिकन मंदिर बहादुरगंज, थाना लहरपुर ने ग्राम अनदेशनगर, थाना महमूदाबाद टीम ने ग्राम हरिहरपुर, पहाड़ापुर, विरासी में, थाना संदना ने प्रबुद्ध अंबेडकर कन्या इंटर कालेज व ग्राम असुवामऊ, थाना पिसावा के ग्राम अमरैया, थाना तालगांव के ग्राम कसरैला व ग्राम जमुनापुर, थाना महोली के कृषक इंटर कॉलेज व श्यामलाल वर्मा इंटर कॉलेज व रामकृष्ण वर्मा इंटर कॉलेज, थाना रामकोट ने प्राथमिक विद्यालय खपूरा, प्राथमिक विद्यालय इटौवा किशुन, प्राथमिक विद्यालय कैम्हारा बुधर सिंह व प्राथमिक विद्यालय भऊवापुर, थाना रेउसा ने भिठौली एवम् शेष अन्य समस्त थानों द्वारामहिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के उद्देश्य से विद्यालयों में सभायें एवम् ग्राम/कस्बों में महिला चौपालों का आयोजन कर उपस्थित महिलाओं व बच्चों को उनके आत्मसम्मान के साथ किसी प्रकार का समझौता न करनें, उनके अधिकारों के विषय में एवम् उनके सहयोग हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी, साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

## एडीजी सुजीत पांडे का उन्नाव दौरा, शक्ति वाहिनी स्कूटी फ्लैग ऑफ

# आई लव मोहम्मद पर बोले- कड़ी कार्यवाही की जा रही

विश्ववार्ता संवाददाता



**उन्नाव।** एडीजी ज़ोन लखनऊ सुजीत पांडे ने उन्नाव पुलिस लाइन पहुंचकर कई कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने सबसे पहले पुलिस लाइन में बनाए गए 'नन्हे फरिश्ते कक्ष' का उद्घाटन किया। इसके बाद मिशन शक्ति के तहत शक्ति वाहिनी स्कूटी का फ्लैग ऑफ किया। इस दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त संदेश दिया। कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन से 21 स्कूटी पर 42 महिला पुलिसकर्मियों को रवाना किया गया।

एडीजी ने बताया कि इन महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती विभिन्न स्थानों पर की जाएगी, जहां ये महिलाओं की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य समाज में महिलाओं को सुरक्षा की भावना देना और अपराधियों को यह संदेश देना है कि वे किसी भी गलत हरकत से पहले सौ बार सोचें। महिला सुरक्षा पर बोलते हुए एडीजी ने स्पष्ट कहा, महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों की कमर तोड़ दी जाएगी। किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कानून सबके लिए बराबर है और कोई भी व्यक्ति अगर समाज में तनाव या अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में सामने आए, "I LOVE मुहम्मद" विवाद को लेकर भी एडीजी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि इस मामले में हर स्तर पर जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस पूरी ताकत से कार्रवाई करेगी।

एडीजी सुजीत पांडे के दौरे से पुलिसकर्मियों में भी उत्साह देखने को मिला। शक्ति वाहिनी स्कूटी की शुरुआत को महिला पुलिसकर्मियों ने सराहा और कहा कि इससे उन्हें न सिर्फ आत्मविश्वास मिलेगा बल्कि क्षेत्र में गश्त के दौरान तेजी से प्रतिक्रिया देने में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**ग्राम प्रधान की पहल पर 15 दिनों से बंद जलापूर्ति होगी बहाल**

**कानपुर।** ग्राम प्रधान की शिकायत के बाद ग्राम पंचायत की टंकी में लीकेज की समस्या को ठीक कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को जल्द ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। ग्राम प्रधान शिवराज सिंह भास्कर ने 15 दिनों से चली आ रही इस समस्या को लेकर सहायक अधिशासी अभियंता सतीश राजपूत से शिकायत की थी। उनकी शिकायत का संज्ञान लेते हुए विभाग ने तत्काल कार्रवाई की। लीकेज की समस्या के समाधान के लिए 29 सितंबर 2025 को मरम्मत का काम शुरू किया गया। इसके अतिरिक्त वाली पुरानी पाइपलाइन को भी बदला जाएगा। इसके लिए आवश्यक सामग्री पहुंच चुकी है और जल्द ही इस पर भी काम शुरू हो जाएगा।

# करोड़ों की जमीन के मालिक कानूनगो से लेखपाल बनाए गए आलोक दुबे

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** कानूनगो आलोक दुबे पर फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन में हेराफेरी करने के मामले में उन पर बड़ा एक्शन हुआ है। जिसके बाद डीएम ने उन्हें रिवर्ट करके लेखपाल बना दिया है। इतना ही नहीं अभी तक की जांच में उनके, पत्नी और बच्चों के नाम से करीब 41 संपत्तियां सामने आ चुकी हैं। इस जमीनों की कीमत बाजार मूल्य के हिसाब से वर्तमान में करीब 30 करोड़ से अधिक की है।

जमीन के हेराफेरी करने के मामले में आलोक दुबे के साथ कलेक्ट्रेट में बैठने वाले लेखपाल अरुणा द्विवेदी का भी नाम सामने आया है। उनकी भी कई जमीनों पर हिस्सेदारी बताई जा रही हैं। दोनों ने मिलकर 2023 से लेकर 2025 तक शहर के अलग-अलग हिस्सों में कई जगहों पर कुल 8.62 हेक्टेयर जमीन खरीदी है। जिला प्रशासन की जांच में सामने आया कि कल्याणपुर में रहने वाले आलोक दुबे ने जो जमीन ली हैं, वो अधिकतर सचेंडी और बिठूर के आसपास के गांवों में हैं। ये जमीन आलोक की पत्नी संगीता और दोनों बेटों के नाम पर हैं। वहीं, दो जमीनें ऐसी भी हैं जिसमें लेखपाल अरुणा द्विवेदी भी जमीन में हिस्सेदार हैं।

आलोक दुबे ने 2016 से लेकर 2023 तक करोड़ों की संपत्ति खड़ी कर ली है। आलोक दुबे की सबसे ज्यादा संपत्ति दूल गांव में हैं। आलोक ने अपने बेटे के नाम दूल गांव में ही 2 महीने के अंदर 3 जमीनों का बैनामा कराया है। इसके बाद सबसे ज्यादा जमीनों का बैनामा 2023 में हुआ है। आलोक ने मई 2023 में 4 जमीनों का बैनामा कराया। इसके बाद उसी साल अगस्त में एक जमीन, सितंबर में दो जमीन, अक्टूबर में एक जमीन, नवंबर में 3 जमीन और दिसंबर में एक जमीन का बैनामा हुआ है। इसमें से अगस्त में हुए एक बैनामे में लेखपाल अरुणा द्विवेदी भी पार्टनर हैं। अरुणा का घर नौबस्ता में है। जहां वह अपने परिवार के साथ रहते हैं। इसके बाद 2024 में आलोक दुबे ने अपनी 4 जमीनें बेची भी हैं। एक साल के अंदर ही 5 जमीनें भी खरीदीं। मार्च माह में 0.3070 हेक्टेयर की एक जमीन पर अरुणा द्विवेदी भी बैनामा में शामिल हैं।

## एक नजर

### चोर लाखों की नकदी-जेवर लेकर फरार

**कानपुर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अर्जुनपुर गौरननेवादा गांव में देर रात लाखों की चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर की छत पर सो रहे परिजनों की मौजूदगी में नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। सुबह जागने पर परिवार को चोरी का पता चला। विजय गोपाल पुत्र बाल गोविंद ने बताया कि उनका पूरा परिवार देर रात छत पर सोया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चुरा ली। सुबह जब उन्होंने देखा तो कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था और ताले-कुंडी टूटे हुए थे। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बारीकी से छानबीन की और कई बिंदुओं पर जांच शुरू की। हालांकि, देर शाम तक चोरी की घटना का कोई खुलासा नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस द्वारा रात में गश्त नहीं की जाती है, जिसके कारण क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इस वजह से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### कार की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत



**कानपुर।** सजेती थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया। अज्योरी गांव के पास कानपुर-सागर हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने 55 वर्षीय साइकिल सवार रामसनेही को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन एक ऑटो चालक ने साहस दिखाते हुए कार का पीछा किया और उसे रोककर पुलिस को सूचना दी। मऊनखत गांव निवासी रामसनेही सजेती बाजार से सब्जी और घरेलू सामान खरीदकर साइकिल से घर लौट रहे थे। जब वह हाईवे पार कर रहे थे, पीछे से आ रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पाकर सजेती पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से पतारा सीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन इलाज के दौरान देर रात रामसनेही की मौत हो गई। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। सजेती थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रा ने एक दिन की एसडीएम बनकर सुनी जनता की शिकायतें



**कानपुर।** बिल्हौर तहसील में मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत गोहलियापुर संविलियन विद्यालय की कक्षा 7 की छात्रा इच्छा को एक दिन के लिए उपजिलाधिकारी बनाया गया। बिल्हौर के उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने छात्रा इच्छा को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा, जागरूकता और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देना था। उपजिलाधिकारी का पदभार संभालने के बाद, छात्रा इच्छा ने जनता की शिकायतें सुनीं। उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित की मौजूदगी में उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कार्यालय बिल्हौर में सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता, कर्मचारी, विद्यालय की शिक्षिकाएं और छात्रा के माता-पिता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

### जर्जर ट्रांसफार्मर और विद्युत लाइनों में फाल्ट के कारण उपभोक्ता बेहाल



**कानपुर।** बिल्हौर के उत्तरीपूरा क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण बिजली आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। उत्तरीपुरा नदिया रोड स्थित रामबक्स पुरवा सहित अर्जुनपुर, राधन, बदननिवादा और चैन निवादा गांवों के उपभोक्ता प्रतिदिन बिजली कटौती से जूझकर बेहाल हो रहे हैं। क्षेत्र के उपभोक्ता शिव शंकर, असलम, दयाराम, राम खेलावन और जय शिव ने बताया कि बिजली आपूर्ति दिन में कई बार बाधित होती है। फाल्ट और ट्रांसफार्मर के तार जलने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं, जिससे घंटों बिजली गुल रहती है। इस संबंध में विद्युत विभाग के जेई निर्मल कुमार कटियार ने बताया कि बिजली फाल्ट की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। विभाग के कर्मचारी इन समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। जेई कटियार ने आगे बताया कि जर्जर लाइनों और अधिक समय से लगे पुराने ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आशवासन दिया कि जल्द ही क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी।

# वन-डे मैच के चलते ग्रीनपार्क के आसपास रहेगा यातायात डायवर्जयन

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच आयोजित एकदिवसीय क्रिकेट मैच के मद्देनजर यातायात विभाग ने ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर दिया है। यातायात की यह व्यवस्था 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे से मैच समाप्त होने तक प्रभावी रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस सभी प्रमुख चौराहों पर वाहनों का संचालन करेगी।

फूलबाग चौराहा से वीआईपी रोड होकर मर्चेंट चैंबर की ओर जाने वाले वाहन मेघदूत तिराहे से आगे नहीं जा सकेंगे। इन्हें बड़ा चौराहा, परेड चौराहा और चुन्नीगंज होकर अपने गंतव्य तक जाना होगा। वहीं, फूलबाग से कचहरी या ग्रीनपार्क स्टेडियम जाने वाले वाहन मेघदूत तिराहे से वीआईपी रोड होकर जा सकते हैं, लेकिन डीएवी तिराहे से आगे बढ़ने की अनुमति नहीं होगी। कंपनीबाग चौराहा से सरसैयाघाट चौराहे की ओर जाने वाले वाहन मर्चेंट चैंबर तिराहे से आगे नहीं जा पाएंगे। इन्हें मर्चेंट चैंबर तिराहे से दाहिने मुड़कर सिल्वर्टन तिराहा और लाल इमली चौराहा होकर जाना होगा। मूलगंज की तरफ से हडर्ड चौराहे की ओर जाने वाले वाहन कारसेट, परेड चौराहा से आगे नहीं जा पाएंगे। ऐसे वाहनों को कारसेट चौराहा से लाल इमली चौराहा होकर गुजरना होगा।

भार्गव नर्सिंग होम चौराहा से कोई भी वाहन म्योर मिल तिराहे की तरफ नहीं जा सकेगा। इन वाहनों को बड़ा चौराहा या परेड चौराहा होकर जाना होगा। यदि मर्चेंट चैंबर पर अत्यधिक दबाव होता है, तो रेव थ्री तिराहा से मर्चेंट चैंबर की ओर कोई वाहन नहीं जाएगा। ऐसे वाहनों को रेव थ्री तिराहे से दाहिने मुड़कर विजय विला होटल होते हुए अपने गंतव्य तक जाना होगा। यातायात पुलिस ने दर्शकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन और पार्किंग नियमों का पालन करें। किसी भी अनियंत्रित वाहन को क्रेन से उठाने की कार्रवाई की जा सकती है।

### आस्ट्रेलिया की मेजबानी के बाद ग्रीनपार्क से होगी रणजी मुकाबलों की शुरुआत

**कानपुर।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक और खुशखबरी है। इस बार रणजी मुकाबलों की शुरुआत ग्रीनपार्क स्टेडियम से होगी। बीसीसीआई ने सबसे बड़ी घरेलू श्रृंखला को लेकर तिथि निर्धारित कर दी है। भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच तीन वनडे मैचों की मेजबानी के बाद अब ग्रीन पार्क स्टेडियम रणजी ट्रॉफी के रोमांच का गवाह बनेगा। रणजी ट्रॉफी की शुरुआत 15 अक्टूबर से हो रही है और उत्तर प्रदेश की टीम अपने घरेलू मैदान पर आंध्र प्रदेश के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी। पिछले सीजन में नॉकआउट से पहले ही बाहर होने वाली यूपी टीम इस बार नए कोच के साथ मैदान में उतरेगी। पूर्व भारतीय स्पिनर सुनील जोशी का कार्यकाल पूरा हो चुका है और अब टीम को नया कोच मिलेगा। हालांकि कौन कोच होगा, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई हैं।

# अलग-अलग सड़क हादसों में नौ लोग गंभीर रूप से घायल

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र में घटित अलग-अलग सड़क हादसों में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां के चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल सात लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा व थाना शुक्लागंज के मोहल्ला मोहम्मद नगर निवासी मोहम्मद अबरार पुत्र मोहम्मद सिद्दीक, शानू पुत्र रज्जाक, मोहम्मद अबरार व मोहम्मद सलमान पुत्रगण अनवार एवं सादिक सहित 7- 8 लोग लोडर में नाव लादकर क्षेत्र के नानामऊ घाट जा रहे थे। रास्ते में बांगरमऊ बिल्हौर मार्ग पर ग्राम जगत नगर के निकट अचानक सामने आए आवारा पशु को बचाने के प्रयास में डाला अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसे में मोहम्मद अबरार, शानू, सलमान, अबरार व सादिक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरकारी एंबुलेंस से यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां के चिकित्सकों ने चार घायलों की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम कांटा गुलजारपुर निवासी आगाज पुत्र साबिर अली बाइक से कहीं जा रहे थे। रास्ते में नहर पटरी पर बरगदिया बाबा के निकट अज्ञात बोलेरो ने बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार आगाज बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे भी यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य सड़क हादसे में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एक डला निवासी श्याम बाबू पुत्र प्रेम नारायण व सर्वेश पुत्र बड़े भैया भी घायल हो गए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**कानपुर।** नरवल थाना क्षेत्र में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सुभाष कठेरिया पुत्र स्व. मेवालाल के रूप में हुई है, जो चकेरी, कानपुर नगर के ककरहिया मोहल्ले के निवासी थे। वह अपनी बुआ के गांव दीपापुर, थाना नरवल, कानपुर नगर में आए हुए थे।

बताया गया कि सुभाष अपने भाई छोटे के घर की छत पर लेटे हुए थे और नशे की हालत में थे। रात करीब 2 बजे वह छत से गिर गए। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए हैलट अस्पताल, कानपुर नगर में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। नरवल थाना प्रभारी अखिलेश पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## आबकारी व पुलिस टीम ने 80 पौवा दिवाना ब्रांड शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता



**उन्नाव।** अजगैन थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन, उप आबकारी आयुक्त के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में आज ज्योति अग्रवाल आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 हसनगंज मय हमराह सिपाहियों व स्थानीय थाना अजगैन पुलिस स्टाफ के साथ तहसील हसनगंज, थाना अजगैन अंतर्गत ग्राम कीर्ती खेड़ा परसंदन नवाबगंज थाना अजगैन में दबिश देकर धीरेंद्र यादव पुत्र स्व मोतीलाल निवासी कीर्ती खेड़ा परसंदन नवाबगंज अजगैन उन्नाव के पास से 2 झोले में रखी पेटियों से 80 पव्वे दीवाना ब्रांड के अवैध देशी शराब बरामद की गई।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजगैन में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया। अवैध शराब के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# घर के करीब लगे विद्युत पोल में लगे नंगे तारों से कभी भी घटित हो सकती है बड़ी दुर्घटना

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के मोहल्ला भटपुरी में स्थित डॉ राम बिहारी वर्मा के घर के पास लगे विद्युत पोल (खंभों) में लगे नंगे तारों से कभी भी घटित हो सकती है बड़ी दुर्घटना। विद्युत विभाग के अधिकारियों से इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए उठाई आवाज।

मोहल्ला भटपुरी में डॉक्टर राम बिहारी वर्मा के घर से सटे हुए विद्युत सप्लाई के दो पोल (खंबे) लगे हैं। जो एक लोहे का है और दूसरा आरसीसी का है। जहां एक ओर लोहे का खंभा टेढ़ा होकर बिल्कुल छत से मिल गया है वही दूसरा खंभा भी छत से भिड़ा हुआ है, जिसमें नंगे तार लगे हैं जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। डॉक्टर रामबिहारी वर्मा ने बताया कि उक्त समस्या के समाधान के लिए कई बार वह विद्युत विभाग के कार्यालय जाकर संबंधित अधिकारियों से अपनी फरियाद कर चुका है। लेकिन आज तक इस गंभीर समस्या का समाधान विभाग द्वारा नहीं किया गया है। विद्युत विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते कभी भी कोई गंभीर घटना घटित हो सकती है। डॉक्टर राम बिहारी वर्मा ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से शीघ्र इस समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।



## चिढ़ाने और उकसाने के लिए आई लव मोहम्मद न बोले : मौलाना नोमानी

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** पटकापुर स्थित मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद में मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य और देश के बड़े मुस्लिम दानिशमंद मौलाना सज्जाद नोमानी पहुंचे। उन्होंने मीडिया से भी बात करते हुए कहा कि मुसलमान ही नहीं बल्कि हर शरीफ और बाखबर इंसान के दिल की आवाज है, आई लव मोहम्मद। मगर इसका इजहार इस तरीके से होना चाहिए कि उसका नतीजा अच्छा निकले। इस्लाम यह अक्लमंदी सीखाता है कि कोई काम करने से पहले यह जरूर सोचो कि उसका रिजल्ट क्या होगा। नतीजा अच्छा हो तो तो फिर कदम आगे बढ़ाओ।

नतीजा अगर बुरा निकले तो अपने आप को रोको। हमें किसी को चिढ़ाने और उकसाने के लिए आई लव मोहम्मद कहने की कोई जरूरत नहीं है। यह तो हमारे कैरेक्टर सहाबा ने कभी नहीं कहा कि आई लव मोहम्मद, लेकिन जो उनका कैरेक्टर था। वह दुनिया में भेज दिया। जो लोग यह नारे लगाते हैं। उनके जज्बात की कदर करते हुए मैं यह जरूर चाहता हूं कि अपने अमल से हम लोग इश्क ए रसूल का सबूत दें। सज्जाद नोमानी ने अपील करी कि मुल्क का एजेंडा बदलने की गलती न हो। मुल्क का एजेंडा हिंदू-मुस्लिम नफरत से हटकर महंगाई, बेरोजगारी, औरतों की सुरक्षा की तरफ, शिक्षा की तरफ मुड़ रहा था। लेकिन कुछ ताकतें यह चाहती हैं यह एजेंडा वापस जाए और हिंदू-मुस्लिम एजेंडा टॉप पर आ जाए।

# बीच सड़क पर फूटी पानी की पाइपलाइन, सड़क से निकला फुहारा, हजारों लीटर पानी बर्बाद

विश्ववार्ता संवाददाता

**उन्नाव।** शहर में अमृत योजना के तहत डाली गई पाइपलाइन की हकीकत सोमवार दोपहर को उस समय सामने आ गई जब जिला अधिकारी कार्यालय के पास बीच सड़क पर अचानक पाइपलाइन फट गई। पाइप फटते ही तेज धार का फव्वारा निकल पड़ा और देखते ही देखते सड़क पर हजारों लीटर पानी बह गया। इस वजह से न सिर्फ जलभराव की समस्या खड़ी हुई बल्कि घंटों तक यातायात भी प्रभावित रहा। बता दे कि स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह अचानक सड़क पर पानी का फव्वारा फूटने लगा। कुछ ही देर में सड़क तालाब जैसी दिखाई देने लगी। जलभराव से गुजरना मुश्किल हो गया और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन पानी में धंस गए, वहीं चार-पहिया वाहन लंबे जाम में फंसे रहे। लोग मजबूरी में वैकल्पिक रास्तों से होकर गुजरे।



गौरतलब है कि अमृत योजना के तहत हाल ही में इस क्षेत्र में पाइपलाइन डाली गई थी। योजना का उद्देश्य लोगों को बेहतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना था, लेकिन पाइपलाइन फूटने की घटना ने अफसरों और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल और निगरानी की कमी के कारण ही यह स्थिति उत्पन्न हुई है। घटना के कई घंटे बाद नगर पालिका और जल निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू कराया। तब तक हजारों लीटर कीमती पानी सड़क पर बह चुका था। राहगीरों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि करोड़ों रुपये की अमृत योजना की सच्चाई इस घटना से उजागर हो गई है। यदि नई डाली गई पाइपलाइन कुछ ही महीनों में फट जाए तो यह साफ है कि गुणवत्ता पर समझौता किया गया है।

» पाइपलाइन फूटने की घटना ने अफसरों और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे

# मिशन शक्ति के पांचवें चरण में ब्लाक प्रमुख ने महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी

विश्ववार्ता संवाददाता

**हिलौली उन्नाव।** ग्राम पंचायत असरेन्दा और लउवा सिंघन खेड़ा के स्थित पंचायत भवन में मिशन शक्ति का पांचवें चरण के तहत महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इसमें पुलिस, महिला पुलिस और गांव क्षेत्र की महिलाएं शामिल रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हिलौली ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित को ग्राम प्रधान लल्लन सोनी ने बुके भेंट कर स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित ने कहा कि मिशन शक्ति का पांचवें चरण के तहत बालिकाओं और महिलाओं को गांव गांव चौपाल लगाकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना है। थाने की महिला हेल्प लाइन प्रभारी अनुसुइया, थानाध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह उपनिरीक्षक के सी एम सहित कान्स्टेबल नितीश कुमार ने बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी। महिला उत्पीड़न की शिकायत की 1090 पर जा सकती है। 181 पर घरेलू हिंसा, 1091 पर देर रात घर लौटने की स्थिति में पुलिस सहायता, 112 पर अपातकालीन मदद, 1098 पर लावारिस बच्चे की सूचना, 102 व 108 पर प्रसव या दुर्घटना में मदद, 1930 पर साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने इसके अलावा उन्हें साइबर अपराध से बचाव और महिलाओं से संबंधित कानून की भी जानकारी दी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष त्रिपाठी, सचिव विवेक सिंह, शिवम गौड़, आनंद साहू, प्रीती यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## नवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवत कथा का हुआ भव्य आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**हसनगंज उन्नाव।** जिंदासपुर में तपेश्वर महादेव मंदिर पर भगवत कथा का आयोजन इस कम्पनी के माध्यम से कराया गया। हसनगंज क्षेत्र के ग्राम जिंदासपुर में तपेश्वर महादेव मंदिर पर भगवत कथा का आयोजन कम्पनी के माध्यम से कराया गया। हसनगंज क्षेत्र के ग्राम जिंदासपुर में नवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवत कथा का आयोजन किया गया। यह अयोजन तपेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामप्रसाद एडवोकेट पुत्र महेश भईया कमेटी मैनजमेंट व रामप्रसाद चौरसिया पुत्र रामू चौरसिया कमेटी मैनजमेंट व रवि भईया व वीरेंद्र चौरसिया व दिलीप चौरसिया के नेतृत्व में किया गया।



इस भगवत कथा का आयोजन बडे ही भव्य से कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम कि कांथा वाचिक नीतू शास्त्री व कार्यकर्ता लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य प्रकार की झांकी भी दिखाई गयी इस आयोजन में बहुत दूर दूर से भक्तगण व ग्राम वासी व अन्य काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में लहराया परचम, जीते मेडल

विश्ववार्ता संवाददाता

**उन्नाव।** महर्षि मारकंडेश्वर, मुलाना, अंबाला में आयोजित यूनिवर्स यूएम 2025- नेशनल यूथ फेस्टिवल में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। 45 से अधिक यूनिवर्सिटीज़ से जुड़े 100 से अधिक संस्थानों से आए 7, 000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी के छात्रों ने पहली ही बार भाग लेकर 2 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल जीतकर यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी के स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया। चाहत गुप्ता ने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल और मॉडल हंट में सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं, शमा गुप्ता ने मोनो एक्टिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया और सभी को प्रभावित किया। इसके साथ ही, प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए प्रभाव लीन ने मिमिक्री प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर सीयू यूपी की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ी। इस आयोजन में जेएनयू दिल्ली, एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने हिस्सा लिया। ऐसे सशक्त मंच पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी की सफलता ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान दिलाई है। दरअसल पहली बार किसी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में आउट-कैंपस प्रतिनिधित्व करते हुए, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उप्र ने न सिर्फ़ भागीदारी की बल्कि चार मेडल जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. डॉ. टीपी सिंह ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने पहली बार में ही राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा और परिश्रम से यूनिवर्सिटी का नाम गौरवान्वित किया है। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।



# मेक इन इंडिया' से 'मेक फॉर वर्ल्ड' की ऐतिहासिक छलांग

## भारतीय रेल अब वैश्विक बाजार में उतारेगी अपने कोच और पहिए, मेट्रो व विभिन्न कोच के निर्माण की दिशा में आरेडिका जल्द करेगा शुरुआत

- आरेडिका के रिकॉर्ड उत्पादन पर मिली सराहना, गुणवत्ता और नवाचार पर विशेष जोर
- रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक ने आरेडिका और फोर्ज्ड व्हील प्लांट का किया निरीक्षण
- भारतीय रेल की ऐतिहासिक उड़ान : शैलेंद्र सिंह, कार्यकारी निदेशक




**उमेश श्रीवास्तव/बीपी सिंह**

**लालगंज/रायबरेली।** भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ते हुए रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट समन्वय) शैलेंद्र सिंह और महानिदेशक इरिमी अनिमेष कुमार सिन्हा ने रायबरेली जिले के लालगंज में स्थापित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) और फोर्ज्ड व्हील प्लांट का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने आरेडिका और फोर्ज्ड व्हील प्लांट द्वारा किए गए रिकॉर्ड उत्पादन पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शेल शॉप, बोगी शॉप, व्हील शॉप और फर्निशिंग शॉप का अवलोकन किया। इस दौरान कोचों की वेल्डिंग गुणवत्ता, साइडवाल, लेज़र कटिंग मशीन और कोच रूफ वेल्डिंग की बारीकियों को समझा तथा मशीनों की दक्षता पर संतोष जताया। उन्होंने मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली और तकनीकी दक्षता के संबंध में जानकारी ली। फिनिशिंग शॉप में उन्होंने सामान्य यात्रियों के लिए बनाए जा रहे 'दीनदयालु' और स्लीपर कोचों का अवलोकन किया।

इसके बाद उन्होंने फोर्ज्ड व्हील प्लांट का दौरा किया और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ प्लांट की अवसंरचना के विकास पर अधिकारियों से विस्तृत विचार-विमर्श किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्पष्ट कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में आरेडिका को कोच निर्माण के नए आयाम स्थापित करने होंगे। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारतीय रेल अब केवल देश की सीमाओं तक सीमित न रहकर अपने कोच और फोर्ज्ड व्हील्स को विश्व बाजार में भी प्रस्तुत करने के लिए तैयार है।

शैलेंद्र सिंह ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले समय में आरेडिका को मेट्रो के कोचों के साथ-साथ विभिन्न गेज के कोच निर्माण की दिशा में भी ठोस प्रयास करना चाहिए। यह न केवल भारत की उत्पादन क्षमता को सशक्त करेगा, बल्कि भारतीय रेल को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक नई पहचान भी दिलाएगा। आरेडिका के जनसंपर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राकेश राज पुरोहित, पीसीईई मनोज जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी फोर्ज्ड व्हील प्लांट रवीश कुमार, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, पीसीएमओ आभा जैन सहित एमसीएफ और फोर्ज्ड व्हील प्लांट के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विद्याकलश की छात्राओं को मोहनगंज पुलिस ने किया प्रशिक्षित



**अमेठी।** खानापुर चपरा स्थित हाई स्कूल विद्याकलश में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप मोहनगंज कोतवाली पुलिस ने अपनी टीम के साथ विद्यालय पहुंच कर अध्ययन रत छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत चलने वाले कार्यक्रम से बच्चियों को अवगत कराया साथ ही अपनी सुरक्षा कैसे करें इस पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षकों ने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सहायता से संबंधित टोल फ्री नम्बरों से भी छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को पोस्टर एवं पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर जगत पाल सिंह, सब इंस्पेक्टर प्रेम शिला, सिपाही मनीष, पूनम एवं प्रियंका उपस्थित रहीं तथा बच्चियों को प्रशिक्षित किया कार्यक्रम का संचालन खेल प्रशिक्षक राहुल एवं शिक्षिका रमा तिवारी ने किया।

### मिशन शक्ति के तहत छात्रा समीक्षा ने संभाला तहसीलदार का कार्यभार



**अमेठी।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को सशक्त बनाने और उन्हें प्रशासनिक कार्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से सोमवार को तिलोई तहसील में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सत्य साईं इंटर कॉलेज, शंकरगंज, तिलोई की कक्षा-12 की छात्रा समीक्षा सिंह को एक दिन के लिए तिलोई तहसीलदार का कार्यभार सौंपा गया। छात्रा ने कार्यभार ग्रहण कर कार्यालय का निरीक्षण किया, अभिलेखों का अवलोकन किया और कर्मचारियों से तहसील की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए इस अवसर पर तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव ने छात्रा को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा और प्रशासनिक जिम्मेदारियों में भी आगे बढ़ें। विद्यालय के प्रबंधक अजय सिंह तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य अमर कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। छात्रा समीक्षा सिंह द्वारा जिम्मेदारी संभाले गए इस प्रतीकात्मक कार्यभार से न केवल विद्यालय परिवार उत्साहित हुआ बल्कि क्षेत्रीय नागरिकों ने भी इसकी सराहना की विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं को भविष्य की जिम्मेदारियों को समझने का अवसर मिलता है और समाज में महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश जाता है।

### महिला चोर गैंग का पर्दाफाश, आठ गिरफ्तार



**रायबरेली।** कोतवाली नगर पुलिस ने सोमवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरजनपदीय महिला चोर गिरोह की आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया। 20 सितम्बर को कचहरी रोड स्थित रजत ज्वैलर्स की दुकान से चैन चोरी करने वाली महिलाएं ही इस गिरोह का हिस्सा थीं। सीओ सिटी अरुण नौहर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रेलवे ट्रैक के पास कैम्प हाउस से घेराबंदी कर महिलाओं को दबोचा गया। तलाशी में तीन सोने की चैन के टुकड़े, कटर और ब्लेड बरामद हुए गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद सुनियोजित थी—ये महिलाएं भीड़भाड़ वाले बाजारों, मेले और पूजा स्थलों पर दो-दो के समूह में सक्रिय रहतीं और ब्लेड से वार कर गले की चैन व पर्स चोरी कर साथी महिला को थमा देतीं, जिससे शक होने पर बरामदगी न हो सके। पकड़ी गई महिला महिमा ने स्वीकार किया कि 13 सितम्बर को उसने साथियों संग ज्वैलर्स की दुकान से चैन चोरी की थी। पुलिस ने सभी महिलाओं को जेल भेज दिया है।

### पुलिस फ्लैग मार्च से नवरात्रि में शांति कायम करने का संदेश



**सलोन, रायबरेली।** नवरात्रि-दशहरा पर्व को शांति और सौहार्द के माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सलोन पुलिस बल ने सोमवार को कस्बे में फ्लैग मार्च किया। उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने पैदल मार्च कर आम जनता को सुरक्षा की गारंटी दी और त्यौहार के दौरान अमन-चैन बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस कर्मियों ने लोगों को यह भी याद दिलाया कि त्यौहार पर नियमों का पालन करना आवश्यक है और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल पुलिस की सहायता ली जा सकती है। कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला मिलकियाना, पैगम्बरपुर पश्चमी, ऊंचाहार रोड, परसदेपुर रोड सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर शरारती तत्वों और अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर माहौल बिगाड़ने का कोई प्रयास नहीं किया जाएगा और सभी नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से पर्व का आनंद लें। इस प्रकार सलोन पुलिस ने त्यौहार के दौरान सुरक्षा और शांति बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका का संदेश देते हुए कानून का सख्त अल्टीमेटम भी जारी किया इस अवसर पर सलोन सीओ यादुवेंद्र पाल और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राघवन कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर 251 महिलाओं ने की दूरदरैया माता की भव्य पूजा-अर्चना

**रायबरेली।** शहर छोटी बाजार में शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन, सप्तमी पर शहर के छोटी बाजार स्थित मंदिर में मां दुर्गा की कलश पूजा स्थापना और दूरदरैया माता की भव्य पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 251 महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ धूप-दीप अर्चना, मंत्रोच्चार और आरती में भाग लिया।यजमान आनंद पत्नी रानी ने सुबह पूजा-अर्चना का नेतृत्व किया और भक्तों को माता दुर्गा की भक्ति में समर्पित रहने का संदेश दिया। पूजा के दौरान कई महिलाओं ने माता की कथा सुनाई और जयकारे लगाकर पूरे कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर सुमित कुमार, लक्ष्मी, शांति देवी, शिववती, गुंजन, राजकुमारी, माधुरी, राधा देवी, नंदनी, बिट्टन, अंजली, संगीता, चंद्रवती, मालती, रुचि, सौम्या, बड़का, रामवती व मायावती सहित अन्य महिलाएं पूजा में शामिल रही।

## शिक्षा से प्रगति और आस्था से शक्ति प्राप्त होती है : किशोरी लाल शर्मा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र के सैनिक स्कूल (कौहार अमेठी) को एक नई बस भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

राहुल गाँधी के प्रस्ताव और प्रयास से स्थापित सैनिक स्कूल का हर छात्र देश की सुरक्षा और गौरव में अपार योगदान देगा। सांसद ने कहा कि यह स्कूल देश के लिए वीर सैनिक और जिम्मेदार अधिकारी तैयार करता है और मेरे इस छोटे पहल से विद्यार्थियों की सुविधा बढ़ेगी। उन्होंने बच्चों को भरोसा दिलाया कि वे अपने मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाएंगे।

तब अमेठी का जन जन भी अपने को गौरवान्वित महसूस करेगा, नवरात्रि के शुभारंभ के अवसर पर सांसद जी ने क्षेत्र के कई धार्मिक स्थलों में आस्था और श्रद्धा के साथ दर्शन किए। उन्होंने मां दुर्गा के चरणों में मत्था टेककर अमेठी की खुशहाली, समाज में शांति और कल्याण की कामना की।





**शारदीय नवरात्रि पर देवी मंदिरों में टेका माथा, लिया आशीर्वाद :** सांसद ने सोमवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान दुर्गन धाम शमसेरियन भवानी एवं मुसाफिरखाना दादरा स्थित माँ हिंगलाज मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की समृद्धि,सुरक्षा और सम्मान के लिए पूजा अर्चन एवं प्रार्थना किया

सांसद ने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, साधना और विश्वास का प्रतीक है। मां भगवती की कृपा से ही समाज में न्याय, प्रेम और सद्भावना बनी रहती है। यह पर्व हमें यह याद दिलाता है कि कठिनाइयों के बावजूद हमें अपने लक्ष्य और समाज के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बताया कि अमेठी की जनता सांसद किशोरी लाल शर्मा की सक्रियता, संवेदनशीलता और हर कदम पर जनहित को प्राथमिकता देने वाले दृष्टिकोण को हमेशा सम्मान और स्नेह के साथ देखती रही है। शिक्षा,सम्मान, धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी निष्ठा क्षेत्र में खुशहाली और विकास का प्रेरक उदाहरण है। सांसद की यह पहल और नवरात्रि की आस्था से प्रेरित कार्यक्रम अमेठी के लोगों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण हैं। अमेठी आमजनमानस के उज्जवल भविष्य और क्षेत्र की खुशहाली की कामना के साथ आज का दिन सभी के लिए यादगार बना।

कार्यक्रम में शाहगढ ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव,नरेंद्र मिश्र, प्रवक्ता अनिल सिंह, रामलखन शुक्ल, प्रशासनिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल सुधीर जाखड़, लेफ्टिनेंट कर्नल सतवीर सिंह प्रधानाचार्य, राजेश्वर तिवारी, अनुपम पाण्डेय, शत्रुघ्न सिंह, गीता सिंह, सुनील सिंह,अवनीश मिश्रा, युका अध्यक्ष शुभम सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## धनपाला मेमोरियल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**अमेठी।** धनपाल मेमोरियल स्कूल में आज भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने ₹माँ दुर्गा₹ के विभिन्न रूपों की सुंदर झाँकियाँ प्रस्तुत कीं, जिनसे पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूँज उठा। साथ ही विद्यार्थियों ने पारंपरिक डांडिया एवं गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विशेष आकर्षण रहा धुनुची नृत्य (पारंपरिक बंगाली नृत्य), जिसमें बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों की खूब तालियाँ बटोरीं।

विद्यालय प्रबंधक डॉ अविनाश मिश्रा ने इस अवसर पर बच्चों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, सांस्कृतिक जुड़ाव एवं सामूहिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

## प्यार ने तोड़ी धर्म-जाति की सरहदें, मंदिर में गूंजे वैदिक मंत्र और आतिशबाज़ी

**लालगंज, रायबरेली।** प्रेम की शक्ति ने एक बार फिर समाज की कठोर सरहदों को लांघकर अपनी विजय गाथा लिखी। नगर के घोसियाना मोहल्ला निवासी युवती और साकेत नगर के युवक कुशाग्र बाजपेयी का तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक मोबाइल शॉप में कार्यरत है, जबकि युवती एक क्लीनिक में रिसेप्शनिस्ट रही। 24 सितंबर को युवती घर छोड़कर निकल गई, जिस पर परिजनों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तलाशकर दोनों को परिजनों के सामने प्रस्तुत किया। समझाने-बुझाने के अनेक प्रयासों के बावजूद युवती ने अपने प्रेम और जीवन साथी के साथ रहने का निश्चय दोहराया। चूंकि मामला दो धर्मों से जुड़ा था, इसलिए स्थानीय संगठनों का हस्तक्षेप भी सामने आया। अंततः कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में आचार्य दुर्गा शंकर व मयंक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोनों का विवाह संपन्न कराया। वर-वधू ने सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान युवक के मित्रों ने लड़की के भाई और जेठ की जिम्मेदारी निभाई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने पुष्टि की कि दोनों बालिग हैं और अपने निर्णय से वैवाहिक जीवन में बंधे हैं। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय नेता रामगोपाल त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष अजय बाबू पांडे, संघ कार्यकर्ता पवन सिंह, व्यापारी नेता विवेक शर्मा, एडवोकेट पंकज पांडेय, विवेक गुप्ता, प्रदीप समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में नवजात को स्मृति ने दिया आशीर्वाद

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**अमेठी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी सोमवार को जिले के प्रवास के दौरान जिला अस्पताल पहुँचीं। यहाँ उन्होंने पत्रकार चिन्तामणि मिश्रा के नवजात पुत्र को आशीर्वाद दिया और उनके परिवार से मुलाकात की। स्मृति ईरानी ने अस्पताल में भर्ती उनकी पत्नी श्रद्धा का कुशलक्षेम जाना और नवजात के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

मुलाकात के दौरान उन्होंने परिजनों से आत्मीय संवाद किया और परिवार को हार्दिक बधाई दी।

गौरतलब है कि स्मृति ईरानी नवरात्र के अवसर पर अमेठी दौरे पर थीं, जहाँ उन्होंने विभिन्न देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के साथ ही कार्यकर्ताओं से भेंट की। इसी क्रम में उन्होंने जिला अस्पताल पहुँचकर सामाजिक सरोकार और मानवीय जुड़ाव का उदाहरण प्रस्तुत किया।अस्पताल परिसर में स्मृति ईरानी के आगमन से रौनक का माहौल रहा और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उनसे मिलने पहुँचे।

## वर्तमान व पूर्व सांसदों ने देवी मंदिरों में टेका माथा, मांगी क्षेत्रीय सलामती की दुआ

**जय प्रकाश पाण्डेय**

**अमेठी।** यह महज संयोग ही है कि सोमवार के दिन शारदीय नवरात्रि के अवसर पर अमेठी के हारे व जीते दोनों ही सांसद एक दिनी भ्रमण पर अमेठी आए ।दोनों जन प्रतिनिधियों का एक ही मकसद क्षेत्रीय विकास , समृद्धि व लोगो के लिए माता रानी से दुआ मांगना रहा। दोनों ने शक्ति पीठ देवी मंदिरों में माथा टेका और क्षेत्रीय सलामती की दुआ मांगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व यहां की सांसद रही स्मृति जुबानी ईरानी लखनऊ से चलकर सड़क मार्ग से सीधे प्रसिद्ध शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी पहुंची जहां पुजारी यज्ञदेव पाठक ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। ईरानी ने माता रानी पर चुनरी चढ़ाई और नारियल फोड़ क्षेत्र की समृद्धि के साथ शांति व अमन चैन की दुआ मांगी। उनके यहां पहुंचते कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला, लोगों ने नारेबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया। यहां आते ही मर्यादा व भक्त परम्परा का पालन करते हुए वे दर्शन के लिए हाथ में पूजन सामग्री लिए महिलाओं वाली कतार में खड़ी हो गई। तभी प्रशासन ने उन्हें प्रोटोकॉल के तहत निकास द्वार से मंदिर में प्रवेश कराया। जहां पहुंच उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चन किया। इस मौके पर स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व ब्लॉक प्रमुख तिलोई मुन्ना सिंह उनकी अगुआई में पहले से ही मौजूद रहे। उनके साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे। इसके पश्चात उनका काफिला जिले के दूसरे छोर पर स्थित दुर्गन भवानी व कालिकन धाम के लिए रवाना हुआ।




जहां उन्होंने पूजन अर्चन कर अमेठी वासियों की खुशहाली की दुआ मांगी। उधर वर्तमान सांसद केएल शर्मा ने भी सैनिक स्कूल को एक बस सुपुर्द करने के साथ ही मां दुर्गन भवानी समसेरियन मंदिर व मुसाफ़िर खाना क्षेत्र स्थित मां हिंगलाज मंदिर पहुंच माथा टेका और क्षेत्र की खुशहाली की दुआ मांगी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति का लखनऊ से लेकर अमेठी तक हुआ भव्य स्वागत



**अमेठी।** वर्ष 2024 में मिली हार के बाद दूसरी बार अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी का लखनऊ से लेकर अमेठी पहुंचने तक दर्जनों जगहों पर कार्य कर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। लखनऊ एयरपोर्ट पर जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला समेत राकेश त्रिपाठी, भवानी दत्त दीक्षित व अन्य कई लोगों ने उन्हें स्वागत कर रिसीव किया। उसके बाद अमेठी की सीमा पर इन्हौना में सैकड़ो कार्य कर्ताओं ने फूल माले से लाद उनका स्वागत किया। इसके अलावा भेल, जगदीशपुर, मुसाफिरखाना के साथ ही अन्य जगहों पर लोगों ने उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष पंकज अवस्थी, गौरव श्रीवास्तव, अनिल पांडेय इंजीनियर संजय सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह, राजेश विक्रम सिंह, राम उजर शुक्ला, दया शंकर यादव उपमा सरोज, आशा बाजपेई, गीता सिंह, विधायक राकेश प्रताप सिंह, चंद्र प्रकाश मटियारी आदि लोग शामिल रहे।

## स्कूल लौटते समय छात्र साइकिल दुर्घटना का शिकार, हालत गंभीर

**लालगंज, रायबरेली।** निहस्था गांव के पास स्कूल से घर लौटते समय आठवीं का छात्र गंभीर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। घायल छात्र शुभम, पुत्र दुर्गेश, लालाखेड़ा गांव का निवासी है। वह छुट्टी के बाद साइकिल पर घर लौट रहा था, तभी लालगंज-उन्नाव हाईवे के मोड़ के पास उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर काफी दूर तक घिसटता चला गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर कोई वाहन नहीं था, और छात्र की साइकिल नियंत्रण खोने के कारण यह हादसा हुआ। परिवार और ग्रामीण उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवा रहे हैं।

**अभियान** गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की व छह माह के बच्चों का प्रथम अन्नप्राशन कराया, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को किया सम्मानित

# मिशन शक्ति 5.0 एवं राष्ट्रीय पोषण माह 8.0 अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 तथा राष्ट्रीय पोषण माह 8.0 अभियान के अंतर्गत आज जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी), गौरीगंज में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान ने फीता काटकर किया।

इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा छह माह के बच्चों का प्रथम अन्नप्राशन कराया। इसके उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिस कर्मियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, सुपरवाइजर्स, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं सहित ग्राम्य विकास विभाग से जुड़ी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि "मिशन शक्ति अभियान सरकार की वह महत्त्वाकांक्षी पहल है, जो महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। महिलाओं को यह जानना आवश्यक है कि विषम परिस्थितियों में किन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करना है तथा सरकार द्वारा उनके हित में कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं की जानकारी केवल खुद तक सीमित न रखें, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें।" पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि "मिशन शक्ति अभियान शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री जी द्वारा 22 सितम्बर को प्रारंभ किया गया था।




इस अभियान का मूल उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सजग बनाना है। शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर महिलाओं की सुरक्षा कवच हैं। किसी भी संकट की स्थिति में महिलाएं इन नंबरों पर तत्काल संपर्क कर सकती हैं और त्वरित मदद पा सकती हैं।" उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे न केवल अपने अधिकारों को पहचानें, बल्कि अन्य महिलाओं को भी इसके प्रति जागरूक करें।

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि "मिशन शक्ति मात्र एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने वाला सशक्त अभियान है। बिना मेहनत के कोई भी मिशन सफल नहीं हो सकता। इसलिए सभी महिलाओं को दो चीजें अवश्य सीखनी चाहिए—पहली, वित्तीय प्रबंधन (फाइनेंस) की समझ और दूसरी, कानून की जानकारी। जब महिलाएं आर्थिक और कानूनी रूप से सशक्त होंगी, तभी उनका सशक्तिकरण सार्थक होगा।" इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने भी अपने-अपने विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं से उनका लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन एवं सखी वन स्टाफ केंद्र की टीम द्वारा महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से संबंधित पम्पलेट का वितरण किया गया एवं धात्री महिलाओं को बेबी किट प्रदान किया गया साथ एचईडब्ल्यू कार्मिक द्वारा उपस्थित महिलाओं को मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड एवं सामान्य), कन्या सुमंगला योजना, सखी वन स्टाफ सेंटर, जननी सुरक्षा योजना आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी टोल फ्री नंबर महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, एंबुलेंस सेवा 108, तथा महिला कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, विभिन्न विभागों की महिला कर्मी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# टीम इंडिया ने बिना ट्रॉफी जीत सेलिब्रेट की

## बुमराह ने दिया रऊफ को प्लेन क्रैश रिप्लाई



एजेंसी

**दुबई।** भारत ने एशिया कप का खिताब नौवीं बार अपने नाम कर लिया है। टीम इंडिया ने रविवार रात साढ़े चार घंटे चले फाइनल में पाकिस्तान को आखिरी ओवर में 5 विकेट से हरा दिया। 20 दिन तक चले टूर्नामेंट में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर का असर भी दिखा।

एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें 3 बार टकराईं। भारत ने तीनों मैच जीते, पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों से एक बार भी हाथ नहीं मिलाया। भारतीय खिलाड़ियों ने खिताब जीतने के बाद एशियन क्रिकेट काउंसिल के चैयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से भी मना कर दिया। नकवी पाकिस्तान के गृहमंत्री और PCB चीफ भी हैं। फाइनल में भारत को तिलक वर्मा ने 69 रन की पारी खेलकर जीत दिलाई।

मैच जीतने के बाद सूर्यकुमार यादव ने झुक कर उन्हें प्रणाम किया।पूरे टूर्नामेंट टीम से बाहर रहने वाले रिंकू सिंह को हार्दिक पंड्या की चोट के कारण फाइनल में खेलने का मौका मिला। उन्होंने इस मौके को पूरी तरह भुनाया। रिंकू की बैटिंग तब आई जब भारत को आखिरी 6 बॉल पर 10 रन की जरूरत थी। हारिस रऊफ की चौथी गेंद पर रिंकू ने लॉन्ग ऑन के ऊपर से चौका मारकर भारत को खिताब दिला दिया।18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने हारिस रऊफ को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड कर दिया और इसके बाद उन्होंने प्लेन क्रैश का इशारा करके विकेट का जश्न मनाया। यह जश्न दरअसल उस पुराने किस्से से जुड़ा था, जब सुपर-4 के मैच में हारिस रऊफ ने भारतीय फैंस की ओर जेट गिराने जैसा इशारा किया था। उस हरकत पर ICC ने उन्हें दोषी माना था और उनकी 30% मैच फीस काट ली थी।

फाइनल में बुमराह ने गेंद से जवाब दिया। उनकी खतरनाक यॉर्कर रऊफ के स्टंप उड़ा ले गई और फिर उन्होंने वही इशारा दोहराकर रऊफ को याद दिलाया कि असली "प्लेन गिराने" का काम किसने किया है।

## एक नजर

### मोदी बोले- खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर



भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीता। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा- ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी।भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने PM मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने ANI से कहा- 'अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे।'PM मोदी के बयान पर भड़के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी ने जवाब दिया है। उन्होंने X पोस्ट में लिखा- 'अगर युद्ध ही आपका गौरव मापने का पैमाना है, तो इतिहास में पाकिस्तान के हाथों आपकी शर्मनाक हार पहले से दर्ज है। कोई भी क्रिकेट मैच उस सच्चाई को नहीं बदल सकता। खेल में युद्ध को घसीटना केवल आपकी डेस्परेशन को दिखाता है, जोकि खेल की मूल भावना का अपमान करता है।' पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी विजेता टीम को अवॉर्ड देने पहुंचे, लेकिन भारतीय टीम ने उनसे अवॉर्ड लेने से इनकार कर दिया। अवॉर्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवॉड्‌र्स नहीं लेगी। इस बीच मंच पर मौजूद दुबई स्पोर्ट्स सिटी के खालिद अल जरूनी से ट्रॉफी लेने की बात हुई, लेकिन नकवी मंच से हटने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतरे। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए।

### कुलदीप एशिया कप के टॉप विकेट टेकर

**दुबई।** भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर 9वीं बार एशिया कप का टाइटल अपने नाम कर लिया। 20 दिन चले टूर्नामेंट में कई बड़े रिकॉड्‌र्स बने। कुलदीप यादव एशिया कप इतिहास के टॉप विकेट टेकर बने। उन्होंने एक एडिशन में सबसे ज्यादा विकेट भी लिए। अभिषेक शर्मा टी-20 क्रिकेट में सबसे कम गेंदों पर 50 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। टूर्नामेंट के 41 साल के इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल हुआ। वहीं टीम इंडिया टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम भी बनी।

### क्रिस वोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

इंग्लैंड के पेस बॉलिंग ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। वोक्स 2019 वनडे वर्ल्ड कप और 2022 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इंग्लिश टीम का हिस्सा रहे। 2 महीने पहले भारत के खिलाफ टेस्ट मैच में वे इंजर्ड हाथ के साथ बैटिंग करने भी उतरे थे। वोक्स ने सोशल मीडिया पर तीनों फॉर्मेट की जर्सी में अपनी फोटो शेयर की। उस पर लिखा, इंग्लैंड के लिए खेलकर खुशी हुई, करियर में कोई पछतावा नहीं रहा। समय आ गया है। मैंने फैसला कर लिया है कि इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर होने का यही सही समय है। वोक्स ने आगे लिखा, 'इंग्लैंड के लिए खेलने का सपना मैंने बचपन से ही देखा। मैं बहुत खुशनसीब रहा कि इस सपने को पूरा कर सका। इंग्लैंड के लिए 15 साल खेलते हुए मैंने कई अच्छे दोस्त बनाए, यही चीजें मेरे लिए खास रहीं।

# भारत को यह जीत हर हाल में चाहिए थी

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद हारने का ऑप्शन ही नहीं था, तिलक और कुलदीप रहे हीरो



एजेंसी

**दुबई।** तुम पूछते हो हमारा मकसद क्या है। उसका जवाब सिर्फ एक शब्द है—जीत। हर कीमत पर जीत। दहशत के बीच भी जीत। चाहे रास्ता कितना भी कठिन क्यों न हो, हमें चाहिए जीत।'यही शब्द थे विंस्टन चर्चिल के, जब उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के दौर में बतौर ब्रिटिश प्रधानमंत्री पहली बार संसद को संबोधित किया था। रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में भारत की स्थिति भी कुछ वैसी ही थी। पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने माहौल में हार का सवाल ही नहीं उठता था। फाइनल में पाकिस्तान से हार भारतीयों के लिए असहनीय होती। जीतना ही एकमात्र विकल्प था। और यही जीत दिलाई 22 साल के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने, जिन्होंने पूरे दबाव के बीच खुद को नायक साबित किया।

**20 रन पर गिर गए थे 3 विकेट**

भारतीय टीम 147 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 20 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी। फाइनल से पहले हर मैच में धूम मचाने वाले अभिषेक शर्मा 5 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव 1 रन ही बना सके। शुभमन गिल भी 12 के आंकड़े से आगे नहीं बढ़े।

इसके बाद तिलक वर्मा ने पहले संजू सैमसन के साथ 57 रन की और फिर शिवम दुबे के साथ 60 रन की पार्टनरशिप कर भारत की जीत को सुनिश्चित कर दी।

बहरहाल, जीत का तिलक टूर्नामेंट में पहला मैच खेल रहे रिंकू सिंह के बल्ले से लगा। उन्होंने आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर चौका लगाया और भारत को वह जीत दिला दी, जो टीम को हर हाल में चाहिए थी।

**धोनी जैसा संयम और विराट जैसी फिनिशिंग**

तिलक वर्मा की इस पारी में भारत के दो पूर्व दिग्गजों महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली की छाप दिखी। जब क्रीज पर टिकने की जरूरत थी तब उन्होंने धोनी जैसा संयम दिखाया। एक बार जब पांव क्रीज पर जम गए तो विराट कोहली की तरह टीम को जीत दिलाकर ही दम लिया। तिलक ने अपनी पारी की शुरुआती 26 गेंदों पर सिर्फ 24 रन बनाए थे, लेकिन अगली 27 गेंदों पर उन्होंने 45 रन बना दिए।

# मोबाइल नंबर की तरह गैस कंपनी भी बदल सकेंगे

## अभी केवल डीलर बदलने की सुविधा, सिलेंडर मिलने में देरी जैसी समस्या दूर होगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जल्द ही आप मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह अपना गैस कनेक्शन भी किसी भी कंपनी में बदल सकेंगे। पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (PNGRB) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इससे कंज्यूमर्स को ज्यादा चॉइस मिलेगी और सर्विस बेहतर होगी।




**अभी डीलर बदल सकते हैं, लेकिन कंपनी नहीं**

यूपीए सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में LPG कनेक्शन की पोर्टेबिलिटी की पायलट योजना शुरू की थी। जनवरी 2014 में इसे 480 जिलों तक विस्तारित किया।

लेकिन उसमें आप उसी कंपनी के अंदर डीलर बदल सकते थे। मसलन, अगर आप इंडेन गैस के कस्टमर हैं, तो अन्य कंपनी में जाना मुमकिन नहीं था।

ऐसा इसलिए था क्योंकि नियमों के मुताबिक सिलेंडर सिर्फ उसी कंपनी से रिफिल कराया जा सकता है, जिसने उसे जारी किया हो।

नई व्यवस्था में अब ये पुरानी लिमिट हटाई जाएगी। PNGRB इंटर-कंपनी पोर्टेबिलिटी ला रहा है। इसमें आप किसी भी कंपनी में स्विच कर पाएंगे।

**रिफिल में देरी से ग्राहकों को परेशानी-** लोकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के ऑपरेशनल प्रॉब्लम्स से कस्टमर्स को परेशानी होती है। कई बार रिफिल में हफ्तों की देरी हो जाती है। PNGRB का कहना है, कस्टमर को चॉइस की आजादी होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत सबकी एक जैसी हो।

अगर लोकल डीलर ठीक से काम न करे, तो दूसरी कंपनी के नजदीकी डिस्ट्रीब्यूटर से रिफिल लेने की सुविधा मिलेगी।

**गैस कनेक्शन पोर्टेबिलिटी कब शुरू होगी?** PNGRB ने अभी स्टेकहोल्डर्स, कंज्यूमर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, सिविल सोसाइटी से फीडबैक मांगा है। कमेंट्स भेजने की लास्ट डेट मिड-अक्टूबर है। इसके बाद रूल्स और गाइडलाइंस बनेंगी, और पूरे देश में रोलआउट डेट फिक्स होगी।

# सोना 2192 महंगा होकर 1.15 लाख पार : इस साल दाम 39,000 बढ़े

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार (29 सितंबर) को अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,192 रुपए बढ़कर 1,15,454 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,13,262 रुपए पर था। वहीं, चांदी भी 6,287 रुपए बढ़कर 1,44,387 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले ये 1,38,100 रुपए पर थी।

**इस साल सोना 39,000 और चांदी 58,000 महंगी हुई**

इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 39,292 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,15,454 रुपए हो गया है।



चांदी का भाव भी इस दौरान 58,370 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,44,387 रुपए प्रति किलो हो गई है।

**1.55 लाख रुपए तक जा सकता है सोना**

गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा।

# जोमैटो का नया हेल्दी मोड लॉन्च

## फाउंडर दीपिंदर गोयल बोले- अब खाना सिर्फ स्वाद के लिए नहीं, सेहत के लिए भी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने एप में 'हेल्दी मोड' लॉन्च किया। इस बात की जानकारी जोमैटो के फाउंडर दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट शेयर कर दी। एप का यह फीचर अभी सिर्फ गुरुग्राम के यूजर्स के लिए लाइव किया गया है। जल्द ही यह फीचर बाकी सिटी में भी लॉन्च किया जाएगा।

**हर डिश के साथ हेल्दी स्कोर भी दिखेगा**

दीपिंदर गोयल ने पोस्ट में लिखा, 'कई सालों से जोमैटो के बारे में एक बात मुझे खटकती थी। हमने लोगों के लिए बाहर जाकर खाना और घर पर ऑर्डर करना तो बहुत आसान कर दिया। लेकिन लोगों को सचमुच पौष्टिक और सेहतमंद खाना खाने में कभी मदद नहीं की। हां आप सलाद या स्मूदी बाउल ढूंढ




सकते थे। लेकिन अगर आप पौष्टिक या सेहतमंद खाना चाहते थे, तो जोमैटो उसमें ज्यादा मददगार नहीं था। ये बात मुझे खटकती थी। क्योंकि जब हम कहते हैं कि हमारा मिशन है- 'बेटर फूड फॉर मोर पीपल' और इस 'बेटर' का मतलब सिर्फ स्वाद नहीं, बल्कि सेहत भी होना चाहिए।

आज हमने इस कमी को ठीक करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। हम जोमैटो पर हेल्दी मोड लॉन्च कर रहे हैं। इस मोड में हर डिश के साथ एक हेल्दी स्कोर होगा- लो से लेकर सूपर तक।

ये स्कोर सिर्फ कैलोरी नहीं, बल्कि आपके शरीर के लिए जरूरी चीजों पर बेस्ड होगा। जिसमें प्रोटीन, कॉम्प्लेक्स कार्ब्स, फाइबर और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स शामिल हैं। पर्दे के पीछे AI और रेस्टोरेंट का डेटा काम कर रहा है, लेकिन आपको बस साफ-साफ दिखेगा कि कोई डिश हेल्दी क्यों है और उसमें क्या खास है।

**एथलीट भी इस्तेमाल कर सकेंगे**

ये कोई आम 'हेल्दी मोड' नहीं है। हमने इसका स्तर इतना ऊंचा रखा है कि प्रोफेशनल एथलीट भी इसे भरोसे के साथ इस्तेमाल कर सकें। ये मेरे लिए बहुत पर्सनल है। मुझे हमेशा ये गिल्ट रहा कि जोमैटो ने आपकी क्रेविंग्स को पूरा करना आसान किया, लेकिन आपके शरीर की जरूरतों को पूरा करना नहीं।

# मानहानि केस में कंगना रनोट को बठिंडा कोर्ट से झटका

## VC से पेश होने की याचिका खारिज की, SSP को ऑर्डर भेज व्यक्तिगत पेशी पर बुलाया



हिमाचल के मंडी से BJP सांसद एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट को पंजाब की बठिंडा कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने किसान आंदोलन में की टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि केस में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेशी की याचिका खारिज कर दी है। अब कंगना को 27 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होना होगा। कोर्ट के ऑर्डर SSP के जरिए कंगना रनोट को रिसीव कराए जाएंगे। कुछ दिन पहले कोर्ट ने कंगना को कोर्ट में पेश होने के लिए समन भेजा था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी कंगना को राहत देने से इनकार कर दिया था। यह मामला 2021 का है, जब किसान आंदोलन चल रहा था। उस दौरान कंगना ने बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया की रहने वाली 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला किसान महिंदर कौर को 100-100 रुपए लेकर धरने में शामिल होने वाली महिला बताते हुए ट्वीट किया था। इसके खिलाफ महिंदर कौर ने कोर्ट में केस दर्ज करवाया था। कंगना का कहना था कि उन्होंने केवल एक वकील की पोस्ट को रिपोस्ट किया था।

**कंगना रनोट ने महिला किसान पर की थी टिप्पणी**

कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि- किसान आंदोलन में महिलाएं 100 रुपए में शामिल होती हैं। कंगना ने किसान आंदोलन को लेकर एक पोस्ट पर कमेंट भी किया था। इसमें एक बुजुर्ग महिला की फोटो थी। एक्ट्रेस ने लिखा, 'हाहाहा, ये वही दादी है, जिसे टाइम मैग्जीन में भारत की पावरफुल महिला होने पर फीचर किया गया था। वो 100 रुपए में उपलब्ध है। पाकिस्तानी पत्रकारों ने भारत के लिए शर्मनाक तरीके से इंटरनेशनल पीआर को हाईजैक कर लिया है। हमें इंटरनेशनल लेवल पर बोलने के लिए अपने ही लोगों की जरूरत है।'

**4 जनवरी 2021 को किया था केस दायर**

बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ में रहने वाली महिंदर कौर (81) ने कंगना के ट्वीट के बाद 4 जनवरी 2021 को मानहानि का केस दायर किया था। करीब 13 महीने सुनवाई चली, जिसके बाद बठिंडा की अदालत ने कंगना को समन जारी करते हुए पेश होने का आदेश दिया था। इसके बाद कंगना ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में राहत की याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। जहां से भी कंगना को राहत नहीं मिली।

# भारत की जीत पर बॉलीवुड सेलेब्स ने जताई खुशी:अमिताभ बच्चन बोले- दुश्मनों को लड़खड़ा दिया, अनुपम खेर ने कहा- भारतीय टीम पर गर्व है





टी20 फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने दुबई में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर नौवीं बार एशिया कप जीत लिया। इस जीत से पूरा देश जश्न मना रहा है। आम आदमी से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स तक सभी टीम इंडिया को इस शानदार जीत की बधाई दे रहे हैं। इंडिया की जीत के बाद अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने शोएब अख्तर के पुराने कमेंट पर चुटकी ली और लिखा, जीत गए। अच्छा खेला अभिषेक बच्चन ऊपर जबान लड़खड़ाई और इधर बिना बैटिंग बॉलिंग फील्डिंग लड़खड़ा दिया दुश्मनों को। बोलती बंद। जय हिन्द ! जय भारत ! जय मां दुर्गा। अनिल कपूर ने लिखा, भारत जिंदाबाद'। वहीं, अनुपम खेर ने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा, भारत माता की जय! क्या बात है। वाकई में क्या जबरदस्त गेम था। मुझे अपने भारत और क्रिकेट टीम पर गर्व है।साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा ने तिलक वर्मा की तारीफ करते हुए लिखा, 'इंडियाआआआआआ। हमारे लड़के ने कमाल कर दिया।'




## जबरन किस के आरोपों पर सुभाष घई ने तोड़ी चुप्पी: कहा-अनजान लोगों से मिलना डरावना है, नेहल वडोलिया ने लगाया था संगीन आरोप



दिग्गज फिल्ममेकर सुभाष घई पर एक्ट्रेस नेहल वडोलिया ने संगीन आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्होंने जबरन किस करने की कोशिश की थी। नेहल के आरोप पर अब सुभाष घई ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर नए लोगों से मिलने को डरावना बताया है। सुभाष घई ने अपने इंस्टाग्राम पर गार्डन की एक फोटो शेयर कर लिखा- 'हालांकि, अगर कोई बच्चा आपके पास मदद के लिए आता है, तो सभी सीनियर एक्सपर्ट का फर्ज है कि वे अपने पेशे में उनकी मदद करें और उनका मार्गदर्शन करें। लेकिन आजकल अनजान लोगों से मिलना डरावना है, जो सिर्फ पब्लिसिटी के लिए सही या गलत बयानों के साथ सोशल मीडिया पर दिखना चाहते हैं। भगवान उनका भला करे। एक सम्मानजनक करियर बनाने के लिए आपसी सम्मान सबसे जरूरी है।' बता दें कि विवादित रियलिटी शो हाउस अरेस्ट में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस नेहल वडोलिया ने हाल ही में गलाटा प्लस को दिए इंटरव्यू में कहा था- 'सुभाष घई का मैनेजर ठीक उसी समय मेरा बॉयफ्रेंड बना था। फिजिकली कुछ भी नहीं था। थोड़े दिन में उसने मुझे बोला कि मैं तुम्हें सुभाष घई के घर लेकर जा रहा हूं। मैं अल्कोहल कंज्यूम करती थी तो हम रेड वाइन पी रहे थे। एक अलग रूम था, जहां हम पी रहे थे। जैसे ही ग्लास उठाने गई वो गिर गया तो वो मोमेंट हो गया कि ओह माय गॉड ये क्या हो गया। वो बोलते हैं सुभाष जी कि चलो बालकनी, मैं तुम्हें दिखाता हूं बाहर

# वरुण धवन के ड्राइवर की बड़ी लापरवाही

## शख्स के ऊपर गाड़ी चढ़ाई, गालीगलौज की, पुलिस की मौजूदगी में पीड़ित ने की एक्टर से शिकायत



वरुण धवन इन दिनों फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी को लेकर चर्चा में हैं। एक्टर फिल्म के प्रमोशन में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी बीच एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक शख्स वरुण के ड्राइवर पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगा रहा है। वीडियो में वरुण धवन, एक शख्स और एक पुलिस अधिकारी नजर आ रहे हैं। उस दौरान वह शख्स वरुण के ड्राइवर की तरफ इशारा करते हुए कह रहा है, इन्होंने मेरे ऊपर गाड़ी चढ़ा रखी है और गालियां दे रहा है। इस दौरान वरुण धवन उसे प्यार से समझाते हुए कहते हैं, ठीक है ठीक है और उसे शांत करने की कोशिश करते हैं। इसके बाद एक्टर गाड़ी में बैठकर वहां से चले गए। अब इस वीडियो पर यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक ने लिखा, वरुण के पास ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए व्यावहारिक समझदारी है, वह शांत दिमाग वाला है, ज्यादा भावुक या आक्रामक नहीं होता।, दूसरे ने लिखा, एक छोटी सी दुर्घटना के बाद ड्राइवर ने रोड रेज दिखाया और गाली-गलौज की। तो इसमें क्या बड़ी बात है? ज्यादातर लोग ऐसे मामले में ऐसे ही रिएक्ट करते हैं। चूंकि ये उसके ड्राइवर की हरकतें हैं तो वरुण को इसमें घसीटने का कोई मतलब नहीं है। फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी 2 अक्टूबर को रिलीज होगी। इसका डायरेक्शन शशांक खेतान ने किया है। फिल्म में वरुण धवन के अलावा जाह्नवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ हैं। मनीष पॉल और अक्षय ओबेरॉय सपोर्टिंग रोल में हैं। वहीं, इस फिल्म का क्लैश कांतारा 2 से होगा। जाह्नवी के साथ वरुण की यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों 2023 में फिल्म 'बवाल' में नजर आए थे। जबकि वरुण की फिल्म 'हम्प्टी शर्मा को दुल्हनिया' और 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' का डायरेक्शन भी शशांक खेतान किया था।

## एक नजर

### गोली चलाने वाला वांछित गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद



**बल्दीराय – सुलतानपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बल्दीराय थाना पुलिस को सोमवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे आरोपी तालिब अहमद को मुठभेड़ जैसे हालात के बीच धर दबोचा। आरोपी की गिरफ्तारी से इलाके में सनसनी फैल गई ।जानकारी के मुताबिक थाना बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम पटैला निवासी तालिब अहमद पुत्र स्व .वाहिद अहमद के खिलाफ पाक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया तो उसने अचानक 315 बोर के तमंचे से पुलिस पर फायर झोंक दिया। हालांकि,पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम नन्दौली स्थित बरगदही बाबा मजार के पास से दबोच लिया। मौके से एक देशी तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया ।गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजदेव यादव, कांस्टेबल विशाल यादव और कांस्टेबल देवेन्द्र प्रताप यादव शामिल रहे। बल्दीराय थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस टीम पर फायरिंग करने व अवैध असलहा रखने के मामले में नया मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### छात्राओं ने संभाली सीओ व प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी



**कादीपुर–सुलतानपुर।** शासन द्वारा चलाई गई मिशन शक्ति फेज 5 के तहत सोमवार को कादीपुर में दो छात्राओं ने एक दिन की सीओ और प्रभारी निरीक्षक बनकर प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाई। त्रिभुवन देवी एकेडमी, अल्देमऊ नूरपुर की कक्षा दस की छात्रा आरुषि त्रिपाठी एक दिन की सीओ बनी। उन्होंने सीओ विनय गौतम के साथ कार्यालय में बैठकर विभिन्न विभागीय कार्यों और दायित्वों को समझा तथा अनुभव हासिल किया। वहीं, कादीपुर कोतवाली के कार्यालय में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा ग्यारह की छात्रा सौम्या तिवारी एक दिन की प्रभारी निरीक्षक बनी। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने उन्हें पुलिस की कार्यशैली से परिचित कराया और थाने के स्टाफ से उनका परिचय कराया। सौम्या तिवारी ने रजिस्टर नंबर 8 और रजिस्टर नंबर 4 का अवलोकन कर उनके उपयोगिता और महत्व को समझा। इस अवसर पर चार फरियादियों ने सौम्या के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें सुनकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सीओ विनय गौतम ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह संवेदनशील है। सरकार के माध्यम से वूमेन पावर लाइन, महिला सम्मान, महिला सहायता प्रकोष्ठ और मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम सक्रिय रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

### तीन शातिर दबोचे, चोरी का गेहूं व नलकूप का सामान बरामद




**बल्दीराय – सुलतानपुर।** अपराधियों पर शिकंजा कसने के अभियान के तहत बल्दीराय थाना पुलिस ने सोमवार को बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस ने तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का गेहूं व नलकूप का सामान बरामद किया है ।जानकारी के मुताबिक बल्दीराय थाना क्षेत्र के ककरहवा मजरे सोनवरसा के पास पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कल्लू उर्फ मोनू, संदीप यादव निवासी पूरे हजारी मजरे ऐंजर और रामसूरज निवासी ऐंजर को गिरफ्तार किया। ये सभी पहले से चोरी समेत कई मामलों में वांछित थे ।थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से तीन बोरी गेहूं, एक नलकूप स्टार्टर, दो कटआउट और एक स्विच बोर्ड बरामद किया गया। सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया ।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुनील सिंह यादव, उपनिरीक्षक अनिल सक्सेना, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल दीपक कटियार, कांस्टेबल मुलायम सिंह और कांस्टेबल विशाल सोनकर शामिल रहे।

### दुर्गा पूजा पंडालों में चौकीदारों की तैनाती, बाइक प्रवेश वर्जित



**कादीपुर–सुलतानपुर।** दुर्गा पूजा महोत्सव को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए कोतवाली परिसर में जिला सुरक्षा संगठन की तहसील इकाई की बैठक रविवार को देर शाम आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने कहा कि मेले के दौरान घने इलाकों में बाइक का प्रवेश वर्जित रहेगा। दुर्गा पूजा पंडालों पर सुरक्षा की दृष्टि से चौकीदारों की तैनाती की जाएगी और किसी भी असामान्य स्थिति से निपटने के लिए सतत निगरानी रखी जाएगी। संगठन के तहसील महामंत्री ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि कोतवाली पुलिस और संगठन के सदस्य आपस में समन्वय स्थापित कर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। इसके लिए पुलिस संगठन के सदस्यों के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में आए संदेशों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में संगठन के संरक्षक डॉ संजीव पांडे, संयोजक श्यामचंद श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ समीर कुमार पांडे, उपाध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, राम विनय सिंह, अब्दुल हक, डॉ जितेंद्र उपाध्याय, विजय गिरी, शिवमंगल सिंह, नवीन बरनवाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रेबीज़ से बचाव और टीकाकरण पर जोर जागरूकता की अपील

**सुलतानपुर।** विश्व रेबीज़ दिवस के पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जेसी सरोज ने की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों और स्वास्थ्य कर्मियों को रेबीज़ रोग से बचाव के उपायों और इसके खतरनाक प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला सर्वेलैंस अधिकारी डॉ लाल ने रेबीज़ टीकाकरण की प्रक्रिया, महत्व और समय-सीमा के बारे में बताया। उन्होंने सभी से अपील की कि अपने पालतू जानवरों और आसपास के पशुओं के टीकाकरण में सहयोग करें ताकि समुदाय में रोग का प्रसार रोका जा सके। गोष्ठी का संचालन जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ आकर्ष शुक्ला ने किया और उन्होंने वर्ष 2025 की थीम 'अब: आप, मैं, समाज' के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता और जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। स्वास्सी महाविद्यालय से आईं डॉ पायल सिंह ने रेबीज़ से संबंधित अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए, जिससे सभी उपस्थित लोग इस गंभीर रोग के प्रति संवेदनशील हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला सर्वेलैंस यूनिट के नितिन भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर जिला पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सक, जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर रेबीज़ के प्रति जागरूकता फैलाने और टीकाकरण अभियान में सहयोग देने का संकल्प लिया।



# सड़क जाम या हमला होगा तो संत समाज प्रशासन संग खड़ा मिलेगा : मौनी महाराज

## दुखदुरिया में 11 हजार महिलाओं की रही भागीदारी, 551 कुण्डीय यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु





विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** आई लव मोहम्मद नारे को लेकर उठे विवाद पर अमेठी के सगरा पीठाधीश्वर चैतन्य अभय मौनी महाराज ने सख्त संदेश दिया है। सोमवार को धम्मौर थाना क्षेत्र स्थित प्राचीन कूड़धाम में आयोजित बृहद दुखदुरिया कार्यक्रम में उन्होंने साफ कहा कि कोई भी नारा अपने धर्मस्थल पर ही लगाया जाए।

सड़क जाम करने या प्रशासन पर हमला करने की कोशिश की गई तो संत समाज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शासन-प्रशासन के साथ खड़ा मिलेगा।आयोजन में 11 हजार 108 महिलाओं ने शिरकत कर कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस मौके पर 551 कुण्डीय राष्ट्रीय रक्षा विजयश्री यज्ञ का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह, ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह, पूर्व मंत्री डॉ.शैलेंद्र पार्टी, समाजसेवी मनीषा पांडेय,जिला पंचायत सदस्य राम शंकर यादव, मुख्य यजमान दीपशिखा अभिमन्यु मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।पीठाधीश्वर अभय मौनी महाराज ने कहा कि स्त्री मां है और बेटियां देवी स्वरूपा हैं।

मातृभूमि और राष्ट्र की रक्षा के लिए समाज को संकल्प लेना होगा। जातिगत विभाजन को उन्होंने प्रगति में बाधक बताया। कहा कि यह भूमि दुर्गा, राम और शिव की है। नवरात्र का पावन समय चल रहा है और आज काली पूजन का दिन है। अन्याय करने वालों को दंड मिलता है और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों पर प्रहार होगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सक्षम नेतृत्वकर्ता बताते हुए कहा कि सरकार अकेली नहीं है, संत समाज भी उसके साथ खड़ा है। इसी क्रम में ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने भी मंच से लोगों को सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखने का संदेश दिया।

## कृतिका बनी एक दिन की प्रभारी निरीक्षक तो कौमुदी प्रधानाचार्य

विश्ववार्ता संवाददाता

**लंभुआ-सुलतानपुर।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को छात्राओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। सर्वोदय इंटर कॉलेज की छात्रा कृतिका सिंह को क्राइम इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार मिश्रा की देखरेख में एक दिन के लिए लंभुआ थाना प्रभारी बनाया गया। इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर, मालखाना समेत विभिन्न विभागों व लेखा-जोखा का निरीक्षण किया। कृतिका ने थाने में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित भी किया।

वहीं, विद्यालय स्तर पर भी बालिकाओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए सर्वोदय इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा कौमुदी पांडेय को प्राचार्य गुलाब सिंह द्वारा एक दिन का प्राचार्य नियुक्त किया गया। छात्रा ने विद्यालय के अनुशासन, पढ़ाई और दैनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और जिम्मेदार बनाना है ताकि वे समाज में अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से निभा सकें।



इस मौके पर छात्राओं ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस अवसर से उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है और वे आगे भी समाज व देश की सेवा करने के लिए प्रेरित हुई हैं। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## दो सड़क हादसों में दो की मौत, एक गंभीर

**दोस्तपुर - सुलतानपुर।** अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों ने दो परिवारों को मातम में डुबो दिया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर बीती रात वाहन की टक्कर से एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि अखण्डनगर बाजार में दोस्तपुर मार्ग पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक की जान चली गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, अखण्डनगर थानाक्षेत्र के दादूपुर गांव के निकट रविवार रात 58 वर्षीय बेचन दूबे को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे अखण्डनगर कोतवाल दीपक कुशवाहा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं, सोमवार सुबह अखण्डनगर बाजार स्थित दोस्तपुर मार्ग पर एक और सड़क हादसा हुआ। मोटरसाइकिल सवार विकास उपाध्याय, पुत्र विपिन कुमार निवासी प्राणनाथपुर बछेड़िया, अखण्डनगर, दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई। उसका साथी उत्कर्ष उपाध्याय, पुत्र वीरेंद्र उपाध्याय, निवासी बछेड़िया, गंभीर रूप से घायल हो गया।

## धमकी पर भड़की सपा, बोली–राहुल गांधी देश की आवाज़, चुप नहीं बैठेंगे

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** देश के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी को एक टीवी चैनल की लाइव बहस के दौरान जान से मारने की धमकी दिए जाने की घटना ने राजनीति में हलचल मचा दी है। इस गंभीर मामले पर समाजवादी पार्टी के नेताओं में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।



सपा के प्रदेश सचिव, समाजवादी अधिवक्ता सभा एवं बार एसोसिएशन सुलतानपुर के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह विसेन एडवोकेट ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ किसी व्यक्ति विशेष पर हमला नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति और विचार-विमर्श का हमेशा स्वागत होना चाहिए, किंतु मतभेद के चलते विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं को धमकी देना बेहद निंदनीय और असंवैधानिक कृत्य है। सपा नेता ने केंद्र सरकार से मांग की कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं लेती तो विपक्ष सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आंदोलन करने को बाध्य होगा। अशोक सिंह विसेन ने कहा कि राहुल गांधी देश की करोड़ों जनता की आवाज़ हैं। उनके खिलाफ धमकी दरअसल जनता की आवाज़ को दबाने की कोशिश है, जिसे कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने केंद्र सरकार को आगाह करते हुए कहा कि ऐसे दुस्साहसिक कृत्यों को बर्दाश्त करना देशहित के विपरीत होगा। इसलिए तत्काल जांच कर जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलाई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की अमर्यादित हरकत करने का साहस न कर सके।

## कुल्हाड़ी से हमला कर पिता–पुत्री को किया घायल

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कटसारी गांव में रंजिश के चलते एक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित राजेश पांडे का आरोप है कि रविवार को गांव का ही विपक्षी राकेश पांडे उर्फ हैपी उन्हें गाली दे रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने कुल्हाड़ी से राजेश पांडे के पैर पर वार किया।

बीच बचाव करने पहुंची उनकी पुत्री शिवांगी को भी आरोपी ने सिर पर कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं।

जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और घायल पिता-पुत्री को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## छात्राओं ने निभाई प्रधानाचार्या व अध्यापिका की भूमिका

» नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश, श्री सिंह राय भाले सुल्तान इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोमवार को हलियापुर स्थित श्री सिंह राय भाले सुल्तान इंटर कॉलेज में नारी सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया।इस दौरान कुमारी प्रिया सिंह ने एक दिन की प्रधानाचार्या बनकर छात्राओं को जागरूक किया। वहीं सहायक अध्यापिका की भूमिका में कुमारी मानसी सिंह, अदिति सिंह, आयुषी सिंह, अंजलि, शालिनी, अनम बानो, शिप्रा, करीना, रूपा सोनकर, सेजल, कीर्ति और शिप्रा ने छात्राओं को नारी सशक्तिकरण मिशन 5.0 के तहत जागरूक किया।उन्होंने छात्राओं को शासन द्वारा चलाई जा रही महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 1930, 102, 108, 1098, 181 और 112 का महत्व और आपात स्थिति में उनके उपयोग की विस्तृत जानकारी साझा की।विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि ऐसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी छात्राओं के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में वे तुरंत मदद प्राप्त कर सकती हैं।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना और उनमें आत्मविश्वास जगाना है। मौजूद छात्राओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी आसानी से मिल रही है और वे निर्भीक होकर मदद ले सकती हैं।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्राएं और प्रबंधन से जुड़े लोग मौजूद रहे जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।



## संघ के विजयादशमी उत्सव की तैयारी पूरी, मार्ग तय

» दो अक्टूबर से शुरू होगा न्याय पंचायत स्तर पर पथ संचलन

विश्ववार्ता संवाददाता

**लंभुआ-सुलतानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शताब्दी वर्ष उत्सव की तैयारी पूरी हो गई है। शताब्दी वर्ष में आयोजित सात कार्यक्रम में से पहला विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम आगामी दो अक्टूबर से प्रारंभ होगा। इसमें प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर हिंदू परिवारों के एकत्रीकरण व पथ संचलन का कार्यक्रम तय किया गया है। लंभुआ विकासखंड के नौ न्याय पंचायत के कार्यक्रम प्रमुख व पथ संचलन का मार्ग तय कर लिया गया है।

यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह अजय पांडेय ने दी है। उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को अर्जुनपुर मंडल (न्याय पंचायत) में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। संयोजक विनय विक्रम सिंह के संयोजन में सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनपुर में हिंदू परिवार के मुखिया का एकत्रीकरण शुरू होगा। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद श्रीरामपुर चौराहा तक पथ संचलन का कार्यक्रम तय किया गया है। चार अक्टूबर को बड़ागांव मंडल में यह कार्यक्रम राधेकृष्ण पांडेय के संयोजन में होगा। सरस्वती पब्लिक स्कूल किन्दीपुर में दोपहर दो बजे से एकत्रीकरण, बौद्धिक कार्यक्रम के बाद किन्दीपुर बाजार में पूर्ण गणवेशधारी स्वयंसेवक का पथ संचलन कार्यक्रम किन्दीपुर बाजार व गांव तक होगा। पांच अक्टूबर को शाहगढ़, लंभुआ व शिवगढ़ मंडल में दोपहर दो बजे से कार्यक्रम तय किया गया है।

शाहगढ़ में कार्यक्रम संयोजक गोविन्द कृष्ण पांडेय के संयोजन में सरस्वती शिशु मंदिर से शाहगढ़ बाजार तक पथ संचलन निकलेगा। लंभुआ में सर्वोदय इंटर कॉलेज के बगल मौजूद खेल मैदान से एकत्रीकरण,बौद्धिक के बाद कोतवाली स्थित हनुमानमन्दिर तक पथ संचलन का कार्यक्रम तय किया गया है। शिवगढ़ में प्रकाश श्रीवास्तव विद्यालय पर स्वयंसेवक के एकत्रीकरण के बाद शिवगढ़ चौराहा व गांव भ्रमण के कार्यक्रम होंगे। आगामी सात अक्टूबर को परसरामपुर मंडल में पब्लिक इंटर कॉलेज चौकिया में एकत्रीकरण व बौद्धिक कार्यक्रम में पथ संचलन पूरे गांव में किया जाएगा। आगामी 12 अक्टूबर को नरेन्द्रपुर, गारवपुर व ढ़ेलहा मंडल में कार्यक्रम होगा। नरेंद्रपुर में संजीव पांडेय के संयोजन में पांडेयपुर स्थित श्री दामोदर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण होगा।

बौद्धिक के बाद पथ संचलन का कार्यक्रम मदनपुर चौराहा तक चलेगा। इसी समय गारवपुर में मिठाई लाल सरोज के संयोजन में दिन में 11 बजे से श्रीपाल सिंह स्मारक महिला महाविद्यालय गारवपुर में स्वयंसेवक इकट्ठा होंगे। पथ संचलन गारवपुर बाजार तक निकलेगा। ढ़ेलहा मंडल में दिन में दो बजे से सूबेदार महाविद्यालय में रामेन्द्र प्रताप सिंह के संयोजन में एकत्रीकरण व बौद्धिक के बाद समहुता गांव, दलित बस्ती तक पथ संचलन निकलेगा।

### पूर्ण गणवेशधारी आकर्षण का केंद्र

संघ ने शताब्दी वर्ष में मंडल स्तर पर पथ संचलन का कार्यक्रम तय किया है। इसके पहले तक खंड (ब्लॉक) व जिला स्तर पर ही ऐसे कार्यक्रम किये जाते रहे। गांव तक अपनी पहुँच बढ़ाने के लिए संघ ने पूर्ण गणवेशधारी स्वयंसेवक का पथ संचलन निकाले जाने की तैयारी कर रखी है। इसके लिए पुराने गणवेशधारी स्वयंसेवक के अलावा नए गणवेश के लिए हिन्दू परिवार से सम्पर्क किया जा रहा है। गणवेश धारी स्वयंसेवकों का पथ संचलन पहली बार गांव की गलियों में निकलने की योजना को मूर्त रूप प्रदान किया गया है।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

विश्ववार्ता संवाददाता

**कादीपुर-सुलतानपुर।** सृष्टि की शुरुआत से ही खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग रहे हैं। यह बात साहित्यकार एवं राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि ने कही। वे रविवार को देर शाम भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा कस्बे के जूनियर हाई स्कूल परिसर में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे।



उन्होंने कहा कि खेलकूद से तन और मन दोनों ही बलवान होते हैं। विशिष्ट अतिथि भाजपा के मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित हैं। अध्यक्षता कर रहे मेरा युवा भारत के जिला प्रभारी विनय मिश्रा ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं का मार्गदर्शन किया।

कड़े मुकाबले में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में फैसल एंड कंपनी विजेता रही, जबकि कादीपुर टीम उपविजेता बनी। कबड्डी प्रतियोगिता में जटौली टीम विजेता और हमजापुर टीम उपविजेता रही। 1600 मीटर दौड़ में राम अनुज प्रथम, राकेश द्वितीय और अभिषेक सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में सचिन ने पहला, राकेश ने दूसरा और शिवा ने तीसरा स्थान हासिल किया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।

## तालाब व घूर गड्ढे की जमीन पर कब्जे का आरोप

**सुलतानपुर।** सदर तहसील क्षेत्र के ब्रह्मजीतपुर निवासी भूमाफिया पर सरकारी जमीन पर कब्जा जमाने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित तुफैल अहमद ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर को लिखित प्रार्थना पत्र और आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत के अनुसार अज़मत उल्लाह पुत्र रहमत उल्लाह के नाम से गाटा संख्या 130 जी की तालाब की जमीन मछली पालन के लिए पट्टे पर दी गई थी, लेकिन आरोप है कि उन्होंने उस पर पक्का मकान खड़ा कर लिया। यही नहीं, गाटा संख्या 132 जो घूर गड्ढा के रूप में दर्ज है, उस पर भी कब्जा कर लिया गया है। इस पर कब्जे की पुष्टि राजस्व विभाग के लेखपाल की रिपोर्ट में भी की गई है। तुफैल अहमद ने बताया कि अज़मत उल्लाह दबंग प्रवृत्ति के हैं और क्षेत्र में उनका भय व्याप्त है। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी के सहयोगी आज़म पुत्र अख्तर, निवासी करौंदिया ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।

**सुरक्षा–व्यवस्था** शिकायतों का होगा त्वरित निस्तारण, सीसीटीवी से पूरी व्यवस्था पर नज़र

# दशहरा-दुर्गापूजा मेले पर रहेगी चाक-चौबंद निगरानी, नियंत्रण कक्ष का शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** नगर पालिका परिषद की ओर से दशहरा-दुर्गापूजा मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शाहगंज पुलिस चौकी के निकट बनाए गए मेला नियंत्रण कक्ष का सोमवार को शुभारंभ किया गया। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) राकेश सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर कैम्प कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर केंदीय पूजा व्यवस्था समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ₹बजरंगी₹, अमर बहादुर सिंह, सरदार बलदेव सिंह, चौकी इंचार्ज वंदना अग्रहरि, पालिका के सभासद, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अनिल द्विवेदी ने किया।




पालिकाध्यक्ष ने बताया कि यह कैम्प कार्यालय वर्ष 2009 से लगातार लगाया जा रहा है। इसमें सफाई, पेयजल, मार्ग प्रकाश और निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी दो पालियों में ड्यूटी देंगे। अधिकारी सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे और रात 7 बजे से मेला समाप्ति तक मौजूद रहेंगे। कैम्प कार्यालय पर आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।


अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्गापूजा मेला और विसर्जन के शांतिपूर्ण संचालन हेतु पूरी तैयारी कर ली गई है। पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही हर गतिविधि पर नज़र रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे और डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया गया है।

अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) राकेश सिंह ने कहा कि अन्य विभाग भी इसी नियंत्रण कक्ष के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग आपसी सौहार्द और नियमों का पालन करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करें।

इस मौके पर अधिशासी अधिकारी लालचन्द्र सरोज, सभासद रमेश सिंह 'टिन्नू', दिनेश चौरसिया, अरुण तिवारी, मोहम्मद जाहिद, अरशद हबीब, गिरीश मिश्र, अखिलेश मिश्र, देवानंद, संतोष चौधरी व मोहम्मद अहमद भाई सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### हाई कोर्ट के 24 जजों को शपथ




**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने शनिवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 24 नवनियुक्त न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने से पहले, इनमें से 10 इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उसकी लखनऊ पीठ में वकील थे। शेष 14 उच्च न्यायिक सेवाओं से संबंधित वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी थे। 26 सितंबर को, केंद्र सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 24 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंज़ूरी दी, जिनमें 10 अधिवक्ता और 14 न्यायिक अधिकारी शामिल हैं। यह नियुक्ति और शपथ ग्रहण समारोह सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश के एक महीने बाद हुआ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या अब 110 हो गई है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उसकी लखनऊ पीठ में न्यायाधीशों के स्वीकृत पद 160 हैं, इसलिए न्यायाधीशों के 50 पद रिक्त हैं।

### मर्डर कर दिया, रूम में है लाश है

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में एक शादी शुदा महिला ने अपने लिव इन प्रेमी को दर्दनाक मौत की सजा दी। घर के सिलवट्टे से सिर कुचलकर उसे मार दिया और खुद पुलिस को फोन कर जानकारी दी। घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात की है। मृतक की पहचान मुरारी कुमार के रूप में की गयी। पुलिस ने आरोपित महिला पूजा कुमारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी महिला मुरारी पर शादी का दबाव बना रही थी। पति को छोड़कर वह मुरारी के साथ पांच सालों से रहती थी। पहले पति से उसकी एक बेटी भी है। मुरारी कुमार सुल्तानपुर मोकामा का निवासी था और बैंगलुरु में चालक का काम करता था। वह पहले से शादीशुदा था। पूजा कुमारी मूलरूप से गौरीचक लखना खैरा गांव की रहने वाली हैं। दोनों के बीच पांच वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मुरारी लगातार शादी से इनकार कर रहा था, जबकि पूजा उससे विवाह करना चाहती थी। कंकड़बाग थानेदार ने बताया कि हत्या के अन्य बिन्दुओं की गहन जांच हो रही है। हत्या की रात दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।

### चिकन मांगने पर 7 साल के बेटे की हत्या

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के काशीपाड़ा में एक महिला ने चिकन मांगने पर अपने 7 साल के बेटे की बेलन से पीट-पीटकर हत्या कर दी। महिला ने बच्चे के सिर, सीने, पीठ और चेहरे पर कई हमले किए। महिला ने अपनी 10 साल की बेटी को भी पीटा। इससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। बच्चों की गंभीर हालत के बावजूद, महिला उन्हें अस्पताल नहीं ले गई। बेटे ने घर पर ही दम तोड़ दिया। चीखें सुनकर पड़ोसी एक पड़ोसी घर आया और देखा कि बेटा जमीन पर चादर से ढका हुआ पड़ा था। पूछताछ करने पर, मां ने दावा किया कि उसके बेटे की मौत पीलिया से हुई है। पड़ोसी को शक हुआ, उसने चादर उठाई तो उसकी छाती, पीठ और चेहरे पर कई चोटों के निशान देखे। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

### चटगांव हिल्स में फिर गोलीबारी, तीन की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के चटगांव हिल्स में दुर्गा पूजा के बीच एक बार फिर तनाव भड़क गया है। खगड़ाचरी जिले में एक आदिवासी स्कूली छात्रा से कथित सामूहिक रेप के विरोध में रविवार को 'जुम्मा स्टूडेंट जनता' के बैनर तले प्रदर्शन हुआ। दोपहर करीब 1 बजे गुईमारा क्षेत्र के रामेसु बाजार के पास प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हो गई, जिसमें गोलीबारी हुई और 3 लोगों की मौत व 10 लोग घायल हो गए। हिंसा के दौरान बाजार में आग लगा दी गई, जिससे कई दुकानें जलकर खाक हो गईं और आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। यह बाजार चिटगांव-खगड़ाचरी राजमार्ग से महज 100 गज की दूरी पर है। खगड़ाचरी अस्पताल की एक नर्स ने पुष्टि की कि तीन शव अस्पताल लाए गए, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मृतक सेटलर समुदाय से हैं या पहाड़ी अल्पसंख्यकों से। सेटलर वे लोग हैं जिन्हें समतल बांग्लादेश से सरकारी योजनाओं के तहत यहां बसाया गया, जबकि हिल माइनॉरिटी स्थानीय आदिवासी समुदाय जैसे चकमा, मरोमा और टिपरा हैं। दोनों के बीच दशकों से जमीन और पहचान को लेकर टकराव चलता रहा है।

### महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में बवाल, हाईवे जाम

**अहिल्यानगर।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सोमवार को सड़क पर रंगोली से 'आई लव मोहम्मद' लिखने को लेकर बवाल हो गया। मुस्लिम समुदाय ने प्रदर्शन करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजीनगर हाईवे जाम कर दिया। पुलिस जाम खुलवाने पहुंची तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को सड़क से हटाया। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने रंगोली बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खत्म कराने लगी तो भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को हटा दिया। SP सोनाथ घर्गे ने बताया कि पुलिस ने पथराव करने वाले करीब 30 लोगों को हिरासत में लिया है।

### संघ के शताब्दी वर्ष पर डाक टिकट जारी होगा

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। कार्यक्रम बुधवार को नई दिल्ली में होगा। 1925 में विजयादशमी के दिन स्थापित आरएसएस गुरुवार को अपने 100 वर्ष पूरे कर लेगा। मोदी ने रविवार को मन की बात में आरएसएस की निस्वार्थ सेवा और अनुशासन की प्रशंसा की थी और कहा था कि उसके स्वयंसेवकों के हर काम में हमेशा राष्ट्र प्रथम होता है।

### उम्रकैद की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में रेवन्ना की अर्जी

**बंगलुरु रेप** केस में उम्रकैद की सजा काट रहे कर्नाटक के पूर्व JDS सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने कर्नाटक हाईकोर्ट में अर्जी दायर कर निचली अदालत के फैसले को रद्द करने की मांग की है। 2 अगस्त को निचली अदालत ने प्रज्वल को रेप केस में उम्रकैद और 11.60 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

### भारत और भूटान के बीच चलेगी ट्रेन

**नयी दिल्ली।** भारत और भूटान के बीच ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पहला प्रोजोक्ट कोकराझार-गेलफू रेल लाइन है, जो असम के कोकराझार और चिरांग जिलों को भूटान के सारपांग जिले से जोड़ेगी। यह 69 किलोमीटर लंबी लाइन भूटान से पहली रेल कनेक्टिविटी होगी। इसमें 6 स्टेशन, 2 वायडक्ट, 2 महत्वपूर्ण पुल, 29 बड़े और 65 छोटे पुल, 2 गुड्स शेड, 1 रोड ओवर ब्रिज तथा 39 रेल अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 3,456 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इसे पूरा करने में 4 साल लगेंगे। दूसरा प्रोजेक्ट बनारहाट-सामत्से रेल लाइन है, जो पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले से भूटान के सामत्से तक 20 किलोमीटर लंबी होगी। इस पर 577 करोड़ रुपए की लागत आएगी और तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इसमें 2 स्टेशन, 1 बड़ा और 24 छोटे पुल, 1 रोड ओवरब्रिज तथा 37 रोड अंडरब्रिज शामिल हैं।

### बेंगलुरू में 9 करोड़ की ड्रग्स बरामद

बंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में 9.93 करोड़ कीमत का ड्रग्स बरामद किया गया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि ये बरामदगी पिछले 10 दिनों में अलग-अलग मामलों में हुई है। 2 विदेशियों समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।बरामद ड्रग्स में 3.858 किलोग्राम एमडीएमए क्रिस्टल, 41 ग्राम एक्स्टसी की गोलियां, 1.82 किलोग्राम हाइड्रो गांजा, 6 किलोग्राम गांजा, एक कार और टू-व्हीलर शामिल है।
आएगा।

### बोटाद में बस और ट्रक की टक्कर, 3 लोगों की मौत

बोटाद। गुजरात के बोटाद जिले में सोमवार सुबह एक लग्जरी बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बस में करीब 50 से 60 लोग सवार थे। ज्यादातर लोग बोटाद जिले के रानपुर तालुका के रहने वाले थे। सभी दो दिन के ट्रिप पर खोडलधाम कागवाड और वीरपुर गए थे। वापस लौटने के दौरान ये हादसा हुआ।

# पीएम के पंच प्रण ही विकसित भारत की आधारशिला

## एमपी, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ व उड़ीसा के जनजातीय प्रतिभागियों से सीएम ने किया संवाद

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत सोमवार को मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ व उड़ीसा के प्रतिभागियों से संवाद किया। यह पूरा कार्यक्रम 25 सितंबर से प्रारंभ हुआ है, जो पहली अक्टूबर तक चलेगा। सीएम ने उत्तर प्रदेश में युवाओं का स्वागत व अभिनंदन करते हुए अपील की कि आप सब देश की एकता और अखंडता के लिए अपने को तैयार करेंगे। सीएम ने मेहमान युवाओं को शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पीएम के पंच प्रण की चर्चा की और कहा कि यह विकसित भारत की आधारशिला बनेंगे। इस दौरान खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक भारत श्रेष्ठ भारत" अभियान का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि यह पहल न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच है, बल्कि देश की एकता, अखंडता और विविधता में निहित एकता की भावना को सशक्त करने का अवसर भी है। आज लखनऊ में देश भर के लगभग 200 नौजवान इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। इस कार्यक्रम के जरिए हमें पूरे देश को देखने, समझने और एक-दूसरे के साथ अपनी संस्कृति को साझा करने का अवसर भी प्राप्त होता है।



सोमवार को अपने सरकारी आवास 5- कालिदास मार्ग लखनऊ में 17वें जनजातीय युवा आदन-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के प्रतिभागियों से संवाद करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि भले ही हमारी बोली-भाषा में थोड़ा अंतर हो, लेकिन पूरे भारत की भाव-भंगिमा एक है। 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः', यह भाव अपनी धरती के प्रति हर भारतवासी के मन में हमेशा देखने को मिलता है। यह भाव संस्कृति, परंपरा में भी है। यही कारण है कि जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा था, तब धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने उस भाव को फिर से जागरूक करके विदेशी हुकूमत को भारत की धरती से भागने के लिए मजबूर किया था। यह वर्ष उनकी 150वीं जयंती वर्ष भी है और भारत के संविधान को लागू होने के अमृत महोत्सव वर्ष के साथ ही 17वां जनजातीय छात्रों के आदान-प्रदान कार्यक्रम आज लखनऊ में आयोजित हो रहा है। युवाओं को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों के सामने विकसित भारत का बड़ा विजन रखा है। भारत तब विकसित होगा, जब हर देशवासी के मन में विकसित होने का संकल्प होगा और वे इसे अपने जीवन का मंत्र बनाएंगे। कांदला, कालाहांडी, सिंहभूमि, गढ़चिरौली, कांकेर, नारायणपुर, बालाघाट हो या बीजापुर, जब यह सभी विकसित होंगे तो भारत विकसित होगा। जब देश विकसित होगा तो 140 करोड़ भारतवासियों की आशा और आकांक्षा के अनुरूप हमें विकास हर जगह देखने को मिलेगा।

सीएम ने पीएम मोदी के 'पंच प्रण' का जिक्र किया और कहा कि हर भारतवासी के मन में पंच प्रण आना चाहिए। हम भारत के सभी महापुरुषों, देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति श्रद्धा का भाव रखते हैं। हमारे मन में विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। नंबर दो पर प्रधानमंत्री जी ने कहा कि गुलामी की मानसिकता को त्यागना होगा। गुलामी की मानसिकता वह है, जो हम लोगों के मन में आती है कि साहब, हम नहीं कर पाएंगे। यह गलत है। हम कर सकते हैं, हम करेंगे, यह भाव हमारे मन में होना चाहिए। तीसरा-देश की सुरक्षा के लिए बलिदान देने के लिए सदैव तत्पर रहने वाली सेना, अर्धसेना, पुलिस के जवानों और उस यूनिफॉर्म के प्रति हर भारतीय के मन में सम्मान का भाव होना चाहिए।

### पीओके में प्रदर्शन, आर्मी काफिले पर पथराव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर के 3 बड़े शहरों में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी की अपील पर सोमवार को पूरे इलाके में दुकानें, बाजार और सड़कें बंद कर दी गईं।

लोकल लोग महंगाई, बेरोजगारी, और पाकिस्तानी सेना के ज्यादतियों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। सुरक्षा बलों के काफिले पर पथराव की घटनाएं भी सामने आई हैं। कोटली में शनिवार को निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सेना के खिलाफ- ₹हम तुम्हारी मौत हैं₹ जैसे नारे लगाए।

हजारों लोग कोटली, रावलकोट और मुजफ्फराबाद जैसे शहरों में आजादी और पाकिस्तानी सेना वापस जाओ जैसे नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनों को दबाने के लिए सरकार ने भारी सिक्योरिटी तैनात की है। एएसी के नेता शौकत नवाज मीर ने कहा- हम सिर्फ अपने हक मांग रहे हैं, जो 70 साल से हमें नहीं मिले। अब सरकार को हमें हमारे अधिकार देने होंगे।

# उत्तराखंड पेपर लीक कांड की होगी सीबीआई जांच

## धरनास्थल पर पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी, युवाओं के बीच की घोषणा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, पेपर लीक प्रकरण को लेकर युवाओं का धरना चल रहा है। सीएम पुष्कर सिंह धामी आज युवाओं के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सीबीआई जांच की संस्तुति की। पेपर लीक प्रकरण में बड़ा मोड़ आ गया है। आंदोलनरत युवाओं की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को धरनास्थल पर पहुंचकर सीबीआई जांच की संस्तुति की घोषणा की। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर भरोसा दिलाया कि पेपर लीक कांड में दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। परेड ग्राउंड में बीते 8 दिनों से धरना दे रहे युवाओं की मुख्य मांगों में से एक यह भी थी। अब सरकार ने सीबीआई जांच को मंजूरी देकर युवाओं को बड़ा राहत देने का प्रयास किया है।



धामी सरकार ने इससे पहले हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज यूसी ध्यानी की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने अब तक की जांच में पेपर लीक के मुख्य आरोपी खालिद और उसकी बहन साबिया को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय अगरौड़ा, टिहरी की असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन को भी संलिप्त पाया गया। उन पर आरोप है कि उन्होंने प्रश्नपत्र लीक होने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देने के बजाय बेरोजगार संघ के पदाधिकारियों तक पहुंचाई।

इसी प्रकरण में हरिद्वार परीक्षा केंद्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी, सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार और कांस्टेबल ब्रह्मदत्त जोशी को भी निलंबित किया गया है। एसआईटी की ओर से मामले की जांच लगातार जारी थी। हालांकि, इस बीच अब सरकार का बड़ा फैसला सामने आया है। 21 सितंबर को यूकेएसएसएससी की ओर से स्नातक स्तरीय पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा सुबह 11 बजे शुरू हुई, लेकिन केवल 35 मिनट बाद ही हरिद्वार जिले के लक्सर के बहादुरपुर जट गांव स्थित केंद्र से प्रश्नपत्र के तीन पन्ने सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इससे आयोग और अभ्यर्थियों में हड़कंप मच गया।

जांच में पाया गया कि आरोपी खालिद मलिक ने प्रश्नपत्र असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन को भेजे और फिर अपनी बहन साबिया को उत्तर जुटाने की जिम्मेदारी दी। इस नेटवर्क के उजागर होते ही कई अधिकारी और पुलिसकर्मी भी जांच के दायरे में आ गए।

पेपर लीक प्रकरण को लेकी पिछले कई दिनों से बेरोजगार युवा आंदोलनरत थे। उनकी मुख्य मांग थी कि पेपर लीक प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपी जाए और लीक हुई परीक्षा को रद्द किया जाए। सरकार ने अब सीबीआई जांच की मांग को स्वीकार कर लिया है। युवाओं का कहना है कि जब तक सीबीआई की जांच शुरू नहीं हो जाती और दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### बिहार में 'आई लव मोहम्मद' पर सियासी विवाद, मांझी गिरिराज के साथ

पटना। आई लव मोहम्मद स्लोगन और पोस्टरबाजी पर बिहार में सियासी घमासान जारी है। इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के साथ हम प्रमुख जीतनराम मांझी खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टर से सांप्रदायिकता की बू आ रही है। मांझी के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता ज्ञान रंजन ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बीजेपी को खुश करने के लिए मांझी ऐसी बात बोल रहे हैं ताकि कुछ ज्यादा सीट मिल जाए।

यूपी से चली आई लव मोहम्मद की हवा बिहार में भी जोर पकड़ रही है। ओवैसी के बयान पर बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने जवाब दिया तो तपिश और बढ़ गई है।अब जीतनराम मांझी भी गिरिराज सिंह के साथ खड़े दिख रहे हैं। गयाजी में पत्रकारों से बात करते हुए मांझी ने कहा कि यह ठीक नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि आई लव मोहम्मद की बात कही जा रही है उसमें कहीं न कहीं सांप्रदायिकता है। इसी के चलते विरोध हो रहा है। पूजा करना सबका अधिकार है। सांप्रदायिकता फैलाना गलत बात है।

# टैरिफ पर जयशंकर के प्लान से बौखला जाएंगे ट्रंप?

## अमेरिका के खिलाफ 1, 2, 3, 4, 5.... कितने देशों को लामबंद कर पायेगा भारत

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका के बीच टेंशन बना हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ब्रिक्स कभी पसंद नहीं आया। वह इस मंच को अमेरिकी प्रभुत्व के लिए चुनौती की तरह देखते हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का मिलना अमेरिका को जाहिर तौर पर रास नहीं आएगा, लेकिन ट्रंप की मौजूदा नीतियों और संरक्षणवाद को देखते हुए जरूरी है कि भारत विकल्पों की तलाश तेजी से करे।

इस बैठक में विस्तारित ब्रिक्स देशों के सहयोग को और गहराने पर जोर दिया गया। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि ब्रिक्स देशों को वैश्विक व्यापार व्यवस्था पर हो रहे दबाव और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। जयशंकर ने अपने बयान में अमेरिका का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि जब बहुपक्षीय व्यवस्था दबाव में है, तब ब्रिक्स ने हमेशा विवेकपूर्ण और सकारात्मक बदलाव की आवाज उठाई है।

ब्रिक्स में अब 10 देश हैं। मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका ने मिलकर इसका गठन किया



था। लेकिन 2024 में पांच नए सदस्य देश मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, और संयुक्त अरब अमीरात इससे जुड़ गए। इससे ब्रिक्स एक शक्ति के रूप में उभरकर सामने आया है। ट्रंप ब्राजील से भी खफा है जो ब्रिक्स का पहला सदस्य देश है। ब्राजील भी अमेरिका की नीतियों से परेशान है और टैरिफ से निपटने के रास्ते खोज रहा है।

बहरहाल, न्यूयॉर्क में ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका और दूसरे सदस्य देशों की मेजबानी भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की। उन्होंने अमेरिका का नाम नहीं लिया, लेकिन टैरिफ और संरक्षणवाद के रूप में उन्होंने मौजूदा वैश्विक व्यापार के सामने खड़ी जिन चुनौतियों का नाम लिया, वे सीधे तौर पर वॉशिंगटन से जुड़ती हैं। उन्होंने ब्रिक्स देशों से वैश्विक व्यापार प्रणाली की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

सवाल है टैरिफ की सबसे ज्यादा मार कौन झेल रहा है। इस समय ब्रिक्स की अध्यक्षता ब्राजील के पास है और अगले साल भारत को मिलनी है। ये दोनों ही देश अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ और पेनाल्टी का सामना कर रहे हैं। ब्राजील में ट्रंप वहां के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को सजा दिए जाने से नाराज हैं, तो भारत से उनके खफा होने की वजह रूसी तेल की खरीद है। वैसे यह संयोग नहीं कि ट्रंप की नीतियों ने अनुचित ढ ंग से ब्रिक्स के सदस्यों पर सबसे ज्यादा असर डाला है।

अब थोड़ा अर्थव्यवस्था का गणित समझ लेते हैं। वैश्विक जीडीपी में ब्रिक्स की हिस्सेदारी चालीस फीसदी है। दुनिया की आधी आबादी इन देशों में रहती है और विकास के मामले में इसने G7 को पीछे छोड़ दिया है। ये आंकड़े ट्रंप के लिए चिंताजनक साबित हो रहे हैं। उन्हें यह भी चिंता है कि ब्रिक्स के सदस्य देश जिस तरह एक-दूसरे के साथ व्यापार में अपनी मुद्रा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे डॉलर का दबदबा खत्म हो सकता है। हालांकि भारत का स्पष्ट कहना है कि यह मंच पश्चिम के विरोध का नहीं है और डॉलर की वैकल्पिक मुद्रा लाने की भी कोई योजना नहीं है।

# इलॉन मस्क की कंपनी एक्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को देगा चुनौती देगा

## लिखा-यह अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला कंटेंट ब्लॉक करने से जुड़ा है मामला

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** इलॉन मस्क की कंपनी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया आदेश पर गहरी चिंता जताई है। एक पोस्ट में एक्स ने लिखा है कि इस आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों को सीक्रेट ऑनलाइन पोर्टल सहयोग के जरिए मनमाने ढंग से कंटेंट हटाने के निर्देश जारी करने का अधिकार मिल गया है।

कंपनी ने कहा कि इस नई व्यवस्था का कानून में कोई आधार नहीं है। न ही आईटी एक्ट की धारा 69A के मुताबिक है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ है और भारतीयों की अभिव्यक्ति की आजादी जैसे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

मस्क की कंपनी ने साफ किया है कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अपील करेगी और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी। 24 सितंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्स की केंद्र सरकार के खिलाफ याचिका खारिज



कर दी थी। साथ ही कहा था कि विदेशी कंपनियां अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का दावा नहीं कर सकतीं। एक्स ने मार्च 2025 में भारत सरकार के खिलाफ याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि भारत सरकार के अफसर एक्स पर कंटेंट ब्लॉक कर रहे हैं, जो आईटी एक्ट की धारा 79(3)b का गलत इस्तेमाल है।

कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले से नहीं मिलता, जिसने सरकार की 'फैक्ट चेक यूनिट' को खारिज कर दिया था। हम इस विचार से भी सहमत नहीं था कि कोई विदेशी कंपनी अनुच्छेद 19(1)(ए) का सहारा नहीं ले सकती। हम इस दृष्टिकोण से भी असहमत हैं कि विदेश में हमारी संस्था होने के कारण हमें इन चिंताओं को भारत में उठाने का कोई अधिकार नहीं है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने कहा था-एक्स कॉर्प देश में फेसलेस होने के नाते, एक मध्यस्थ के रूप में काम कर रहा है। वह अनुच्छेद 19 के तहत देश के किसी भी कानून को चुनौती नहीं दे सकता है। इसकी मौजूदगी वहां नहीं है। यह सोशल मीडिया को नियंत्रित करने वाले कानूनों को चुनौती नहीं दे सकता। अगर यह देश में काम करना चाहता है, तो इसे कानूनों का पालन करना होगा, इतनी सी बात है। कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म देश के कानूनों से छूट नहीं ले सकता। भारतीय बाजारों को खेल के मैदान की तरह नहीं देखा जा सकता।

# यूक्रेन को अमेरिका देगा टॉमहॉक मिसाइल, रूस ने पूछा- दागेगा कौन?

## अमेरिका ने सभी नाटो देशों को ये मिसाइलें खरीदने की दी सलाह

**एजेंसी**

वाशिंगटन। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार को घोषणा की कि अमेरिका यूक्रेन के उस अनुरोध पर विचार कर रहा है, जिसमें लंबी दूरी की टॉमहॉक मिसाइलों की मांग की गई है ताकि रूस को पीछे धकेला जा सके। उन्होंने साफ किया कि अमेरिका का लक्ष्य है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य राष्ट्र ये टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें खरीदें और फिर उन्हें यूक्रेन को हस्तांतरित कर दें। फॉक्स न्यूज से बात करते हुए वेंस ने कहा कि हम कई यूरोपीय देशों के ऐसे प्रस्तावों पर गौर कर रहे हैं। जब उनसे यूक्रेन को मिसाइलें प्रदान करने के संभावित खतरों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही तय करेंगे कि अमेरिका के हितों के लिए क्या सही होगा। वेंस ने दोहराया कि अंतिम फैसला पूरी तरह से ट्रंप का होगा। दूसरी ओर रूस ने सवाल उठाया है कि इन मिसाइलों को कौन दागेगा?

वेंस ने आगे बताया कि ट्रंप प्रशासन अब यूरोप से अधिक जिम्मेदारी संभालने और अमेरिकी सहायता को सीमित रखने की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने रूस को संदेश दिया कि वह शांति वार्ता की मेज पर लौटकर गंभीरता से बातचीत करे। बता दें कि टॉमहॉक एक सबसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसकी रेंज 2500 किलोमीटर तक होती है। और इसका वॉरहेड 450 किलो तक है। यूरोप से लॉन्च होने पर यह मॉस्को के आसपास के इलाकों तक पहुंच सकती है। बता दें



कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र के दौरान ट्रंप से मुलाकात में इस मुद्दे पर चर्चा की थी, और ट्रंप ने जवाब दिया था कि वे इस पर काम करेंगे।

उधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी कि यदि पश्चिमी देश यूक्रेन को रूस के अंदर हमले करने योग्य मिसाइलों के लिए खुफिया जानकारी देते हैं, तो वे स्वयं को युद्ध में सीधे शामिल कर लेंगे। वेंस के बयानों पर क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि रूस इन बयानों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण कर रहा है। पेस्कोव ने सवाल किया कि इन मिसाइलों को कौन दागेगा? क्या केवल यूक्रेनी सैनिक या अमेरिकी सैनिकों को भी इसमें भाग लेना पड़ेगा?

पेस्कोव ने आगे कहा कि मिसाइलों के लक्ष्य निर्धारित करने का काम कौन करेगा- अमेरिकी पक्ष या यूक्रेन? उन्होंने जोर दिया कि इसकी गहन जांच आवश्यक है।

### किस जंग की तैयारी में जुट गया अमेरिका ?



**वाशिंगटन।** बीते दिनों अमेरिका के पास हथियारों की कमी की खबर सामने आने के बाद अब एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि अमेरिका इसे लेकर बेहद अलर्ट मोड में है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि पेंटागन ने कुछ अहम मिसाइलों के प्रोडक्शन को दोगुना, चौगुना करने के आदेश दे दिए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका चीन के साथ संभावित जंग को देखते हुए यह कदम उठा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के साथ संभावित भावी संघर्ष को देखते हुए पेंटागन अपने मिसाइल सप्लायर्स से उत्पादन दर को दोगुना, चौगुना करने की बातचीत कर रहा है। मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए बताया गया है कि सबसे ज्यादा मांग वाले महत्वपूर्ण हथियारों के उत्पादन में तेजी लाने के लिए पेंटागन के अधिकारियों ने कई उच्च स्तरीय बैठकें की हैं।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com